✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 227 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 13 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में राज्यस्तरीय पुलिस सम्मेलन का शुभारंभ करते सीएम नीतीश कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिमी चंपारण से शुरू होगी सीएम नीतीश की समृद्धि यात्रा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के पहले चरण का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री की पहले चरण की यात्रा 16 जनवरी को पश्चिमी चंपारण से शुरू होगी और 24 जनवरी को वैशाली में समाप्त होगी। इस क्रम में मुख्यमंत्री 17 जनवरी को पूर्वी चंपारण, 19 जनवरी को सीतामढ़ी व शिवहर, 20 जनवरी को गोपालगंज, 21 जनवरी को सीवान, 22 जनवरी को सारण, 23 जनवरी को मुजफ्फरपुर और 24 जनवरी को वैशाली में होंगे। समृद्धि यात्रा के तहत मुख्यमंत्री 18 फरवरी को औरंगाबाद तथा 20 फरवरी को रोहतास आयेंगे।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर लगाया पांच लाख का जुर्माना

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना हाईकोर्ट ने नाबालिग छात्र को जेल भेजने के मामले में कड़ा रुख अख्तियार करते हुए राज्य सरकार पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही 15 हजार रुपये बतौर मुकदमा खर्च देने का आदेश दिया। कोर्ट ने सरकार को जुर्माना राशि की वसूली दोषी अधिकारियों से करने की छूट दी है। कोर्ट ने 6 माह के भीतर जांच कर दोषी अधिकारियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का भी आदेश दिया है। न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद और न्यायमूर्ति रीतेश कुमार की खंडपीठ ने मामले में सुनवाई की।

### भोजपुरी स्टार रितेश पांडेय ने जन सुराज से दिया इस्तीफा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार और जन सुराज पार्टी से विधानसभा चुनाव लड़ने वाले रितेश पांडेय ने इस्तीफ़े का ऐलान कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए बताया कि उन्होंने पार्टी छोड़ दी है। टिकट मिलने और चुनाव लड़ने का मौका देने के लिए उन्होंने प्रशांत किशोर और पार्टी का आभार जताया है। रितेश पांडेय ने कहा कि उन्होंने जन सुराज पार्टी से जुड़कर बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ा। हालांकि परिणाम उनके पक्ष में नहीं रहा लेकिन फिर भी उनको इसका अफसोस नहीं है। उन्होंने ईमानदारी से अपना काम किया और आगे भी इसे जारी रखेंगे।

### बिहार कैबिनेट की बैठक आज

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नए साल की शुरुआत में महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहे हैं। राज्य सरकार की पहली कैबिनेट बैठक 13 जनवरी मंगलवार को सुबह 11 बजे मुख्य सचिवालय के कैबिनेट हॉल में होगी। कैबिनेट सचिवालय विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित सभी कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। यह बैठक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा से ठीक तीन दिन पहले हो रही है, जो 16 जनवरी से शुरू होगी।

मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया दो दिवसीय राज्यस्तरीय पुलिस सम्मेलन का शुभारंभ

# कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका : नीतीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजधानी पटना में सरदार पटेल भवन स्थित बिहार पुलिस ऑडिटोरियम में सोमवार को दो दिवसीय राज्यस्तरीय पुलिस सम्मेलन 2026 का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मद्य निषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो तथा पृथक साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है। बिहार में कानून का राज है। मुझे आप सभी पुलिस पदाधिकारियों से उम्मीद है कि आप सब ईमानदारी के साथ पूरी तत्परता एवं कड़ाई से अपराध नियंत्रण के लिये काम करेंगे। कार्यक्रम में अपर पुलिस महानिदेधक (आधुनिकीकरण) सुधांशु कुमार ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न एवं पौधा भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के समक्ष बिहार पुलिस के कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के पूर्व सरदार पटेल भवन स्थित जीविका दीदी की रसोई का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, गृह विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक स्तर के पदाधिकारी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# सरकार ने 1.16 करोड़ लाभुकों के खाते में भेजी पेंशन राशि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नीतीश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत लाभुकों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने राज्य के 1 करोड़ 16 लाख 4 हजार 685 पेंशनधारियों के बैंक खातों में बढ़ी हुई पेंशन राशि 1100 रुपये प्रतिमाह की दर से दिसंबर 2025 के लिए जारी कर दी है। इस मद में कुल 1289 करोड़ 04 लाख 22 हजार 900 रुपये की राशि सीधे लाभुकों के खातों में भेजी गई है। सोमवार को समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पूरी राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से लाभुकों के बैंक खातों में अंतरित की गई है, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और किसी प्रकार की बिचौलिया व्यवस्था खत्म हो सके। सरकार के इस कदम से राज्य के बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगजनों को बड़ी आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। समाज कल्याण विभाग के अनुसार राज्य सरकार सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के माध्यम से कुल छह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का संचालन कर रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य वृद्धजन, विधवा महिलाएं और दिव्यांग व्यक्तियों को नियमित मासिक आर्थिक सहायता प्रदान कर सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है। बढ़ी हुई पेंशन राशि से लाभुकों को दैनिक जरूरतों, दवा-इलाज और जीवन यापन में सहायता मिलेगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सरकार सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। पेंशन वितरण में तकनीकी सुधार किए गए हैं ताकि समय पर और सही लाभुक तक राशि पहुंचे। डीबीटी प्रणाली के जरिए भुगतान होने से गड़बड़ियों की संभावना भी काफी हद तक कम हुई है। आपको बता दें जून 2025 से सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को मिलनेवाली पेंशन राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये प्रति माह कर दी गई थी।

# गोह विधानसभा चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका स्वीकार

## हाई कोर्ट ने राजद उम्मीदवार को भेजा नोटिस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने गोह विधानसभा क्षेत्र के चुनाव परिणाम को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने इसे सुनवाई योग्य मानते हुए स्वीकार कर लिया है। न्यायाधीश एस. बी. पी. सिंह की एकलपीठ ने इस मामले में राजद के विजयी उम्मीदवार अमरेंद्र कुशवाहा समेत अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। यह चुनाव याचिका गोह विधानसभा क्षेत्र से चुनाव में पराजित भाजपा प्रत्याशी डॉ. रणविजय सिंह द्वारा दायर की गई है। याचिकाकर्ता ने वर्ष 2025 में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम को चुनौती देते हुए गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि गोह विधानसभा सीट के लिए 11 नवंबर 2025 को मतदान हुआ था जबकि मतगणना के बाद 14 नवंबर 2025 को परिणाम घोषित किया गया। परिणाम के अनुसार राजद प्रत्याशी अमरेंद्र सिंह को 93,624 मत जबकि भाजपा प्रत्याशी डॉ. रणविजय सिंह को 89,583 मत मिले। इस प्रकार डॉ. रणविजय सिंह मात्र 4,041 मतों के अंतर से पराजित घोषित किए गए। याचिकाकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता निवेदिता निर्विकार ने अदालत को बताया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान नामांकन से लेकर मतदान और मतगणना तक कई स्तरों पर गंभीर अनियमितताएं हुईं। अदालत को यह भी बताया गया कि इन अनियमितताओं के संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों को अभ्यावेदन दिया गया था, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 24 फरवरी 2026 की तिथि निर्धारित की है।

# बिहार में बंद उद्योगों को किया जाएगा चालू : दिलीप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में बंद उद्योग को पुनर्जीवित किया जाएगा। बिहार के निवेशकों को बंद फैक्ट्री को चालू करने के लिए सरकार लोन पैकेज देगी। इसके अलावा, बियाडा के अंदर औद्योगिक जमीन बढ़ाने को लेकर बिहार के सभी जिलों में लैंड बैंक स्थापित होगा और इसके लिए 26 हजार करोड़ रूपये खर्च कर सरकार जमीन अधिग्रहण का काम करेगी जहां उद्योग और परियोजनाओं को लाया जाएगा। यह बात बिहार सरकार के उद्योग एवं पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने सोमवार को फारबिसगंज स्थित एक निजी होटल में प्रेस वार्ता में कही। मंत्री. डॉ. जायसवाल ने कहा कि बिहार के कई जिलों में इंडस्ट्रियल पार्क निर्माण के साथ ही सीमेंट की दो फैक्ट्री, कैंपा कोला और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के कार्य का फैक्ट्री लगने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को कैबिनेट की होने वाली बैठक में उद्योग विभाग ऐसे प्रस्ताव पर मुहर लगाने जा रहा है। उन्होंने बताया कि उन्हें उद्योग और पथ निर्माण विभाग की बड़ी जिम्मेवारी सरकार में सौंपी है और विकसित बिहार के तहत दोनों विभागों की जिम्मेवारी का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करने की दिशा में प्रयासरत हैं। आने वाले समय में बिहार में सड़कों का जाल बिछेगा। मास्टर रोड मैप का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा, बिहार में पांच एक्सप्रेस हाईवे का निर्माण मुंबई पुणे-एक्सप्रेस हाईवे की तर्ज पर होगा। मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि जिलों में सड़क पहले की आबादी के हिसाब से बनी है और अब बढ़ी आबादी के अनुसार सड़कों का चौड़ीकरण होगा। इसके अलावा रोड मेंटेनेंस पढलिसी फरवरी मार्च महीना में लाया जाएगा। जिसके तहत सड़क में गड्ढा या क्षति होने पर चौक चौराहों पर मोबाइल नंबर टंगा होगा और गड्ढा या क्षति का फोटो भेजने पर रोड एम्बुलेंस के माध्यम से उनकी त्वरित मरम्मती कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि मरीजों के इलाज की तर्ज पर सड़क के इलाज के लिए रोड एम्बुलेंस काम करेगा। उन्होंने बिहार में पुल-पुलिया के निर्माण कार्य होने के साथ ही उसकी गुणवत्ता की जांच के लिए सभी विधायकों को पत्र लिखने की जानकारी दी। मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने बताया कि इंडी गठबंधन वाले मनरेगा के नाम पर जी राम जी को जाति धर्म से जोड़ रहे हैं, जबकि यह गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन का शॉर्ट रूप है। सौ दिन के बदले 125 दिनों की रोजगार की गारंटी इसमें होगी और दो माह का गैप खेती या बुआई के समय होगा।इसके अलावा जी राम जी में मिट्टी के कार्य के अलावा पक्का इन्फ्रास्ट्रक्चर का भी निर्माण किया जा सकेगा। पंचायत राज के प्रतिनिधियों को मिट्टी के कार्य के साथ ही पक्का स्ट्रक्चर का काम करने का मौका मिलेगा।



# बालू लदे ट्रैक्टर ने दो शिक्षकों को रौंदा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में दो बीपीएससी शिक्षकों की बाइक को बालू लदे ट्रैक्टर ने रौंद दिया। हादसे में कुंदन प्रभात की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनके साथी आलोक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों शिक्षक नवादा शहर के निवासी थे और एक ही बाइक से मेसकौर प्रखंड के परोरिया गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में ड्यूटी पर जा रहे थे। कुंदन प्रभात और आलोक कुमार प्रतिदिन की तरह सुबह जल्दी निकले थे क्योंकि विभागीय आदेश के अनुसार शिक्षकों को विद्यालय में 9:30 बजे तक पहुंचकर हाजिरी दर्ज कराना अनिवार्य है। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे कुंदन प्रभात की मौके पर ही मौत हो गई। घायल आलोक कुमार को स्थानीय लोगों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इस हादसे से नवादा के शिक्षक समुदाय में गहरा शोक छा गया है। शिक्षकों ने मृतक कुंदन प्रभात के परिजनों को उचित आर्थिक मुआवजा, सरकारी नौकरी और अन्य राहत की मांग की है। साथ ही घायल आलोक कुमार के इलाज का खर्चा विभाग द्वारा वहन करने की मांग भी उठाई जा रही है। हिसुआ थाने के एसआई परदेशी कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया। ट्रैक्टर चालक की तलाश जारी है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के कारण हादसे होते रहते हैं, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।

### महिला की हत्या

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जानीपुर थाना क्षेत्र के मुरादपुर में महिला की गोली मारकर हत्या करने से सनसनी फैल गई है। इस वारदात के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि महिला यहां एक होटल संचालक की पत्नी थीं। महिला की लाश पति के होटल के पीछे महज 500 मीटर की दूरी पर मिली है। महिला की पहचान जहानाबाद की रहने वाली 40 साल की माला देवी के तौर पर हुई है।

# राजस्व कर्मचारी घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** निगरानी विभाग की टीम ने छौड़दानो प्रखंड के भेलवा पंचायत में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी सोनू कुमार को पांच हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार भेलवा पंचायत के एक किसान ने अपनी जमीन के दाखिल-खारिज के लिए राजस्व कर्मचारी सोनू कुमार से संपर्क किया था। आरोप है कि दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूरी करने के बदले कर्मचारी ने किसान से अवैध रूप से पैसों की मांग की। जब किसान ने पैसे देने से इनकार किया तो कर्मचारी ने उसका आवेदन रद्द करने की धमकी दी। मजबूर होकर किसान ने घूस देने की सहमति जताई लेकिन साथ ही उसने निगरानी विभाग में इस पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज करा दी। शिकायत मिलने के बाद निगरानी टीम ने मामले की गोपनीय जांच की जिसमें आरोपों को सही पाया गया। इसके बाद एक योजना बनाई गई और घूस की राशि तय की गई। योजना के अनुसार राजस्व कर्मचारी सोनू कुमार ने किसान को छौड़ादानो रेलवे स्टेशन पर बुलाया। जैसे ही किसान ने उसे घूस की रकम सौंपी और कर्मचारी ने पैसे अपने पास रखे, पहले से घात लगाए निगरानी टीम के सदस्यों ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। मौके पर हुई इस कार्रवाई से आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

# ससुर ने दामाद को मारी गोली

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के बंगरा गांव में ऑनर किलिंग की एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बेटी की लव मैरिज से नाराज पिता ने कथित तौर पर घर में घुसकर अपने दामाद की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान आयुष कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रविवार देर रात अचानक कुछ लोग आयुष के घर में घुस आए और उस पर गोली चला दी। गोली लगते ही आयुष गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। परिजन उसे बचाने की कोशिश करते इससे पहले ही उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# दरभंगा राज परिवार की अंतिम महारानी का निधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** दरभंगा राज परिवार की अंतिम महारानी कामसुंदरी देवी का निधन हो गया। वे लगभग 96 वर्ष की थीं और कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। दरभंगा महाराज कामेश्वर सिंह की तीसरी पत्नी और अंतिम महारानी कामसुंदरी देवी के निधन से पूरे मिथिला क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। महारानी कामसुंदरी देवी, महाराजा कामेश्वर सिंह की तीसरी और अंतिम पत्नी थीं। महाराजा कामेश्वर सिंह से उनकी शादी 1940 के दशक में हुई थी। महारानी कामसुंदरी देवी से पहले महाराजा की दो पत्नियां थीं, महारानी राजलक्ष्मी और महारानी कामेश्वरी प्रिया, जिनका निधन पहले ही हो चुका है। कामसुंदरी देवी ने महाराजा कामेश्वर सिंह की स्मृति में महाराजाधिराज कामेश्वर सिंह कल्याणी फाउंडेशन की स्थापना की थी। अंतिम महारानी के निधन पर युवराज कपिलेश्वर सिंह ने दुख व्यक्त किया और कहा कि हमने अपनी दादी को खो दिया है।



महारानी कामसुंदरी देवी (फाइल फोटो)

# बिहार पंचायत चुनाव में बदलेगा आरक्षण रोस्टर : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के आगामी पंचायत चुनाव में आरक्षण रोस्टर में बदलाव किया जाएगा लेकिन परिसीमन में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। यह जानकारी पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने सोमवार को मधुबनी परिसदन में एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। मंत्री ने बताया कि जिन क्षेत्रों को नगर निगम या नगर परिषद में शामिल किया गया है, वहां छोटे-मोटे बदलाव किए जाएंगे। उन्होंने पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक के बाद मीडिया को संबोधित किया। मधुबनी जिले में 57,200 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें से लगभग 34,000 लाइटें लगाई जा चुकी हैं। शेष बची लाइटों को मार्च तक लगाने का निर्देश दिया गया है। सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना के तहत सभी पंचायतों में विवाह मंडप का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। सभी पंचायतों को जमीन चिह्नित कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मधुबनी जिले में 20 पंचायतों ने जमीन चयन की रिपोर्ट भेजी थी। इनमें से 11 पंचायतों में निर्माण की स्वीकृति भी मिल गई है। मंत्री ने पंचायतों में निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवनों के कार्यों की भी समीक्षा की और कई जगहों पर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच की गई। उन्होंने यह भी बताया कि पंचायती राज जनप्रतिनिधियों के मानदेय में समय-समय पर वृद्धि होती रही है और भविष्य में भी इसमें बढ़ोतरी की जाएगी। मनरेगा का नाम बदलकर 'जी राम जी' करने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बदलाव 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर किया गया है। उन्होंने कहा कि 'जी राम जी' में और अपडेट किए जाएंगे, जिसमें बायोमेट्रिक और जियो-टैग की व्यवस्था भी शामिल होगी ताकि भ्रष्टाचार को रोका जा सके। कार्यक्रम में पार्टी के विधायकों की अनुपस्थिति के सवाल को टालते हुए उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों की अपनी व्यस्तता होती है।



# मेडिकल कॉलेजों में 1445 जूनियर डॉक्टरों की जल्द होगी नियुक्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों में जूनियर डॉक्टरों को तैनात करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। फिलहाल अस्पतालों में कुल 1445 जूनियर रेजिडेंट चिकित्सक नियुक्ति किए जाएंगे। नियुक्ति के लिए पैनल तैयार करने की जिम्मेदारी बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद को सौंपी गई है। पैनल की अनुशंसा प्राप्त होते ही स्वास्थ्य विभाग नियुक्ति की औपचारिक कार्रवाई पूरी करेगा। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, जूनियर रेजिडेंट के पदों पर चयनित चिकित्सकों की नियुक्ति एक वर्ष के टेन्योर के लिए होगी। तैनातियां राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में की जाएंगी। इस पद के लिए वही अभ्यर्थी पात्र होंगे, जिन्होंने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से मान्यता प्राप्त मेडिकल कालेज से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की हो। बिहार स्वास्थ्य सेवा संवर्ग में पहले से कार्यरत नियमित चिकित्सकों को इस नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। सरकार ने नियुक्ति नियमों में दिव्यांग अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। जूनियर रेजिडेंट पद के लिए अधिकतम आयु सीमा में दिव्यांग उम्मीदवारों को 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट देने का प्रविधान किया गया है। चयनित जूनियर रेजिडेंट चिकित्सकों को प्रतिमाह 65 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने पैनल निर्माण से संबंधित विवरण-पुस्तिका का प्रारूप तैयार कर लिया गया है।

C M Y K

# स्वामी विवेकानंद के भाषणों से प्रेरणा ले युवा पीढ़ी : राज्यपाल

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के विश्व गुरु बनने का स्वामी विवेकानंद का सपना हो रहा पूराः सम्राट चौधरी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का शिकागो में धर्म संसद के आयोजन की परीक्षा में आयोजित कार्यक्रम देश को एक अलग पहचान दिया था इसी कार्यक्रम के बाद स्वामी जी घर-घर तक पहुंच गए थे। स्वामी जी ने दुनिया की सबसे प्राचीनतम परंपरा की ओर से शिकागो में धन्यवाद दिया था। स्वामी जी के भाषणों से देश के युवा वर्ग को प्रेरणा लेनी चाहिए। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सोमवार को बिहार राज्य धार्मिक पर्षद की ओर से स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित आध्यात्मिक दिवस कार्यक्रम में बतौर उद्घाटनकर्ता संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा में दुनिया को सहनशीलता के साथ सार्वभौमिकता भी सिखाया है हम सभी मान्यताओं में विश्वास करते हैं। भारत उन लोगों की शरणस्थली है जो कहीं न कहीं से उत्पीड़न से शिकार होकर हमसे शरण मांगने आते हैं। चाहे यहूदी हों या पारसी या कोई अन्य धर्म के लोग हो हमने सबका सत्कार किया है। उन्होंने कहा स्वामी जी जीवन के उद्देश्य के बारे में रहते थे कि जीवन का उद्देश्य है ज्ञान की प्राप्ति और ज्ञान का उद्देश्य है अपने अंदर उसे योग्यता को विकसित करना जो विविधता के पीछे एकता और सर्वजनिकता का भेद बताता हो स्वामी जी के लिए कोई विदेशी नहीं था वह सबको अपना मानते थे। इस मौके पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सम्राट चौधरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वामी विवेकानंद के उसे सपने को साकार कर रहे हैं जिसमें उन्होंने भारत को विश्व गुरु होने की बात कही थी। इस मौके पर सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार देश में सबसे युवा प्रदेश है यहां के 50% आबादी 45 वर्ष से कम उम्र के छात्र-छात्राओं की है। इस देश का इतिहास हमारा है और हमने ही मगध की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि जब हम पहली बार सदन में आए थे तो मात्र 6000 करोड़ का बजट है और आज हमारा बजट 24 25 में 317000 करोड़ का है जो झारखंड के बजट से भी ज्यादा है। अगले 5 साल में हम लोग एक करोड़ युवा को रोजगार देंगे जिसके लिए नया युवा कौशल मंत्रालय कम कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बिहार राज्य धार्मिक पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रोफेसर रणवीर नंदन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद देश के उन हस्तियों में शामिल थे जिन्होंने भारतीय दर्शन को विश्व स्तर पर स्थापित किया था और आज भारत दुनिया के बड़े देशों में शामिल होकर ज्ञान की डंका बज रहा है स्वामी विवेकानंद की जीवनी पढ़कर हमारे युवा ताकतवर एवं ज्ञानवान होंगे किसी को देखते हुए स्वामी विवेकानंद की जयंती को बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद आध्यात्मिक दिवस के रूप में मना रहा है।

## पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 के अंतर्गत कौशल विकास केंद्र में पंचम बैच का शुभारंभ




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बांका।** पावरग्रिड द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत बांका स्थित कौशल विकास केंद्र में पंचम बैच का शुभारंभ किया गया। इस तीन महीने के ट्रेनिंग में प्रशिक्षुओं को टावर स्ट्रिंगिंग एवं एरेक्सन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। बता दें कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को विद्युत पारेषण क्षेत्र में उनकी दक्षता और रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। पांचवें बैच के प्रारंभ होने के साथ-साथ कौशल विकास केंद्र बांका के भी एक वर्ष पूरे हुए एवं इस दौरान 4 बैच में 200 प्रशिक्षुओं ने यहां सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# पटना बनेगा देश का मेडिकल हब, एपिकॉन 2026 में जुटेंगे 10 हजार चिकित्सक

## 29 जनवरी से 1 फरवरी तक चलेगा एपिकॉन 2026, एक हजार से अधिक विशेषज्ञ देंगे व्याख्यान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन एपिकॉन 2026 का आयोजन आगामी 29 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर, पटना में किया जाएगा। यह जानकारी एपिकॉन 2026 के आयोजन सचिव डॉ. (प्रो.) कमलेश तिवारी ने दिया। डॉ तिवारी ने बताया कि लगभग दो दशकों के लंबे अंतराल के बाद बिहार को इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन की मेजबानी का अवसर प्राप्त हो रहा है जिसे राज्य के चिकित्सा, शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। इस चार दिवसीय भव्य आयोजन में देशभर से लगभग 10,000 चिकित्सक प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। सम्मेलन के दौरान चिकित्सा विज्ञान से जुड़े नवीनतम शोध, आधुनिक उपचार पद्धतियों, तकनीकी नवाचारों तथा जनस्वास्थ्य से संबंधित समसामयिक विषयों पर गहन वैज्ञानिक विचार-विमर्श किया जाएगा। एपिकॉन 2026 का उद्देश्य चिकित्सकों को एक साझा मंच प्रदान करना है जहां वे अपने अनुभव, शोध एवं ज्ञान का आदान-प्रदान कर सकें। इसके साथ ही इस सम्मेलन के माध्यम से आम जनता तक स्वास्थ्य जागरूकता, रोगों की रोकथाम तथा बेहतर जीवनशैली से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाने का भी प्रयास किया जाएगा। दो दशकों बाद बिहार में इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन के आयोजन से राज्य की चिकित्सा सेवाओं, शैक्षणिक संस्थानों एवं स्वास्थ्य अवसंरचना को राष्ट्रीय पहचान मिलने की उम्मीद है। सम्मेलन के प्रथम दिन पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में विभिन्न विषयों पर विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। वहीं ज्ञान भवन, पटना के 9 हॉल में सीएमई (कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन) कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में विशेषज्ञ सत्र, पैनल चर्चा, प्रश्नोत्तर सत्र एवं राउंड टेबल डिस्कशन शामिल रहेंगे। ज्ञान भवन एवं बापू सभागार, पटना के 9 हॉल में मुख्य वैज्ञानिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, रूमेटोलॉजी, जेरियाट्रिक मेडिसिन, हीमैटोलॉजी, संक्रामक रोग सहित अनेक महत्वपूर्ण चिकित्सा विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं चर्चा होगी। इस सम्मेलन में देश-विदेश से 1000 से अधिक वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य भाग लेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। प्रमुख वक्ताओं में डॉ. देवी शेट्टी (बेंगलुरु), डॉ. नागेश्वर रेड्डी (हैदराबाद), डॉ. वी. मोहन (चेन्नई), डॉ. शशांक आर. जोशी (मुंबई) एवं डॉ. दीपक तलवार (नई दिल्ली) जैसे प्रख्यात चिकित्सक शामिल हैं। एपिकॉन 2026 का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मंगल पांडेय, कैबिनेट मंत्री डॉ. विजय चौधरी एवं डॉ. विजयलक्ष्मी सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति प्रस्तावित है।

# कोल इंडिया के अधिकारियों ने स्वामी विवेकानंद को किया याद



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** कोल इंडिया ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और भारत के महानतम दूरदर्शी व्यक्तित्वों में से एक के जीवन और विरासत को याद किया। कोल इंडिया के अध्यक्ष बी. साईराम, मानव संसाधन निदेशक डॉ. विनय रंजन, सीवीओ बी.के. त्रिपाठी और कोल इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनके चिरस्थायी आदर्शों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कोल इंडिया के अधिकारियों ने कहा कि न्याय, गरिमा और सामाजिक सशक्तिकरण पर स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं संगठन का मार्गदर्शन और प्रेरणा देती रहती है। मानवता की सेवा का उनका दृष्टिकोण कोल इंडिया की सत्यनिष्ठा, साहस और जिम्मेदार राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करता है, क्योंकि यह समाज की प्रगति और कल्याण में सार्थक योगदान देने का प्रयास करता है।

# डॉ. साजन बिहार रत्न अवार्ड से सम्मानित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** साजन क्लिनिक, बंगाली अखाड़ा मोड़, बारी पथ, पटना के निदेशक डॉ. साजन गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ को बिहार के प्रतिष्ठित संगठन बिहार युवा कल्याण परिषद् ने रविवार को कंकड़बाग कॉलोनी मोड़ स्थित एक प्रसिद्ध हॉल में प्रतिष्ठित बिहार रत्न अवार्ड से सम्मानित किया। यह अवार्ड उन्हें परिषद् के अध्यक्ष विश्व मोहन चौधरी संत के हाथों प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश उपेन्द्र प्रसाद थे। अतिथियों का स्वागत रविरंजन ने किया। इस अवसर पर विश्व मोहन चौधरी संत ने कहा कि डा. साजन ने कम उम्र में ही जो ख्याति अर्जित की है। उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि साजन क्लिनिक मेडिकल के क्षेत्र में एक जाना पहचाना नाम बन चुका है। डॉ. साजन एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक दोनों पद्धति से मरीजों का इलाज करते हैं। इस अवसर पर डॉ. साजन ने कहा कि हर अवार्ड अपने आप में महत्वपूर्ण होता है जो आपको जीवन में कुछ नया करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आगे कहा कि उनका मकसद पैसा कमाना नहीं बल्कि पीड़ित मानवता की सेवा करना है। उन्होंने आगे कहा कि यह अवार्ड पाकर मैं बेहद प्रसन्न हूं। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राजीव रंजन, विनोद पंडित, आलोक चोपड़ा, संजय तिवारी, धर्मवीर सिंह, अंजन कुमार, उमेश कुमार, शबनम प्रवीण, रोहित कुमार एवं बिहार नागरिक परिषद् के महासचिव अरविन्द कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह समेत सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# वित्तीय साक्षरता जरूरी : उषा विद्यार्थी




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दानापुर।** अर्थशास्त्र विभाग, महिला कॉलेज खगौल तथा सेंटर फॉर इन्वेस्टमेंट एजुकेशन एंड लर्निंग, सेबी अप्रूव्ड संस्था के संयुक्त तत्वावधान में बीइंग ए सुपर वुमन विषय के तहत बिल्डिंग फाइनेंशियल अवेयरनेस फॉर द सुपर वुमन इन यू शीर्षक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आदित्यनाथ झा ने उक्त विषय पर महिलाओं को वित्त प्रबंधन के प्रति जागरूक होने हेतु प्रस्तुतीकरण देते हुए प्रशिक्षित किया। वित्त प्रबंधन में वारेन बुफेट के उदाहरण को दिया एवं उनके कथन बचत के बाद खर्च को प्राथमिकता देना ना कि खर्च के बाद बचत को करना से प्रेरित किया वित्त को समय प्रबंधन और लक्ष्य निर्धारित कर इन्वेस्ट करने की जानकारी दी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर उषा विद्यार्थी ने युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद को स्मरण करते हुए आत्मनिर्भरता के लिए आर्थिक स्वावलंबन को भी आवश्यक बताया एवं छात्राओं को अपने उद्बोधन में सशक्त बनने एवं व्यवस्थित बचत करने हेतु प्रेरित किया।

# भूजल के सतत विकास, निगरानी, गुणवत्ता प्रबंधन तकनीकों पर दिया जाएगा व्यापक प्रशिक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना में आज से तीन दिवसीय टियर-I प्रशिक्षण कार्यक्रम 'सतत विकास एवं भूजल संसाधनों का प्रबंधन' का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 12 से 14 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा जिसमें भूजल के सतत विकास, निगरानी, गुणवत्ता प्रबंधन और विभिन्न प्रबंधन तकनीकों पर व्यापक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक, केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जल जीवन का आधार है और भूजल, जो पीने के पानी, कृषि और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, उसका सतत प्रबंधन हमारी साझा जिम्मेदारी है। उद्घाटन सत्र में विशेष अतिथि के रूप में अनिल कुमार, विभागाध्यक्ष, भूविज्ञान विभाग, पटना विश्वविद्यालय उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भूजल का न्यायोचित उपयोग किया जाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियां इस महत्वपूर्ण संसाधन से वंचित न रहें। इसके लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। डेविड चतुर्वेदी, निदेशक, जल जीवन मिशन, पीएचईडी, बिहार सरकार ने कहा कि सतत विकास और भूजल संसाधनों के प्रबंधन के लिए नवीनतम और अद्यतन जानकारी का होना अनिवार्य है। श्री राम प्रवेश सिंह, मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार ने कहा कि छोटे-छोटे कदम भी भूजल संरक्षण में काफी लाभकारी साबित होते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एमडब्लूआरडी पीएचइडी, पटना साइंस कॉलेज, टीपीएस कॉलेज, उद्योग निदेशालय, कृषि विभाग, शहरी विकास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, केंद्रीय विश्वविद्यालय कर्नाटक और नारी गुंजन सहित कई प्रतिष्ठित संस्थाओं के अधिकारी और प्रतिभागी उपस्थित हैं।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर टीचर्स ऑफ बिहार ने आयोजित की ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन, दर्शन एवं विचारों पर आधारित एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस क्विज का उद्देश्य युवाओं, छात्रों एवं शिक्षकों को स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक विचारों से जोड़ना तथा उनमें सकारात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण की भावना का विकास करना रहा। इस अवसर पर टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिव कुमार एवं टेक्निकल टीम लीडर ई. शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने संयुक्त रूप से कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। ऐसे शैक्षणिक एवं प्रेरणादायक आयोजनों के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूती मिलती है। वहीं क्विज क्रिएटर सह प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस ऑनलाइन क्विज में कुल 20 प्रश्न पूछे गए जिसमें प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित था। प्रतिभागियों को क्विज पूरा करने के लिए 10 मिनट का समय दिया गया। क्विज को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले सभी प्रतिभागियों को डिजिटल सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि यह क्विज पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया जिसमें शिक्षक, छात्र एवं सभी युवा वर्ग के लोग भाग लिए। यह पहल ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहा। टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिव कुमार ने राज्य के सभी शिक्षकों, छात्रों एवं युवा मित्रों को इस राष्ट्रीय युवा दिवस क्विज में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और इसे अधिक से अधिक साझा करने तथा स्वामी विवेकानंद के विचार समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बी. डी. कॉलेज, पटना की एनसीसी इकाई ने प्राप्त किया प्रथम पुरस्कार




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी एवं बीडी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में बापू टावर में स्किट प्रतियोगिता एवं आरआरसी (रेड रिबन क्लब) टॉक का सफल आयोजन प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के मार्गदर्शन में किया गया। स्किट प्रतियोगिता में बी. डी. कॉलेज, पटना की एनसीसी इकाई ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया तथा आरआरसी टॉक सत्र में संजीवनी सिंह ने अपनी ज्ञानवर्धक एवं प्रभावी प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य एवं सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा रचनात्मक एवं सहभागितापूर्ण माध्यमों से उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। बी. डी. कॉलेज के शिक्षकों ने एनसीसी कैडेट्स एवं सभी प्रतिभागियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी तथा संस्थान का गौरव बढ़ाने हेतु उनका उत्साहवर्धन किया।

# संस्कृत सनातन संस्कृति का पर्याय : मुकेश कुमार ओझा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार संस्कृत संजीवन समाज पटना एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अंतर्गत भगवती महासरस्वती को समर्पित दशदिवसात्मक अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्कृत संभाषण शिविर का शुभारम्भ हुआ जो 21 जनवरी तक नियमित संचालित रहकर सर्वत्र संस्कृत के संकल्प को साकार करेगा। आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अध्यक्ष एवं बिहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने संस्कृत को सनातन संस्कृति का पर्याय और वसंत पंचमी को लोकमंगल का ज्ञान का पर्व बताया। कहा सरस्वती ज्ञान की अधिष्ठात्री हैं और धन-वैभव से ऊपर ज्ञान का सर्वोच्च स्थान है। इसलिए मानव अपनी पूर्णता के लिए मां सरस्वती की प्रार्थना करता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने कहा संस्कृत विश्व भाषा के रूप में प्रतिष्ठित रही। इसका प्रमाण आदिकाल में संस्कृत में रचे मानव कल्याण से जुड़े वेद, उपनिषद, पुराण आदि सद्ग्रन्थ हैं जो ज्ञान का भण्डार हैं और उनके गूढ़ार्थ के लिए संस्कृत का पठन-पाठन आवश्यक है। आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के प्रधान संरक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह, सदस्य (प्रशासनिक)-उत्तर प्रदेश राज्य लोकसेवा न्यायाधिकरण ने संस्कृत संभाषण शिविर का उद्घाटन करते हुए सरस्वती को ज्ञान की देवी बताया। कहा त्यौहार प्रधान सनातन संस्कृति में वसन्त पंचमी मां सरस्वती की आराधना का पर्व है जो विद्या, ज्ञान एवं कला की देवी मां वीणावादिनी की समर्पित है। कहा प्रकृति की नवीनता से जुड़ा होने वसन्त खुशहाली और प्रगति का पर्व भी है। प्रधान संरक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा सनातन ज्ञान परम्परा संस्कृत से ओतप्रोत है जिसे जानने-समझने के लिए सर्वत्र संस्कृत के संकल्प को साकार करना जरूरी है। मुख्य अतिथि प्रो रागिनी वर्मा ने संस्कृत प्रशिक्षण एवं संभाषण शिविर की निरंतरता को मां सरस्वती की आराधना और ज्ञान के प्रसार में सहायक बताया। कहा आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के शिविरों द्वारा सरस्वती पूजा आराधना की सतत प्रार्थना जारी है। मुख्य वक्ता डा. जंगबहादुरगंज पाण्डेय ने सरस्वती पूजा और वसंत पर्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि डा अनिल कुमार चौबे ने संस्कृत गीत से मां सरस्वती की आराधना की। डॉ दीप्ति कुमारी, उग्र नारायण झा, डॉ. सुशील कुमार, अदिति चोला, मुरलीधर शुक्ल, तारा विश्वकर्मा, डॉ. रागिनी कुमारी, डॉ. अंशु शुक्ला, डॉ. मधु कुमारी, सुजाता घोष, राहुल कुमार, महेश मिश्र, श्रद्धा कुमारी सहित संस्कृत साधकों ने विचार व्यक्त किये। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीरा कुमारी ने और ऐक्य मंत्र तारा विश्वकर्मा ने प्रस्तुत किया।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में प्रेरणादायी कार्यक्रम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में युवाओं एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचारों चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति एवं मानव सेवा को छात्रों के जीवन से जोड़ना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। वक्ताओं ने उनके अमर विचार 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि युवा इन आदर्शों को अपनाए तो एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भाषण एवं विचार प्रस्तुत किए गए जिनमें कक्षा छह के प्रेम, दिव्यांशु एवं आयुष, कक्षा सात के मयंक एवं अंशु, कक्षा आठ की नीतू, अल्का, श्रेया एवं शिवम तथा कक्षा नौ के श्रेयांश ने स्वामी विवेकानंद के विचारों, राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका एवं आत्मबल के महत्व पर अपने प्रेरणादायी विचार साझा किए।

# मकर संक्रांति पर कांग्रेस का दही-चूड़ा स्नेह भोज, राजेश राम रहे मौजूद




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में कांग्रेस पार्टी द्वारा पारंपरिक दही-चूड़ा स्नेह भोज का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष डॉ संजय यादव की ओर से किया गया। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि मकर संक्रांति समरसता, भाईचारे और नई ऊर्जा का पर्व है। दही-चूड़ा हमारी लोकसंस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। कांग्रेस पार्टी हमेशा बिहार की सांस्कृतिक परंपराओं को सम्मान देती रही है और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है। राजेश राम ने कहा कि आज के समय में जब समाज को बांटने की कोशिशें हो रही हैं, ऐसे आयोजनों के माध्यम से आपसी सौहार्द और एकजुटता को मजबूत करना बेहद जरूरी है। कांग्रेस पार्टी न्याय, समानता और भाईचारे के मूल्यों के साथ जनता की आवाज बुलंद करती रहेगी। स्नेह भोज के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। दही-चूड़ा स्नेह भोज में विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा. मदन मोहन झा, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, पूर्व विधान पार्षद प्रेमचन्द्र मिश्रा, प्रतिमा कुमारी दास, विधान पार्षद राजीव कुमार, कपिलदेव प्रसाद यादव, डा. संजय यादव, ब्रजेश प्रसाद मुनन, प्रवीण सिंह कुशवाहा, रौशन कुमार सिंह, असितनाथ तिवारी, कुमार आशीष, शरवत जहां फातिमा, कांग्रेस सेवादल के आशुतोष रंजन एवं सुनील सुमन, कमलदेव नारायण शुक्ला, शशि कांत तिवारी, पंकज यादव, शशि रंजन, सशांत शेखर, वैद्यनाथ शर्मा, अरविन्द लाल रजक, संजीव कर्मवीर, शिशिर कौंडिल्य, सत्येन्द्र कुमार सिंह, मनोज शर्मा, नदीम अख्तर अंसारी, नीतू निषाद, संजय भारती, संतोष श्रीवास्तव, शंभू सिंह पटेल, रंजीत कुमार बाल्मीकी, विशाल यादव, दुर्गा प्रसाद, शशि भूषण पंडित, धनंजय शर्मा, सुधीर शर्मा, गुरूजीत सिंह, सुरेश मुखिया बिन्द, सुनील कुमार सिंह, अमन कुमार, किशोर कुमार, साधना रजक, राम शंकर पान, हीरा सिंह वग्गा, राज कुमार पूर्वे, गुप्तेश्वर पाण्डे, रूचि सिंह, अहमद रजा, विपिन झा, रूमा सिंह, विवेक यादव शामिल थे।

# सोनालीका ने सफलता के शानदार 30 साल पूरे किए



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत एक ऐसा राष्ट्र है जिसे दूरदर्शी लीडर्स का मार्गदर्शन मिला है जिनकी बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता ने उद्योगों को रूपांतरित किया है और भारतीय उत्कृष्टता को वैश्विक मंच पर पहुंचाया है। सोनालीका ट्रैक्टर्स इसी भावना का सशक्त आधुनिक प्रतीक है और ब्रांड किसानों के साथ साझेदारी के 30 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहा है जो जीतने का दम के अटूट विश्वास से प्रेरित है। सोनालीका ट्रैक्टर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. दीपक मित्तल के नेतृत्व में सोनालीका की अनुकूलनशीलता की नीति ने वैश्विक स्तर पर विस्तार किया। कंपनी ने 2004 में अपना पहला ट्रैक्टर निर्यात किया, 2011 में यूरोप को ट्रैक्टर निर्यात करने वाला पहला भारतीय ब्रांड बना और एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और अन्य देशों में लगातार विस्तार किया। वित्त वर्ष 2019 में, सोनालीका भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड बनकर उभरा और लगातार सात वर्षों से इस स्थान पर बना हुआ है। आज 30 प्रतिशत की जबरदस्त एक्सपोर्ट मार्किट शेयर के साथ, भारत से निर्यात होने वाले प्रत्येक तीसरे ट्रैक्टर का निर्माण सोनालीका के होशियारपुर प्लांट में होता है जो 150 से अधिक देशों में फैले छह अंतरराष्ट्रीय असेंबली प्लांट को सी के डी किट द्वारा आपूर्ति भी करता है और 15 से अधिक बाजारों में प्रमुख ब्रांड बना हुआ है।

CMYK

डीएम की अध्यक्षता में डिहरी औद्योगिक क्षेत्र में नेटवर्क समस्या को लेकर बैठक

# सभी नेटवर्क कंपनियां सात दिनों के अंदर नेटवर्क समस्या को सुधारें : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह की अध्यक्षता में बियाडा डिहरी औद्योगिक क्षेत्र में व्याप्त नेटवर्क समस्या को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक उद्योग वार्ता के दौरान उद्योगपतियों द्वारा की गई शिकायतों के आलोक में बुलाई गई थी जिसमें औद्योगिक क्षेत्र में मोबाइल एवं इंटरनेट नेटवर्क की गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में बियाडा क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों ने बताया कि नेटवर्क की कमजोर स्थिति के कारण औद्योगिक गतिविधियों, डिजिटल भुगतान, संचार एवं प्रशासनिक कार्यों में निरंतर बाधा उत्पन्न हो रही है। इस समस्या के समाधान हेतु जिलाधिकारी द्वारा बीएसएनएल, वोडाफोन आइडिया, जियो एवं एयरटेल कंपनियों के संबंधित अधिकारियों को बैठक में निदेशित किया गया। उन्होंने सभी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे आपसी समन्वय स्थापित करते हुए बियाडा औद्योगिक क्षेत्र में नेटवर्क सुधार के लिए ठोस एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी कंपनियों को सात दिनों के भीतर नेटवर्क समस्या का समाधान प्रस्तुत करने एवं आवश्यक तकनीकी कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए निर्बाध संचार सुविधा अत्यंत आवश्यक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्धारित समय-सीमा में समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# गोदाम से लाखों की चोरी, पुलिस ने किया उद्भेदन, एक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वार्ड सात स्थित एक दुकान के गोदाम से लाखों रुपये के सामान की चोरी के मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया। इस कांड में पुलिस चोरी गये कई सामान बरामद करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मोहनियां वार्ड सात निवासी गुलाम कादिर का पुत्र शाहरुख बताया जाता है। इधर, मामले को लेकर मोहनियां थाना परिसर में सोमवार को डीएसपी प्रदीप कुमार ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोहनियां वार्ड सात निवासी दुकानदार इरशाद अली ने थाने में आवेदन देकर बताया था कि उनकी दुकान के गोदाम से कई इलेक्ट्रानिक समानों की चोरी हुई है। इसमें कुछ लोगों पर संदेह जताते हुए नाम भी बताये गये थे। आवेदन के आधार पर थाने में मामला दर्ज कर पुलिस ने सूचना संकलन व वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। साथ ही संदेह जताये गये व्यक्ति के घर छापेमारी की गयी तो पुलिस ने चोरी गये सामानों में से 26 पीस प्लास्टिक कुर्सी, 24 इंच का स्मार्ट टीवी, 15 लीटर का स्टोरेज वाटर हीटर, छह मिक्सर ग्राइंडर तथा एक फ्रिज बरामद कर लिया। चोरी का सामान बरामद होते ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया जिसे मेडिकल के बाद कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान छापेमारी दल में अंचल पुलिस पदाधिकारी मोहनियां सुनील कुमार निर्झर, पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष आलोक कुमार तथा पुलिस अवर निरीक्षक दीपक कुमार शामिल रहे। साथ ही पुलिस द्वारा अन्य संलिप्त आरोपितों की गिरफ्तारी व शेष सामान की बरामदगी के लिए आगे की कार्रवाई जारी है। टीवी, गीजर व फ्रिज चोरी का दिया था। आवेदन मोहनियां शहर के डीएसपी आवास के समीप स्थित एक इलेक्ट्रानिक दुकान के गोदाम से रविवार को लाखों रुपये के सामान की चोरी कर ली गयी थी। पीड़ित द्वारा दिये गये आवेदन में बताया गया है कि पिछले 25 वर्ष से डीएसपी कार्यालय के समीप स्टूवरगंज में दुकान व गोदाम संचालित कर रहे हैं। रविवार को जब वे दुकान के ऊपर स्थित गोदाम में गये तो वहां रखे कीमती सामान गायब मिले। इसमें चोरी गये सामानों में 24 इंच के चार टीवी, छह पीस मिक्सर मशीन, चार गीजर, इमर्शन रॉड 12 पीस तथा दो फ्रिज शामिल थे। चोरी का सामान कई लोगों को बेचा। शहर के वार्ड सात स्थित डीएसपी आवास के समीप स्थित एक दुकान के गोदाम से चोरी के मामले का उद्भेदन के दौरान डीएसपी ने बताया कि लगातार 15 दिन में एक-एक सामान की चोरी आरोपित द्वारा किया गया था जब फ्रिज का चोरी किया, तब गोदाम में समझ में आया कि सामानों की चोरी हुई है तब जाकर चोरी का मामला सामने आया। साथ ही डीएसपी ने बताया कि चोरी के बाद कई सामान को दुकान व अन्य लोगों को आरोपित बेच दिया था जिसे छापेमारी कर दुकान व कई लोगों के पास से सामान को बरामद किया गया है। इस संबंध में मोहनियां डीएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि स्टूवरगंज बाजार स्थित एक दुकान के गोदाम से चोरी गये सामान के साथ आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित पहले से चोरी के मामले में रहा है। रविवार को दुकान के गोदाम से चोरी हुई थी जिसे मेरे नेतृत्व में टीम गठन कर सफल उद्भेदन किया गया।

# मध्य विद्यालय महुआरी प्रांगण में शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** सोमवार की दोपहर उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुआरी के प्रांगण में शिक्षकों द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी। इस दौरान शिक्षकों ने विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए जीवन में उनके पदचिह्नों पर चलने के संकल्प लिया। इस दौरान वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था, उनका मूल नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। बचपन से ही वे तेजस्वी, जिज्ञासु और निर्भीक स्वभाव के थे। उच्च शिक्षा के दौरान उनकी भेंट गुरु रामकृष्ण परमहंस से हुई जिनके सान्निध्य ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म महासभा में उनके ऐतिहासिक भाषण ने पूरी दुनिया का ध्यान भारत की ओर आकर्षित किया। मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों से शुरू हुआ उनका संबोधन आज भी विश्व प्रसिद्ध है। उन्होंने धर्म को कर्म, सेवा और मानव कल्याण से जोड़ा। मौके पर शिक्षक अजय सिंह, शिक्षिका रीटा सिंह, आशुतोष कुमार, प्रभारी परशुराम राम, शिक्षक कमलेश शर्मा, सीएचओ जागृति कुमारी, एएनएम सीमा कुमारी, आशा अंजू देवी, जमुना प्रसाद इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर धरना, प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सामाजिक संस्था मगधाचल समग्र विकास समिति शाखा रोहतास के प्रभारी एवं ख्याति प्राप्त समाजसेवी विकास कुमार सिन्हा ने बताया कि डालमिया नगर महिला कॉलेज की फाउंडर स्व सत्या शाही की प्रतिमा जो आम जनता के द्वारा बनाई गई है को कॉलेज परिसर में स्थापित करने के लिए राज्यपाल सचिवालय बिहार एवं उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा वर्ष 2021 से लेकर वर्ष 2005 तक आने को आदेश पत्र वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय को भेजे गए किंतु इन पत्रों का कहीं कोई अता- पता वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में नहीं है। सूचना अधिकार के द्वारा भी कार्रवाई की जानकारी मांगने पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के द्वारा जानकारी नहीं दी जाती है इतना ही नहीं बल्कि सूचना नहीं देने से संबंधित अपर जिला सत्र न्यायाधीश औरंगाबाद के न्यायालय में चल रहे क्रिमिनल रिवीजन केस संख्या 61/21 में भी न्यायालय को विश्वविद्यालय के द्वारा कई बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद भी कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है। राज्यपाल सचिवालय हो चाहे बिहार सरकार का उच्च शिक्षा विभाग हो या फिर न्यायालय हो किसी का भी निर्देश वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय मानने के लिए तैयार नहीं है। विश्वविद्यालय प्रशासन पूर्ण रूप से अराजक हो चुका है तथा निरंकुश है इसके विरोध में विगत 9 दिसंबर 20 25 को मगध चल समग्र विकास समिति के अध्यक्ष डॉ संजय रघुवर के द्वारा भारत के प्रधानमंत्री को स्पीड पोस्ट के द्वारा तथा बिहार के राज्यपाल के द्वारा ज्ञापन भेजा गया था जिसकी प्रति मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव बिहार आयुक्त पटना प्रमंडल पटना को भी भेजा गया था जिसमें कार्रवाई नहीं होने पर स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी 20 26 को एक धारणा के माध्यम से जन आंदोलन का श्री गणेश करने की सूचना दी गई थी। इस संबंध में 6 जनवरी 20 26 महिला कॉलेज के प्रिंसिपल अशोक कुमार एवं 8 जनवरी 20 26 को कुल सचिव प्रोफेसर डॉक्टर रामकृष्ण ठाकुर से मिलकर एक ज्ञापन दिया गया था किंतु अभी तक कुल सचिव के द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद भी किसी प्रकार का आदेश निर्गत नहीं हुआ है निश्चित रूप से एक जातीय संकीर्ण मानसिकता से ग्रसित कुछ लोग विश्वविद्यालय में है जो प्रतिमा नहीं लगने देना चाहते हैं।

# आरपीएफ ने लावारिस 112.5 लीटर देशी शराब की बरामद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आरपीएफ डिहरी ऑन-सोन, सीआईबी गयाजी एवं अपराध खोजी एवं नियंत्रण दल गया जी के उप निरीक्षक अमरजीत दास, उप निरीक्षक मुकेश कुमार, उप निरीक्षक शिवराज साह साथ, आरक्षी अभिमन्यु सिंह, आरक्षी सर्वोदय पासवान, प्रधान आरक्षी सर्वजीत राय, आरक्षी विमलेश कुमार सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन में गश्त के दौरान रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन स्टेशन पर चार जूट के बोरे से कुल 112.5 लीटर टनाका देशी शराब बरामद हुआ जिसे मौके की सभी आवश्यक कार्यवाही करते हुए अग्रिम कार्यवाही वास्ते राजकीय रेल थाना डिहरी ऑन-सोन को सुपुर्द किया गया।

# स्वामी विवेकानंद राष्ट्रवाद और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे : डॉ. मनीष




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** स्थानीय शहर के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर में सोमवार को धूमधाम से स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में धूमधाम से मनाई गयी। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ.मनीष रंजन ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर उपस्थित सैकड़ों लोगों ने डॉ. मनीष रंजन के साथ उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता डॉ. मनीष रंजन ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के महान विचारों और आदर्शों के प्रेरणा से अवगत कराना है। उक्त मौके पर पूरा महाविद्यालय परिसर 'उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' उनके प्रेरणादायक नारों से गूंज उठा जहां उपस्थित महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर चर्चा कर छात्रों ने भक्ति गीतों और देशप्रेम से ओतप्रोत भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी। दूसरी तरफ राजद के वरीय नेता मुन्ना सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज के डिजिटल युग में भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने पहले थे। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वह उनके आत्मविश्वास, साहस और राष्ट्रप्रेम के गुणों को अपने जीवन में अवश्य उतारें। उक्त अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह, प्रो. वीर बहादुर सिंह, उमाशंकर सिंह, बलवंत सिंह, सुनील सिंह, प्रियतम कुमार व जदयू नेता विकास सिंह, ललन चौरसिया, लल्लू सिंह, हरेंद्र हरियाली, गुड्डु यादव, अभय सिंह, अंकित सिंह, रोहित, मंटू, राजेश्वर सिंह, परवेज खां, पंकज पटेल, चंद्रेश्वर पांडे, गलू, अरुण सहित समस्त महाविद्यालय कर्मी उपस्थित थे।

# रोहतास के लाल पार्थ ने देश में लहराया परचम, दिल्ली में मिला सम्मान

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव पूरे देश में पाया दूसरा स्थान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के युवा पार्थ कौशिक ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव की भाषण प्रतियोगिता में पूरे देश में दूसरा स्थान प्राप्त कर राज्य और जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से चयनित युवाओं ने भाग लिया जिसमें पार्थ कौशिक ने अपने प्रभावशाली विचारों, स्पष्ट अभिव्यक्ति और विषय की गहन समझ से निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया। पार्थ कौशिक को यह सम्मान केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया एवं रक्षा निखिल खडसे के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। पुरस्कार ग्रहण के बाद पार्थ ने कहा कि यह उपलब्धि उनके परिवार, गुरुओं और बिहार के युवाओं के समर्थन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुझे ये मौका देने के हमारे जिला पदाधिकारी उदिता सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी रोहतास का बहुत आभारी हूं कि न्होंने मुझ पर तथा हमारे दल रोहतास जो वहां प्रस्तुति के लिए जा रही थी, पर ये विश्वास दिखाया। हमें जिस प्रकार जिला प्रशासन से सहयोग मिल रहा था। हमें जिला प्रशासन से ये संबंध औपचारिक नहीं बल्कि अनौपचारिक प्रेम की तरह महसूस हुआ। वहीं, जिला पदाधिकारी ने पार्थ कौशिक को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता बिहार के युवाओं की प्रतिभा और राष्ट्रीय मंच पर उनकी मजबूत उपस्थिति को दर्शाती है।

# जदयू कार्यकर्ताओं ने सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** मुजान में वीरांगना सावित्रीबाई फुले की जयंती समारोह का आयोजन सोमवार को मोहनियां के मुजान गांव जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल के अध्यक्षता में जयंती एवं सम्मान समारोह मनाया गया। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के माध्यम से सामाजिक समानता की जो विचारधारा शुरू की थी जेडीयू उसे आज गांव-गांव तक पहुंचा रहा है उन्हें यह भी बताया कि महिलाओं, गरीबों, पिछड़ों और वंचित वर्गों को शिक्षा, सम्मान और निर्णायक भागीदारी देना ही जेडीयू की मूलभूत नीति है। आगे अन्य वक्ताओं ने भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले पर भी प्रकाश डालते हुए कहा भारत में महिलाओं की शिक्षा के लिए दरवाजे खोले और समाज के वंचित, दलित, पीड़ित और शोषितों के अधिकारों के लिये पूरजोर लड़ाई लड़ी व सामाजिक न्याय में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया। सावित्रीबाई फुले न सिर्फ पहली महिला शिक्षिका थी, बल्कि महान समाजसेविका और नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता भी थीं। उनका पूरा जीवन समाज के वंचित तबके खासकर महिलाओं और दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष में बीता। उनका नाम आते ही सबसे पहले शिक्षा और समाज सुधार के क्षेत्र में उनका योगदान हमारे सामने आता है। वे हमेशा महिलाओं और वंचितों की शिक्षा के लिए जोरदार तरीके से आवाज उठाती रहीं। वे अपने समय से बहुत आगे थीं और उन गलत प्रथाओं के विरोध में हमेशा मुखर रहीं। शिक्षा से समाज के सशक्तिकरण पर उनका गहरा विश्वास था। मौके पर जेडीयू मुख्य प्रवक्ता अतुल पटेल, जिला उपाध्यक्ष लियाकत अंसारी, जिला उपाध्यक्ष सीमा पांडे, दलित प्रकोष्ठ महासचिव प्रदीप रंजन, उपेंद्र कुशवाहा डब्लू कुमार आदि उपस्थित थे।

# वृद्धजनों के लिए उपयोगी सहायक किट का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** ग्राम पंचायत सरैया के दुर्गा मंदिर प्रांगण में वृद्धजनों के दैनिक जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सहायक किटों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत के मुखिया संजय चौधरी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान पंचायत क्षेत्र के लगभग 150 वृद्ध महिला एवं पुरुषों को उनकी आवश्यकता के अनुसार व्हीलचेयर, छड़ी, कमर एवं घुटने का बेल्ट तथा कान का स्पीकर (हियरिंग डिवाइस) प्रदान किया गया। सहायक उपकरण पाकर वृद्धजनों के चेहरे पर उत्साह और प्रसन्नता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। यह वितरण कार्यक्रम 'असरा, सासाराम' नामक संस्था के सहयोग से संपन्न हुआ। संस्था द्वारा पिछले वर्ष ही लाभुकों का नामांकन कराया गया था जिसके आधार पर कुल 147 वृद्ध महिला-पुरुषों का पंजीकरण हुआ था। सभी पंजीकृत लाभुकों को उनकी शारीरिक आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में उप मुखिया अमित गुप्ता, पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधि तथा कई समाजसेवी भी उपस्थित रहे।

# अभया ब्रिगेड ने की दो पर कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** मनचले जोखन के लिए अब नई व्यवस्था के तहत कर दिए गए हैं सारे इंतजाम। बिहार पुलिस के बैनर तले इस पर लगाम लगाए जाने के लिए बनाए गए अभया ब्रिगेड के कारनामे से अब बच्चियों, किशोरियों के खिलाफ कदम बढ़ाने वाले की शामत शुरू है। घटना की सूचना प्राप्त हुई है। अनुमंडल क्षेत्र के दावथ थाना अंतर्गत मालियाबाग के पास स्कूल/कोचिंग के पास से छात्राओं ने शिकायत की। थाना अध्यक्ष दावथ मनीष पंजियारा ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि इनके शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अभया ब्रिगेड के पुलिस बल द्वारा दो मनचलों अजीत यादव पिता -गोपाल सिंह तथा रिशु कुमार पिता-ललन सिंह दोनों ग्राम- धवई थाना-दावथ जिला-रोहतास को गिरफ्तार किया गया है।

# पंचायत गोड़ारी में महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र में महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन की तैयारी की जा रही है। खेल के प्रति महिलाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अनुमंडल क्षेत्र के नगर पंचायत गोड़ारी में महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजक मंडल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वनडे फाइनल मुकाबला 19 जनवरी को होने वाला है। 19 जनवरी 2026: स्वर्गीय राम रूप तिवारी जी की जयंती के अवसर पर काराकाट नगर पंचायत गोड़ारी में एक भव्य महिला फुटबॉल का वनडे फाइनल मुकाबला आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) और छपरा सारण (बिहार) की टीमें आपस में भिड़ेंगी। यह रोमांचक मैच 19 जनवरी 2026 को दोपहर 2 बजे से गोडारी स्टेडियम में आयोजित होगा। मुख्य पार्षद राधिका कुमारी और मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती के सान्निध्य में होने वाले इस आयोजन में सभी नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और आयोजकों में मुख्य पार्षद राधिका कुमारी, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती और व्यवस्थापक दिलीप सोनी शामिल हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में नगर पंचायत गोडारी के चेयरमैन राधिका कुमारी ने जहां आम लोगों से सहयोग की अपील की, तो वही मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती ने खेल के प्रति महिलाओं को आगे लाने के लिए ऐसे आयोजन करने की बात कही।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** सोमवार को एक निजी लॉन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भभुआ नगर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा दीप जला कर किया गया। वहीं विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार राज्य नागरिक परिषद आयोग के सदस्य कृष्णा जायसवाल, युवा कवि रत्नेश चंचल, प्रवासी के रूप में खेलो भारत के प्रांत सह संयोजक अनीश तिवारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अजीत राय, नगर अध्यक्ष डॉ आशीष दुबे, डॉ सोमेश शशि तथा ओम प्रकाश उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विवेकानंद जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणा श्रोत हैं, उनका समग्र चिंतन राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की दिशा में आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर स्वदेशी मैराथन दौड़ का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा स्वदेशी मैराथन दौड़ किया गया जो विद्यालय से शुरू हुआ और तिलौथू बाजार, बाबूगंज एवं न्यू एरिया आदि क्षेत्रों से होते हुए पुनः विद्यालय में आकर मैराथन दौड़ समाप्त हो गया। इस दौरान छात्रों के इस मैराथन दौड़ को तिलौथू बाजार में लोगों ने खूब सराहा। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य सर्वेशचंद्र मिश्र ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी संस्कृति एवं स्वदेशी की भावना अपनाएंगे यह संकल्प लेने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद का जीवनी हर भारतीय के लिए अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक है। बताया कि उनका जीवन चरित्र ही सम्पूर्ण भारत का दर्शन है। इसलिए हम सभी भारतवासियों को उनके चरित्र को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है।

# कुएं में मिला शव, पुलिस ने शुरू की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** दिनारा थाना क्षेत्र के भलुनी गांव में कुएं में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर एएसपी सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के हवाले से बताया गया कि शव की पहचान विष्णु कुमार सिंह के रूप में हुई है जो बहुआरा गांव का रहने वाला था। पुलिस को सूचना मिलने पर वे घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कुएं से बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत हो रहा है कि कुएं के पानी में डूबने से विष्णु कुमार सिंह की मृत्यु हुई है। सूर्यपुरा थाना में इस मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार विष्णु कुमार सिंह की उम्र लगभग 30 वर्ष थी और वह अपने परिवार के साथ बहुआरा गांव में रहता था।

## एक नजर

### षष्टम वित्त आयोग से अधिकारियों के आवास पर हुए खर्च की जांच की मांग

**नगरनौसा (नालंदा)**। नगरनौसा प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को पंचायत समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रंजू कुमारी ने की। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर सदस्यों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए उनसे स्पष्टीकरण (शो-कॉज) पूछने की मांग की।

बैठक के दौरान प्रखंड आवासीय परिसर में अधिकारियों के आवास के नवीनीकरण पर षष्टम वित्त आयोग की राशि से किए गए खर्च की जांच के लिए एक जांच टीम गठित करने का अनुरोध किया गया। सदस्यों ने प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र लाभुकों के नाम छूटने और अवैध रूप से पैसे लिए जाने के गंभीर आरोप भी उठाए। विकास योजनाओं को लेकर चर्चा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर महादलित टोलों में पेयजल संकट को देखते हुए आठ नए चापाकल लगाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा रामलाल उच्च विद्यालय, खपुरा में बिना एनओसी के चारदीवारी निर्माण का मुद्दा भी बैठक में प्रमुखता से उठाया गया। योजनाओं पर हुए खर्च के भुगतान में हो रही देरी को लेकर सदस्यों ने असंतोष जताया तथा जिला स्तर से एक नए तकनीकी सहायक (टीए) की नियुक्ति की मांग की। वर्तमान टीए की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए गए। बैठक में बीडीओ ओमप्रकाश कुमार, सीओ सत्येंद्र कुमार, बीपीआरओ अनुष्का कुमारी, पीटीए दिनेश कुमार, आवास पर्यवेक्षक आलोक कुमार, बीईओ कुमारी पुष्पा, बीएओ महेश चौधरी सहित पंचायत समिति सदस्य और कई मुखिया उपस्थित थे।

### विदेशी शराब व अवैध हथियार बरामद

**नगरनौसा (नालंदा)**। नगरनौसा पुलिस ने अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी और अवैध हथियार रखने के मामले का खुलासा किया है। गुप्त सूचना के आधार पर नगरनौसा थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मनीचक गांव में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान सुमन कुमार के घर की तलाशी में एक नाली की दो राइफल, एक देशी कट्टा, 6.75 लीटर विदेशी शराब और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। इसके बाद सुमन कुमार की निशानदेही पर नगरनौसा क्षेत्र में पुनः छापेमारी कर 26.825 लीटर विदेशी शराब तथा 39,470 रुपये नकद बरामद किए गए।

इस कार्रवाई में अवधेश कुमार, शैलेश कुमार और राजनंद प्रसाद उर्फ तिवारी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों के आपराधिक इतिहास की गहन जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई जारी है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा के साथ अपर थानाध्यक्ष ईसमा प्रवीण, सब-इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, रमेश प्रसाद, शंकर राम, पीटीसी आदर्श दुबे तथा सिपाही शंकर कुमार, विकास कुमार और मोहम्मद इमरान शामिल थे।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**कौआकोल**। स्वामी विवेकानन्द की 163 वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को प्रखण्ड के एनआईटीएन क्लासेज कौआकोल में सोमवार को मेरा युवा भारत केंद्र,नवादा के बैनर तले विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए संचालक प्रमोद कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एवं अध्यात्म और ज्ञान के पुंज व युवाओं के प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर चित्रकला,निबन्ध एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन कर पुरस्कार वितरण किया गया। मौके पर 20सूत्री उपाध्यक्ष व पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा,पूर्व स्वंयसेवक पंकज विश्वकर्मा,उत्तम कुमार,मुंद्रिका पंडित आदि मौजूद रहे।

### डाक पार्सल वाहन से गांजा जब्त

**नारदीगंज,नवादा**। थाना क्षेत्र के वनगंगा चौक के समीप तस्करी के लिए डाक पार्सल में लेकर जा रहे 142 किलो गांजा को पुलिस ने जब्त किया। साथ में वाहन चालक को भी भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई नारकोटिक्स विभाग ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर किया है। इस बाबत थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया सोमवार को हिसुआ थाना में डीएसपी ने प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी । कहा गया मद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, बिहार के विशेष अभियान दल को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बिहार में बाहरी राज्य से मादक पदार्थ का परिवहन किया जा रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर थाना नारदीगंज के सहयोग से त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार को एक डाक पार्सल वाहन से लगभग 142 किलो गांजा को बरामद एवं जब्त किया गया। साथ ही पुलिस ने मौके से एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित पटना जिले के अथमलगोला थाना क्षेत्र के चंदा बख्तियारपुर निवासी स्व. योगेंद्र सिंह का पुत्र ओम प्रकाश सिंह को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी गई

**नारदीगंज,नवादा**। प्रखंड कार्यालय स्थित पेंशनर भवन नारदीगंज में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनायी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए समाज सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व व कृतित्व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय रहा है। उन्होंने जगतगुरू भारत का सपना देखा था। इन्हें वेदान्त के प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरू के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने युवाओं को उठो जागो,और तबतक न रूको, जबतक लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो जाय का मंत्र दिया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालें। इस मौके पर दशरथ प्रसाद, कामता प्रसाद सिंह, रामाधीन सिंह, रघुनंदन प्रसाद समेत अन्य मौजूद रहे।

# ‘विवेकानंद सिर्फ संत नहीं राष्ट्रनिर्माता थे’: सांसद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। भाजपा युवा मोर्चा नवादा द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मिर्जापुर स्थित कृति डिफेन्स अकादमी में स्वदेशी संकल्प दौड़ प्रतियोगिता का भव्य एवं जोशीला आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजित शंकर ने की। आयोजन में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी रही, जो राष्ट्रभक्ति और स्वदेशी संकल्प का प्रतीक बनी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा “स्वामी विवेकानंद केवल संत नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माता विचारधारा के प्रणेता थे। आज यदि युवा उनके विचारों को आत्मसात कर लें तो भारत को विश्वगुरु बनने से कोई शक्ति नहीं रोक सकती। स्वदेशी अपनाना आज के भारत की सबसे बड़ी राष्ट्रसेवा है।” उन्होंने कहा कि विदेशी सोच और विदेशी उत्पादों पर निर्भरता देश की आत्मा को कमजोर करती है। आत्मनिर्भर भारत की नींव स्वदेशी से ही मजबूत होगी। इसी संदेश के साथ सांसद विवेक ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित युवाओं को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गोविंदपुर विधायक बिनीता मेहता, नवादा विधायक विभा देवी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने युवाओं से राष्ट्रनिर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष महामंत्री अरविंद गुप्ता, नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार, जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, मनोज सिंह, समाजसेवी कृष्णा यादव, भाजयुमो जिला महामंत्री विकास चौधरी, रोहित कुमार, उपाध्यक्ष ए.के. गुरु जिला मंत्री उमंग बिट्टू, राहुल पाण्डेय, राजेश विक्की सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कृति डिफेन्स अकादमी के मुख्य कोच कृति रंजन, विक्रम यादव एवं उनकी पूरी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## नवादा नप ने की संपत्ति कर प्रोत्साहन योजना 2025 की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नगर परिषद, नवादा द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए संपत्ति कर (प्रॉपर्टी टैक्स/होल्डिंग टैक्स) प्रोत्साहन योजना 2025 लागू करने की घोषणा की गई है। इस संबंध में नगर परिषद कार्यालय से प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है। योजना का उद्देश्य नगर क्षेत्र में लंबित संपत्ति कर की वसूली को प्रोत्साहित करना और करदाताओं को राहत देना है।

जारी विज्ञप्ति के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025–26 तथा उससे पूर्व के वर्षों की बकाया संपत्ति कर की मूल राशि का भुगतान करने पर पूर्व के सभी लंबित संपत्ति कर पर लगने वाले ब्याज एवं दंड को माफ कर दिया जाएगा। यह योजना सभी प्रकार की आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक संपत्तियों के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की संपत्तियों तथा संस्थागत संपत्तियों पर समान रूप से लागू होगी।

नगर परिषद ने स्पष्ट किया है कि यह प्रोत्साहन योजना 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी। निर्धारित अवधि के भीतर बकाया कर का भुगतान करने वाले करदाताओं को इसका लाभ मिलेगा। योजना का मुख्य उद्देश्य नगर परिषद क्षेत्र में कर संग्रह की प्रक्रिया को तेज करना तथा नगर के विकास कार्यों के लिए संसाधन जुटाना है।

नगर परिषद, नवादा क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स का निर्धारण पथों के वर्गीकरण के आधार पर किया जाता है। इसके अंतर्गत पूरे नगर क्षेत्र को प्रमुख मुख्य सड़क, मुख्य सड़क तथा अन्य सड़क श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिसके अनुसार कर निर्धारण होता है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार नगर क्षेत्र में कुल 11,945 होल्डिंग हैं, 20,048 विद्युत कनेक्शन हैं, वार्षिक कर लक्ष्य 2 करोड़ 54 लाख 69 हजार 656 रुपये निर्धारित है, जबकि अब तक 1 करोड़ 13 लाख 87 हजार 81 रुपये की वसूली की जा चुकी है।

## सप्तर्षि डिग्री कॉलेज में गूंजा स्वामी विवेकानंद का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली स्थित सप्तर्षि डिग्री कॉलेज में 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद की जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. दिनेश कुमार ने की। समारोह का आगाज कॉलेज के व्याख्याता कक्ष में स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया, जिसमें कॉलेज के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभा को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो.दिनेश कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद एक ऐसे विश्व विख्यात आध्यात्मिक गुरु थे, जिन्होंने संपूर्ण विश्व को मानवता, धर्म और सत्कर्म का सच्चा मार्ग दिखाया। उन्होंने बताया कि स्वामी जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने दशकों पहले थे। कार्यक्रम के दौरान प्रो. उपेन्द्र कुमार ने युवा शक्ति और आत्मविश्वास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा और मानवतावाद ही समाज की असली पूंजी है। वहीं, प्रो. कुमार सुरेन्द्र कांत ने स्वामी जी के प्रसिद्ध नारे ‘उठो,



जागो और अपने लक्ष्य की प्राप्ति तक रुको नहीं’ का आह्वान करते हुए छात्रों में नई ऊर्जा का संचार किया।इस अवसर पर प्रो. कुमार कौशल किशोर, प्रो. शम्भु शरण पाण्डेय, प्रो. सुरेन्द्र प्रसाद यादव, प्रो. नागेश्वर प्रसाद, प्रो. रामकुमार सिंह, प्रो. निर्मला कुमारी, प्रो. संजय कुमार अजय,प्रो. रवि शंकर निराला, प्रो. ऋषि कपूर, प्रो. रविशंकर और प्रो. खान निखत प्रवीण सहित कॉलेज के समस्त शिक्षकेत्तर कर्मचारी और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरा परिसर स्वामी जी के आदर्शों और उनके प्रति श्रद्धा के भाव से ओतप्रोत नजर आया।

## भाजपा कार्यकर्ता सम्मान सह दही–चूड़ा मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा मंडल में भारतीय जनता पार्टी की ओर से कार्यकर्ता सम्मान सह दही–चूड़ा मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन की जड़ों को और मजबूत करना तथा समर्पित कार्यकर्ताओं के योगदान को सम्मानित करना रहा। समारोह में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता नवल सिंह, बलराम सिंह एवं श्याम किशोर को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार देखने को मिला। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुधीर कुमार की ओर से पारंपरिक दही–चूड़ा भोज का आयोजन किया गया, जबकि मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने कार्यक्रम का सफल नेतृत्व



किया। आयोजन में सिलाव प्रखंड सहित नालंदा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दही–चूड़ा का आनंद लेते हुए पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने, जनसंपर्क बढ़ाने तथा आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। वातावरण पूरी तरह संगठनात्मक उत्साह और आत्मीयता से भरा रहा। समारोह में विपिन कुमार सिंह, अश्वेंदु कुमार मुखिया, रामसागर, कवी, पिंटू कुमार, धीरज कुमार, मंडल अध्यक्ष राजू कुमार, अरविंद सिंह, पप्पू सिंह, मंडल महामंत्री रामसागर, कौशल किशोर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने कार्यकर्ताओं के बीच आपसी समन्वय और संगठनात्मक मजबूती का स्पष्ट संदेश दिया।

## जन-सुनवाई और विकास योजनाओं पर डीएम सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले में प्रशासनिक रफ्तार को नई धार देने के इरादे से जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय समन्वय/राजस्व एवं तकनीकी विभागों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति, जन-समस्याओं के समाधान और विभागीय समन्वय को लेकर गहन समीक्षा की गई। बैठक की शुरुआत एग्री स्टैक परियोजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति से हुई। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि अब तक जिले में 1,07,952 किसानों का ई-केवाईसी तथा 34,037 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री (एफआर आईडी) पूर्ण किया जा चुका है। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 73,915 लाभार्थियों का ई-केवाईसी और 23,480 लाभार्थियों का फार्मर रजिस्ट्री पूरा हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 21 जनवरी 2026 तक विशेष कैम्प लगाकर पीएम किसान के कुल 1,68,258 लाभुकों में से कम से कम 25 प्रतिशत का फार्मर रजिस्ट्री कार्य अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान डिजिटल व्यवस्था से वंचित न रहे।

जन-सुनवाई को प्रशासन की आत्मा बताते हुए जिलाधिकारी ने सोमवार और शुक्रवार को पंचायत से लेकर जिला व थाना स्तर तक नियमित जन-सुनवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन से सम्मानपूर्वक व्यवहार करते हुए उनकी शिकायतों का त्वरित और संवेदनशील समाधान किया जाए। साथ ही कार्यालयों में बैठने, पेयजल, शौचालय, शिकायत पंजी और नियमित अनुश्रवण की व्यवस्था दुरुस्त रखने पर भी जोर दिया गया। राजस्व विभाग की समीक्षा में डिग्री महाविद्यालयों की स्थापना के लिए भूमि उपलब्धता पर चर्चा हुई। कई अंचलों से प्रतिवेदन लंबित रहने पर जिलाधिकारी ने शीघ्र भूमि चिन्हित कर रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया। पंचायती राज विभाग के अंतर्गत पंचायत सरकार भवनों में आ रही समस्याओं पर संबंधित अंचल अधिकारियों को त्वरित समाधान के आदेश दिए गए। वहीं घोड़परास और नीलगाय से प्रभावित क्षेत्रों में पंचायत मुखिया के आवेदन पर शूटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। खनन विभाग की समीक्षा में ईंट-भट्ठा श्रमिकों के लेबर कार्ड नहीं बनने का मामला सामने आया। इस पर श्रम अधीक्षक को सभी श्रमिकों का लेबर कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया। बाल श्रमिक विमुक्ति अभियान में पुलिस बल की कमी को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय को आवश्यक बल उपलब्ध कराने को कहा गया। इसके अलावा वन स्टॉप सेंटर, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांगजन योजनाओं सहित पशुपालन, शिक्षा, जीविका, पीएचईडी और अन्य विभागों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने दो टूक कहा कि सभी विभाग तय समय-सीमा में कार्य पूरा करें, क्योंकि विकास तभी मायने रखता है जब उसका लाभ सीधे आमजन तक पहुंचे। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दीपनगर पुलिस ने हथियार के साथ चार को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। दीपनगर थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई 12 जनवरी को उस समय की गई जब पुलिस लंबित कांडों के अनुसंधान एवं छापेमारी में जुटी थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दीपनगर थाना कांड संख्या 533/25 का नामजद अभियुक्त मुटरू उर्फ मंजीत उर्फ रोहित कुमार कैम्ब्रिज स्कूल मोड़ के पास देखा गया है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष दीपनगर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित छापेमारी कर उसे मौके से धर दबोचा। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक 315 बोर का देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एप्पल कंपनी के दो मोबाइल फोन तथा अन्य दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। इस संबंध में दीपनगर थाना कांड संख्या 28/26 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस अनुसंधान के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर तीन अन्य अभियुक्तों को भी पकड़ा गया। सभी आरोपी ग्राम पहाड़पुरा, थाना बिहार, जिला नालंदा के निवासी बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में मुटरू उर्फ मंजीत उर्फ रोहित कुमार, शैलेन्द्र उर्फ सत्या उर्फ राईडर, प्रमोद महतो, गोलु तांती शामिल है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मुख्य अभियुक्त मुटरू उर्फ मंजीत एवं शैलेन्द्र उर्फ सत्या का आपराधिक इतिहास रहा है। इनके विरुद्ध विभिन्न थानों में गंभीर धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं। छापामारी दल में दीपनगर थानाध्यक्ष पु०नि० राजमणि सहित पुलिस टीम शामिल थी।

## डीएम ने की प्रशासनिक व्यवस्था की समीक्षा जनसुविधा और जवाबदेही पर दिया जोर

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के तकनीकी व गैर-तकनीकी पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, संवेदनशील तथा जनोन्मुखी बनाना रहा। इस दौरान डीएम ने कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत सातवां निश्चय ‘सबका सम्मान–जीवन आसान’ आम नागरिकों को दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर से मुक्ति दिलाने के लिए है। इसी क्रम में उन्होंने सोमवार और शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि आम लोग सीधे अधिकारियों से मिलकर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें। डीएम ने स्पष्ट किया कि निर्धारित दिनों में अधिकारी सम्मानपूर्वक नागरिकों से मिलें और उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन करें। अनुपस्थिति की स्थिति में अधिकृत पदाधिकारी की मौजूदगी अनिवार्य होगी। साथ ही सभी कार्यालयों में बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय सहित बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने, शिकायत पंजी संधारण एवं सतत अनुश्रवण की व्यवस्था रखने तथा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। कृषि एवं राजस्व विभाग को समन्वय बनाकर कैंप के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। ई-केवाईसी, जमाबंदी बकेट क्लेम और सत्यापन कार्य मिशन मोड में पूरा करने को कहा गया। डीएम ने अनुपयोगी एवं गैर-उपजाऊ भूमि की पहचान कर औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन में तेजी लाने के निर्देश दिए। सिनेमा हॉल और पेट्रोल पंप से संबंधित लंबित एनओसी मामलों के शीघ्र निष्पादन का आदेश भी दिया गया।

## थरथरी में बोरे से बरामद युवक का शव, गला रेतकर हत्या की आशंका

**हिलसा/नबिटा संवाददाता**। थरथरी थाना क्षेत्र के बाजार के समीप एक खेत से पुलिस ने प्लास्टिक के बोरे में बंद एक युवक का शव बरामद किया है। युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान कोयल बिगहा गांव निवासी विनीत कुमार के 20 वर्षीय पुत्र अंशु कुमार के रूप में की गई है। बेटे की हत्या की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर बदहवास नजर आए। मृतक के चाचा मुरारी कुमार ने बताया कि अंशु कुमार मंगलवार दोपहर घर से निकला था। शाम करीब चार बजे परिजनों ने उससे संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन मोबाइल फोन बंद मिला। देर रात तक उसके घर नहीं लौटने पर परिजन चिंतित थे। बुधवार सुबह थरथरी थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने की तैयारी चल रही थी, इसी दौरान गांव के एक व्यक्ति ने मिल के पीछे खेत में पड़े एक बोरे पर खून के धब्बे देखे जाने की सूचना दी। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों और परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने बोरा खोलकर देखा, जिसमें अंशु कुमार का खून से लथपथ शव मिला। शव को देखकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों का कहना है कि हत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। प्रारंभिक तौर पर दोस्तों के बीच पैसे के लेन-देन या प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद को हत्या की संभावित वजह माना जा रहा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## नालंदा कॉलेज में विवेकानंद जंयती पर कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विवेकानंद स्टडी सर्किल के द्वारा नालंदा कॉलेज में विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर यूथ अमंग यूनिटी थीम पर छात्रों के द्वारा बनाए गए पोस्टर प्रदर्शनी लगायी गयी। इस मौके पर शुभकामना देते हुए प्राचार्य प्रो. सुनीता सिन्हा ने कहा कि विवेकानंद की तरह युवा सक्षम और सुशिक्षित होगा तो निश्चित रूप से 21वीं सदी भारत की होगी। आज युवाओं में उसी प्रकार की राष्ट्रीयता की भावना, देशभक्ति जागृत करने की जरूरत है, जिससे सच्चे शब्दों में आप स्वामी जी के अनुयायी कहलाएगें। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बिनीत लाल ने कहा कि 19वीं सदी में जब भारत में अंग्रेजी शासन का



बोल-बाला था और दूनिया हमें हेय दृष्टि से देख रही थी। भारत माता ने एक ऐसे लाल को 12 जनवरी 1863 में जन्म दिया, जिसने भारत के लोगों का ही नहीं पूरी मानवता का गौरव बढ़ाया। उस धर्म व राष्ट्र से संबंध रखने पर गर्व है जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिकता सिखाई है। अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ राम कृष्ण परमहंस ने कहा कि स्वामीजी इसलिए महान हैं कि उन्होंने पूर्व और पश्चिम, धर्म और विज्ञान, अतीत और वर्तमान में सामंजस्य स्थापित किया। इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ रत्नेश अमन ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत के युवाओं की तरफ आशाभरी नजरों से देख रही है। भारत युवाओं का देश है। इसलिए आप बड़ी जिम्मेवारी निभाने में सक्षम बने। इस अवसर पर पाली विभाग की अध्यक्ष डॉ मंजू कुमारी, हिंदी विभाग की डॉ कुमारी चम्पा, राजनीति विज्ञान के डॉ श्रवण कुमार, मनोविज्ञान के डॉ मृत्युंजय कुमार, प्राचीन इतिहास के डॉ संजीत कुमार ने भी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला।

धन्यवाद ज्ञापन भूगोल विभाग की डॉ प्रीति ने किया। एनएसएस वॉलंटियर्स मोनू निगम, पीयूष राज, अदिति, नीलमणि, गुड़िया, मनीष कांत, अविनाश, विक्रम, प्रिया गुप्ता, प्रेरणा, संध्या, आफरीन आदि ने पोस्टर प्रेजेंटेशन में भाग लिया।

## टी.एस. कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोहपूर्वक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)**। हिसुआ नगर परिषद स्थित टी.एस. कॉलेज, हिसुआ में स्वामी विवेकानंद जी की 164वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में गरिमामय वातावरण में मनाई गई। यह समारोह महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) पवन कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिसुआ विधानसभा के विधायक अनिल सिंह थे। विशिष्ट अतिथियों में हिसुआ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी आतिश रंजन, हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. मनु जी राय तथा टी.एन. बी. कॉलेज, भागलपुर के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन कुमार शामिल रहे। समारोह की शुरुआत प्राचार्य, विधायक एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप




प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि अनिल सिंह एवं प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्राचार्य द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अनिल सिंह ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद के जीवन, दर्शन और युवाओं के लिए उनके संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करते हैं। साथ ही उन्होंने महाविद्यालय के विकास हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। छात्र संगठनों की मांग पर विधायक ने महाविद्यालय परिसर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित कराने का भी आश्वासन दिया। मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. भोला शंकर वर्णवाल, डॉ. पूनम भारती, डॉ. संजय कुमार, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. एस.एन. प्रभाकर, डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. दिव्या पांडेय, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. मांडवी रानी, डॉ. प्रतिभा कुमारी, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. उपेंद्र मिश्रा सहित शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से छात्र की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बिहार थाना क्षेत्र के मुरौरा गांव के समीप सोमवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गई। मृतक इसी थाना क्षेत्र के उपरौरा गांव निवासी जितेंद्र राउत के 17 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार है। मृतक के चाचा ने बताया कि अंकित कुमार नवमी क्लास का छात्र था। वह साइकिल से बिहारशरीफ भैंसासुर ट्यूशन पढ़ने के लिए आता था। ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहा था इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह जख्मी हो गया। जख्मी हालत में उसे स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार वालों में चीख होकर मच गई। यातायात थाना प्रभारी सुशील कुमार राहुल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के हवाले कर दिया गया है। आसपास के सीसीटीवी से अज्ञात वाहन की पहचान की जा रही है।

# चंदौती बाजार समिति के गोदाम में सीएमआर चावल जमा करने के लिए अभियान शुरु

## किसानों से खरीद किये गए धान से तैयार हो रहा सीएमआर चावल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** जिले में फोर्टिफाइड चावल कर्नेल युक्त गुणवत्तापूर्ण सीएमआर चावल ही जमा कराएं। निर्धारित समय तक शत-प्रतिशत चावल जमा कराने के लिए पैक्स अध्यक्ष और राइस मिलर आपसी सामंजस्य बनाए रखें। शहर के चंदौती बाजार समिति स्थित एसएफसी के गोदाम में सीएमआर चावल जमा किए जाने की अभियान का सोमवार को शुरुआत करते हुए द मगध सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक विनय यादव ने यह बातें कही हैं। गोदाम संख्या एक में चावल जमा करने का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि खरीफ विपणन



मौसम 2025-26 के तहत किसानों से खरीद किये गए धान से तैयार सीएमआर (कस्टम माइल्ड चावल) को एसएफसी के गोदामो में आपूर्ति की औपचारिक प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस दौरान सीएमआर आपूर्ति की प्रक्रिया में तेजी लाने पर भी जोर दिया गया है। साथ ही कहा कि इस व्यवस्था से किसानों को समय पर भुगतान मिलेगा और कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही सीएमआर आपूर्ति शुरू होने से धान अधिप्राप्ति की पूरी श्रृंखला में तेजी आएगी और पैक्स, मिलरों तथा किसानों को समय पर भुगतान और राहत मिल सकेगी। इस अवसर पर बिहार राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक दिग्विजय सिंह ने कहा कि सीएमआर आपूर्ति राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सीएमआर चावल जमा करने के कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई या अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी संबंधित विभागों को आपसी तालमेल के साथ पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि हर हाल में फोर्टिफाइड चावल कर्नेल (एफआरके) की कमी नहीं है। सीएमआर चावल में फोर्टिफाइड चावल कर्नेल को मिलाकर जमा करना अनिवार्य है।

# मुख्य डाकघर की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, महिला से 20 हजार की ठगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** शेरघाटी शहर के नई बाजार स्थित मुख्य डाकघर में सोमवार को हुई ठगी की घटना ने डाकघर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिनदहाड़े हुई इस घटना में उचक्के ने चालाकी से एक महिला से 20 हजार रुपए ठग लिए और फरार हो गया। घटना के बाद डाकघर परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़िता बीटी बीघा गांव निवासी दीपा देवी ने बताया कि वह एक अन्य महिला के साथ कुल 50 हजार रुपए जमा करने मुख्य डाकघर पहुंची थीं। इसी दौरान परिसर में मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने उनसे 500 रुपए का छुट्टा मांगा। भरोसा कर उन्होंने उसकी मदद कर दी। इसके बाद उसी व्यक्ति ने यह कहकर कि नोट ठीक से नहीं मिले हैं, पैसे दोबारा देखने के बहाने उनके हाथ से रकम ले ली।

# मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में 'स्वामी विवेकानंद जयंती' पर विशेष व्याख्यान का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया।** दर्शनशास्त्र विभाग मगध विश्वविद्यालय, बोध गया में 'स्वामी विवेकानंद जयंती' के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वामी कर्मणानंद जी थे, जो रामकृष्ण मठ, गया जी से पधारे थे। अपने प्रेरक व्याख्यान में स्वामी कर्मणानंद जी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, व्यक्तित्व एवं कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान भारतीय समाज का वास्तविक उद्धार दरिद्र नारायण की सेवा, समाज में समरसता की भावना तथा सर्वधर्म समभाव के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने मानवता की सेवा को ही सच्चा धर्म बताते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसके लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. प्रियंका तिवारी, सहायक प्राध्यापक, दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जावेद अंजुम ने की। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राम नारायण मिश्र, सहायक प्राध्यापक, दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पाली विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर संजय कुमार, संस्कृत विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर मुनेश्वर कुमार, पाली विभाग के वरिष्ठ प्रोफ़ेसर कृष्ण देव वर्मा, सहायक प्राध्यापक डॉ. बागेश कुमार, डॉ. विनय कुमार तिवारी, डॉ. एकता वर्मा, डॉ. ममता मेहरा, डॉ. तरन्नुम जहान, डॉ. जियाउल्ला अनवर, डॉ. मुमताज सहित छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर ने रचा इतिहास, केसर तकनीक को मिला पेटेंट

## केसर अनुसंधान में ऐतिहासिक उपलब्धि, बिहार बना कृषि नवाचार का केंद्र : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बताया कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर द्वारा कृषि जैव-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की गई है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित नवाचार 'केसर के रैपिड इन-विट्रो डायरेक्ट ऑर्गेनोजेनेसिस के लिए एक ग्रोथ मीडिया कम्पोजीशन' शीर्षक नवाचार को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा पेटेंट प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि न केवल बिहार, बल्कि देश के कृषि अनुसंधान, नवाचार और उच्च मूल्य वाली फसलों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर कृषि मंत्री ने बिहार कृषि



विश्वविद्यालय, सबौर के कुलपति, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों एवं तकनीकी कर्मियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पेटेंट विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक दक्षता, निरंतर अनुसंधान प्रयासों तथा नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। केसर जैसी अत्यंत मूल्यवान फसल के लिए विकसित यह उन्नत इन-विट्रो तकनीक भविष्य में किसानों की आय बढ़ाने, कृषि विविधिकरण को बढ़ावा देने तथा राज्य की कृषि को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत एवं मेक इन इंडिया के संकल्प तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कृषि नवाचार, किसान समृद्धि और सतत विकास के विजन के अनुरूप बिहार कृषि विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त यह पेटेंट राज्य और देश के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलता है। जैव-प्रौद्योगिकी आधारित उन्नत तकनीकों के माध्यम से उच्च मूल्य वाली फसलों का उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि, कृषि विविधीकरण को प्रोत्साहन तथा ग्रामीण रोजगार सृजन को गति मिलेगी।

## बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी प्रवास कार्यक्रम में पहुंचे नवगछिया और भागलपुर, कार्यकर्ताओं ने किया अभूतपूर्व स्वागत

# हमारी मंजिल भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाना : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी आज अपने प्रवास कार्यक्रम के क्रम में बेगूसराय से नवगछिया और भागलपुर पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद उनका कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। भागलपुर पहुंचने पर वे एक रोड शो में भी शामिल हुए जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा आम जन शामिल हुए। इस क्रम में विभिन्न संगठनों द्वारा भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी आज सबसे पहले नवगछिया के बिहपुर पहुंचे। यहां वे अभिनन्दन समारोह में शामिल हुए।




बिहपुर विधानसभा स्थित एनडीए कार्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह में पार्टी पदाधिकारियों एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं द्वारा उनका आत्मीयता, उत्साह और अपनत्व के साथ स्वागत और सम्मान किया गया। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता, अनुशासन और सेवा-भाव ही संगठन की शक्ति है। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने एवं एनडीए सरकार की विकासात्मक योजनाओं से जन-जन को जोड़ने की दिशा में संगठन और कार्यकर्ता एकजुट होकर समर्पण, परिश्रम और पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करते हुए कहा कि हमारी मंजिल भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाना है। इस अवसर पर बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह विधायक कुमार शैलेन्द्र, भाजपा जिलाध्यक्ष मुक्तिनाथ सिंह निषाद सहित पार्टी पदाधिकारी एवं प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नवगछिया के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी दो दिवसीय भागलपुर प्रवास के क्रम में भागलपुर पहुंचे जहां जिलाध्यक्ष संतोष कुमार की अध्यक्षता में प्रमुख कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। रेशमी नगरी भागलपुर में भाजपा अध्यक्ष के स्वागत में फूल बरसाए गए। इस क्रम में पासी समाज, ब्रह्मऋषि युवजन सभा सहित विभिन्न संगठनों द्वारा उनका अभिनन्दन किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी इसके बाद टाउन हॉल में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मान सम्मेलन में सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए। भाजपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के बड़े हुजूम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को आदेश देने वाला नहीं, संस्कार देने वाला परिवार है, यह हमें नहीं भूलना चाहिए।

# स्वामी विवेकानन्द जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वामी विवेकानन्द स्मारक प्रबंधक समिति, बिहार द्वारा 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के शुभ अवसर पर स्वामी विवेकानन्द जयंती का आयोजन समिति के निबंधित कार्यालय, शिवपुरी (नव चेतना पथ), अनीसाबाद, पटना में किया गया। विवेकानन्द केन्द्र, पटना शाखा के रामकृपाल कुमार एवं रंजन कुमार द्वारा आरती पूजन एवं मंत्रोच्चारण के साथ स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। निरंजन कुमार दास ने सांस्कृतिक भजन-गायन एवं ईश प्रार्थना प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। समिति के महासचिव प्रकाश कान्त पंकज ने अपने संबोधन में दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की महान विभूति स्वामी विवेकानन्द की स्मृति में बिहार की गौरवशाली धरती पर अब तक कोई उपयुक्त स्मारक भवन नहीं है।

# अ.भा.वि.प शेरघाटी नगर इकाई ने एसएमएसजी कॉलेज में मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

## युवाओं ने लिया राष्ट्र पुनर्निर्माण का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शेरघाटी नगर इकाई द्वारा एसएमएसजी कॉलेज के सभागार में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर परिषद कार्यकर्ताओं द्वारा अतिथियों को शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, शेरघाटी जिला के प्रचारक ऋषभ जी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि केवल संसाधनों के बल पर राष्ट्र



की उन्नति संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए चरित्रवान और संस्कारयुक्त युवाओं की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से व्यक्तित्व के साथ-साथ चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। एसएमएसजी कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि स्वामी विवेकानंद महान विचारक, दूरदर्शी और युवाओं के पथप्रदर्शक थे। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार किया जा सकता है जो उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नगर परिषद शेरघाटी की अध्यक्ष गीता देवी ने स्वामी विवेकानंद को आधुनिक भारत का निर्माता बताते हुए कहा कि उनके विचार आज के युवाओं के लिए ऊर्जा का स्रोत है। युवाओं को उनके 'चरैवेति-चरैवेति' मंत्र को जीवन में अपनाना चाहिए। नगर मंत्री सचिन कुमार ने स्वामी विवेकानंद द्वारा शिकागो में दिए गए ऐतिहासिक भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने विश्व पटल पर भारतीय संस्कृति का गौरव बढ़ाया। वरिष्ठ कार्यकर्ता रंजन कुमार ने युवाओं से शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ राष्ट्र और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अमित कुमार, कॉलेज इकाई अध्यक्ष सुबोध कुमार, शशि कुमार, सत्यम सिंह, अखिलेश कुमार, अधिवक्ता आभा रानी, अभिषेक कुमार, राहुल कुमार, आदर्श सैनी, सलोनी कुमारी, प्रीति कुमारी, स्मृति कुमारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सशस्त्र सीमा बल द्वारा छह दिवसीय 'आर्ट ऑफ लिविंग' कार्यशाला का शुभारंभ




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** मधुकर अमिताभ, कमांडेंट, 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया जी के मार्गदर्शन में 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा गया जी में छह दिवसीय (12.01.2026 से 17.01.2026) 'आर्ट ऑफ लिविंग' कार्यशाला का शुभारंभ रविशंकर कुमार, द्वितीय-कमान- अधिकारी, 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया जी द्वारा किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बल के अधिकारियों एवं जवानों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना है जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन और अधिक कुशलता एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ कर सकें और बलकर्मिक तनावमुक्त व खुशहाल जीवन जी सकें। इस अवसर पर द्वितीय-कमान-अधिकारी ने बताया कि सुदूर एवं चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में कार्यरत बल कर्मियों के लिए तनाव प्रबंधन, ध्यान, प्राणायाम एवं सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है।

# प्रमुख ने की चैम्बर में बुलाकर पीआरएस की पिटाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** सोमवार को दोपहर प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी ने घटेरा पंचायत के पंचायत रोजगार सेवक पंकज कुमार को अपने चैंबर में बुलाकर लप्पड़ थप्पड़ किया। इस अप्रत्याशित मारपीट से पंचायत रोजगार सेवक जो पंद्रह दिन पूर्व आंख के रेटिना का ऑपरेशन करवाया था, के आंख में खून छलक गया। इस संबंध में पीआरएस पंकज कुमार ने बताया कि प्रमुख मैडम चैंबर में बुलाकर गाली-गलौज करते हुए बोली कि छः माह पूर्व तुमने जो आवास योजना के लिए सर्वे किया था उसमें कई लोगों का नाम लिस्ट में नहीं है। इस पर मैं बोला कि मैडम एप्स में आधार, बैंक पासबुक, जॉब कार्ड बगैरह में अंतर होने पर इस तरह की गड़बड़ी होती है। मेरे द्वारा कोई अनियमितता नहीं किया गया है। इस पर वे कुर्सी से उठ कर गाली-गलौज करते हुए मुझे चार पांच लप्पड़ जड़ दी जिससे ऑपरेशन किया गया। आंख से खून छलक गया और आंख काफी दर्द करने लगा। इस संबंध में मेरे द्वारा थाना में एवं वरीय पदाधिकारियों को आवेदन दिया गया है। वहीं इस संबंध में प्रमुख उर्मिला देवी ने बताया कि मेरे द्वारा आवास योजना के लिस्ट में कई दलितों का नाम नहीं रहने के संबंध में पूछा गया तो पीआरएस द्वारा मुझे गाली दिया जाने लगा जब मैं कुर्सी से उठी तो वह आलमीरा में टकरा गया जिससे उसे चोट लगी है। इधर जी राम जी योजना कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी सरस्वती एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संभव कुमार सिंह ने कहा कि यदि प्रमुख को कर्मचारी से शिकायत था तो मुझसे कहना चाहिए था न कि उनके साथ मारपीट। इस संबंध में उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# इस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में मगध विश्वविद्यालय की शानदार जीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** इस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट 2025S26 के अंतर्गत खेले गए मुकाबले में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया ने ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी, रायगढ़ के विरुद्ध शानदार प्रदर्शन करते हुए 128 रनों से एकतरफा जीत दर्ज की। मैच में ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मगध विश्वविद्यालय की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 206 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से यशराज सिंह ने 52 गेंदों पर 79 रनों की शानदार पारी खेली। हर्ष गिरी ने 35 रन, कुमार शांतनु ने 33 रन, रंजन राज ने 16 रन तथा अंकुश राज ने 10 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी की टीम मगध विश्वविद्यालय की सधी हुई और प्रभावी गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम 15.3 ओवर में मात्र 77 रन पर सिमट गई। इस प्रकार मगध विश्वविद्यालय ने मुकाबला 128 रनों से जीत लिया। गेंदबाजी में मगध विश्वविद्यालय की ओर से राहुल कुमार ने 4 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट प्राप्त किए। आदर्श कुमार सिंह ने 3.3 ओवर में मात्र 8 रन देकर 3 विकेट झटके। इसके अतिरिक्त आदित्य राज एवं रंजीत कुमार को एक-एक विकेट मिला। दीपक कुमार 'दीपू' एवं यशराज सिंह ने किफायती गेंदबाजी कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस. पी. शाही ने टीम की शानदार जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत मगध विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का परिणाम है। हमारे छात्र खेल के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। मैं पूरी टीम, कोच एवं खेल प्रबंधन से जुड़े सभी पदाधिकारियों को इस ऐतिहासिक जीत के लिए हार्दिक बधाई देता हूं और आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इस जीत की खुशी में गया कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सतीश सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं मगध विश्वविद्यालय के डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. प्रदीप कुमार चौधरी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ. सुदर्शन राय, गया कॉलेज एथलेटिक्स सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार, संबंधित महाविद्यालयों के पदाधिकारी एवं सम्पूर्ण विश्वविद्यालय परिवार ने टीम को जीत की बधाई दी। साथ ही गया जिला क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ चुन्नू, विनय कुमार, गब्बर यादव, श्याम यादव, गौतम यादव, शुभम यादव एवं प्रवीण प्रकाश ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए आगे भी बेहतर प्रदर्शन की आशा व्यक्त की।

# स्वामी विवेकानंद के विचारों से आज भी युवाओं को मिलती है राष्ट्र के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के कार्यालय में युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की श्रद्धापूर्वक जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक महान संत ही नहीं, बल्कि भारत के युवाओं के



लिए ऊर्जा, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' का संदेश देकर जीवन में संघर्ष और परिश्रम का मार्ग दिखाया। आज के समय में जब युवा पीढ़ी कई प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रही है, तब स्वामी विवेकानंद के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और राष्ट्र की गौरवशाली परंपरा को विश्व मंच पर स्थापित किया। शिकागो धर्म सम्मेलन में दिए गए उनके ऐतिहासिक भाषण ने भारत की पहचान को पूरी दुनिया में सम्मान दिलाया। उनके विचार आज भी युवाओं को आत्मनिर्भर, चरित्रवान और राष्ट्र के प्रति समर्पित बनने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डाला। उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र के विकास एवं राष्ट्र निर्माण संकल्प लें। मौके पर संतोष ठाकुर, डॉ अशोक, श्रद्धानंद पासवान, मंटू कुमार, बबलू गुप्ता, संतोष कुमार, धर्मेन्द्र प्रसाद सहित अन्य मौजूद रहे।

# बाल हृदय योजना के तहत 2665 गरीब बच्चों का हुई सर्जरी : मंगल पांडेय

## 94 वें बैच में 20 बच्चों को अहमदाबाद किया गया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि विभाग राज्य में बच्चों के गंभीर एवं जन्मजात रोगों के प्रति बेहद संवेदनशील है। इसके लिए राज्य में मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना संचालित की जा रही है। योजना का मुख्य उद्देश्य जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित बच्चों की समय पर पहचान एवं उन्हें निःशुल्क समुचित उपचार प्रदान करना है जिससे जरूरतमंद परिवारों को गंभीर आर्थिक बोझ से राहत मिल सके। बाल हृदय योजना के माध्यम से अब तक राज्य के 2665 हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का सफलतापूर्वक सर्जरी एवं उपचार कराया जा चुका है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य शिविरों एवं स्क्रीनिंग कार्यक्रमों के माध्यम से ऐसे बच्चों की पहचान की जाती है। चयनित बच्चों को विस्तृत चिकित्सीय जांच के बाद आवश्यकता अनुसार आईजीआईसी, आईजीआईएमएस, जयप्रभा मेदांता अस्पताल (पटना) एवं श्री सत्यसाई हार्ट अस्पताल, अहमदाबाद भेजा जाता है जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में निःशुल्क सर्जरी एवं उपचार किया जाता है। बाल हृदय योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-2022 में कुल 338 सफल सर्जरी एवं उपचार की गईं। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2022-2023 में कुल संख्या बढ़कर 410 हो गई। वित्तीय वर्ष 2023-2024 के दौरान कुल 556 सफल ऑपरेशन एवं उपचार हुए। योजना में सबसे बड़ी वृद्धि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में देखी गई जब कुल 764 सफल सर्जरी एवं उपचार की गईं। वहीं, वित्तीय वर्ष 2025-2026 में 09 जनवरी 2026 तक कुल 597 सफल सर्जरी एवं उपचार हुए। श्री पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अंतर्गत जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के 94वें बैच को निःशुल्क इलाज हेतु श्री सत्य साई हार्ट अस्पताल, अहमदाबाद रवाना कर दिया गया है। इस बैच में अररिया, बक्सर, पूर्वी चम्पारण, गया, मधुबनी, नालंदा, समस्तीपुर, सारण, शिवहर एवं वैशाली जिलों के 20 बच्चे शामिल हैं जो हृदय में छेद की समस्या से पीड़ित हैं। इन सभी बच्चों का निःशुल्क सर्जरी एवं उपचार किया जाएगा। इनके अहमदाबाद जाने और आने का व्यय भी स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार द्वारा ही किया जाता है। वहीं बाल हृदय योजना एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वावधान में 08 एवं 09 जनवरी 2026 को कुल 14 बच्चों का निःशुल्क डिवाइस क्लोजर (बिना चीर-फाड़ के) विधि द्वारा सफलतापूर्वक ऑपरेशन, इन्दिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान, पटना में सम्पन्न हुआ।

संपादकीय

# 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का वैश्विक प्रभाव

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 20 जनवरी को अपने दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा करेंगे। 'द इकोनॉमिस्ट' पत्रिका का कहना है कि उन्होंने 'घरेलू और अंतरराष्ट्रीय राजनीति को पूरी तरह से उलट दिया है।' चुनाव प्रचार के दौरान, उन्होंने रूढ़िवादी हैरिटेज फाऊंडेशन द्वारा निर्मित प्रोजैक्ट 2025 को नजरअंदाज कर दिया था। हालांकि, पदभार ग्रहण करने के बाद उनके कार्यकारी आदेशों की झड़ी ने प्रोजैक्ट 2025 को लागू करना शुरू कर दिया। इसमें बिना सुनवाई के संदिग्ध विदेशियों का बड़े पैमाने पर जबरन निर्वासन, घरेलू सैन्य हस्तक्षेप (जिसे अब सुप्रीम कोर्ट ने रोक दिया है)। अप्रैल में 'स्वतंत्रता दिवस' के अवसर पर आयात पर मनमाने टैरिफ लगाने के साथ ही बाह्य नीति में बदलाव शुरू हुए। इसके बाद इसराईल के साथ घनिष्ठ संबंध, यूक्रेन युद्ध से निपटने में रूस समर्थक झुकाव, चीन के साथ व्यापारिक गतिरोध में वृद्धि और एक अस्थायी समझौता हुआ। 4-5 दिसम्बर की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (एन.एस.एस.) ने अमरीकी नीति में हुए प्रमुख परिवर्तनों की पुष्टि की। नई विदेश नीति की प्राथमिकताओं में 'पश्चिमी गोलार्द्ध' को सबसे ऊपर रखा गया है। इसमें उत्तरी और दक्षिणी अमरीका का जिक्र है, जो 19वीं सदी के मोनरो सिद्धांत को पुनर्जीवित करता है, जिसने यूरोपीय प्रतिद्वंद्वियों को लैटिन अमरीकी मामलों में हस्तक्षेप करने से रोका था। इसके बाद एशिया का स्थान आता है, जिसमें इंडो-पैसिफिक पर विशेष ध्यान दिया गया है। पिछले एन.एस.एस. दस्तावेजों के विपरीत, चीन को खतरे के रूप में नामित नहीं किया गया है। 8 दिसम्बर को, अमरीका ने एनवीडिया के उन्नत एच-200 चिप्स की चीन को बिक्री की अनुमति दी। भारत एक अप्रत्यक्ष संदर्भ के रूप में सामने आता है, जिससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद की उम्मीद की जाती है। 1945 के बाद की अस्त-व्यस्त वैश्विक व्यवस्था में, भारत की क्या भूमिका है? भाजपा ने दक्षिण एशिया को छोड़कर घरेलू राजनीति को विदेश नीति से काफी हद तक अलग रखने में कामयाबी हासिल की। घरेलू स्तर पर राष्ट्रवादी-बहुसंख्यकवादी राजनीति अपनाते हुए, धर्म और राजनीति के बीच की सीमाओं को मिटाते हुए, उसकी विदेश नीति कम से कम सतही तौर पर पुरानी धर्मनिरपेक्षता की राह पर चलती रही। भारत में मानवाधिकार प्रथाओं पर अमरीकी विदेश विभाग की रिपोर्टों ने धार्मिक, व्यक्तिगत और प्रैस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध की कड़ी आलोचना की। 2024 की रिपोर्ट में नागरिकता संशोधन अधिनियम और धर्मांतरण विरोधी कानूनों को चिंताजनक बताया गया। हालांकि, इसने भाजपा के गैर-उदारवादी राजनीतिक मार्ग को नजरअंदाज कर दिया, जिससे लोकतंत्र कमजोर हो रहा था। भारत-अमरीका संबंधों को वैश्विक अमरीकी रणनीति के लिए अधिक महत्वपूर्ण माना गया। घरेलू स्तर पर, अमरीका में बढ़ती विदेशियों के प्रति नफरत भारतीय प्रवासी समुदाय, विशेष रूप से उनकी धार्मिक प्रथाओं को प्रभावित कर रही है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अगस्त में हुई 2 दुर्घटनाओं के बाद अमरीका में सिख ट्रक चालकों की परेशानियों के बारे में लिखा। ट्रक व्यवसाय में लगे सिखों की संख्या 1,50,000 है, जिनमें से कई शरणार्थी वीजा पर हैं, जो संभवतः सिख प्रवासी समुदाय का एक-चौथाई हिस्सा है। संघीय अधिकारियों ने कैलिफोर्निया जैसे राज्यों से अपनी ड्राइविंग लाइसैंस नीति की समीक्षा करने को कहा है। ईसाई भाषी और पश्चिमी देशों में बढ़ती विदेशियों के प्रति नफरत चिंता का विषय है। भाजपा निश्चित रूप से यह समझती है कि भारत में हिंदू समूहों द्वारा ईसाइयों को निशाना बनाना, विशेष रूप से इस वर्ष, हिंदू प्रवासी समुदाय के खिलाफ प्रतिशोध को भड़का सकता है। मुसलमानों की छिटपुट लिंचिंग ने इस्लामी दुनिया के साथ भारत के संबंधों को प्रभावित नहीं किया क्योंकि मोदी सरकार ने खाड़ी के प्रमुख शासक परिवारों के साथ सफलतापूर्वक बातचीत की थी लेकिन ट्रम्प को लुभाने और सऊदी अरब तथा यू.ए.ई. के साथ संबंध मजबूत करने के बाद पाकिस्तान कूटनीतिक रूप से पुनर्जीवित हो गया है। अब वह भारत को चुनौती देने के लिए बेहतर स्थिति में है।

# प्रियंका गांधी के सामने है दोहरी चुनौती

**कांग्रेस द्वारा प्रियंका गांधी वाड्रा को असम कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाने का निर्णय 2022 में उत्तर प्रदेश में महासचिव के रूप में उनके बहुचर्चित लेकिन निराशाजनक कार्यकाल के बाद उनकी पहली महत्वपूर्ण राजनीतिक जिम्मेदारी है. इस बार बहाने की गुंजाइश नहीं होगी. असम कोई आसान जगह नहीं है और कांग्रेस यह बात बखूबी जानती है. 2016 से सत्ता से बाहर चल रही कांग्रेस 2026 के विधानसभा चुनावों को वापसी के अवसर के रूप में भुनाने की पुरजोर कोशिश कर रही है. उसने राज्य की 126 सीटों में से 100 पर चुनाव लड़ने की योजना की घोषणा की है और रायजोर दल, असम जातीय परिषद, सीपीआई और सीपीआई (एम) जैसी पार्टियों के साथ गैर-भाजपा गठबंधन बनाने का फैसला किया है.**

हरीश गुप्ता

गौरतलब है कि पार्टी ने अखिल भारतीय संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (एयूआईडीएफ) के साथ किसी भी तरह के गठबंधन से इनकार कर दिया है और इसे 'सांप्रदायिक' करार दिया है. यह 2021 के चुनावों से बिलकुल उलट है, जब कांग्रेस-एयूआईडीएफ के बीच गठबंधन था, हालांकि वह भाजपा को सत्ता से बेदखल करने में नाकाम रहा था.

आंकड़े एक गंभीर कहानी बयां करते हैं. 2021 में, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने 75 सीटों के साथ सत्ता बरकरार रखी. कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन को 50 सीटें मिलीं, जिनमें से अकेले एआईयूडीएफ ने 16 सीटें जीतीं. हालांकि, दोनों गुटों के वोट शेयर में अंतर केवल 1.6 प्रतिशत था. प्रियंका गांधी के सामने दोहरी चुनौती है.



स्क्रीनिंग कमेटी की प्रमुख होने के नाते, उन्हें गुटबाजी पर अंकुश लगाना होगा और टिकट वितरण में सुरक्षित, जाने-पहचाने नामों के प्रलोभन से बचना होगा. असम की राजनीति- जो जातीयता, पहचान और भाजपा की निरंतर लामबंदी से आकार लेती है- में भावनात्मकता नहीं, बल्कि सटीकता की आवश्यकता है. भाजपा ने 2021 में 75 सीटें जीतने के बाद 103 सीटों का साहसिक लक्ष्य रखा है. यह जिम्मेदारी इस बात की परीक्षा होगी कि क्या प्रियंका गांधी केवल सुर्खियां बटोरने के बजाय ठोस राजनीतिक निर्णय भी ले सकती हैं. असम में प्रतीकात्मकता का कोई महत्व नहीं है. परिणाम ही सब कुछ होंगे. महाराष्ट्र के सबसे बड़े नेताओं में शुमार शरद पवार ने कुछ समय पहले सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने का संकेत दिया था. लेकिन राजनेताओं के ऐसे बयानों का कोई खास महत्व नहीं होता. जब उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ना बंद किया तो बारामती सीट अपनी बेटी सुप्रिया सुले को सौंप दी, जिन्होंने तब से लगातार चार बार यह सीट जीती है. इसके बाद पवार राज्यसभा में चले गए. लेकिन इस बार उनकी पार्टी ने विधानसभा की सिर्फ 10 सीटें जीती हैं. अब पवार राज्यसभा में वापसी कैसे करेंगे? महाविकास आघाड़ी (एमवीए) - शिवसेना (उद्धव), कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी (एसपी) - के पास कुल 51 विधायक हैं: उद्धव की शिवसेना के 20, कांग्रेस के 16, पवार की पार्टी के 10 और कुछ सहयोगी एक राज्यसभा सीट जीत सकते हैं.

राज्य में खाली हो रही सात सीटों में से दो पवार के गुट की हैं, और एक-एक उद्धव सेना और कांग्रेस की. अगर एमवीए के दल सहमत होते हैं तो वे शरद पवार को राज्यसभा में वापस भेज सकते हैं. लेकिन क्या वे ऐसा करेंगे? पवार खेमा आशावादी है क्योंकि स्थानीय निकाय चुनावों में दलों ने गठबंधन बदले थे.

वे राज्यसभा चुनावों में भी उनके साथ आ सकते हैं क्योंकि राजनीति में कोई स्थायी मित्र या शत्रु नहीं होता - केवल स्थायी हित होते हैं. इसी तरह, पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा का लंबा संसदीय सफर भी अब समाप्त होता दिख रहा है. 92 वर्षीय देवेगौड़ा लगातार किसी न किसी सदन के सदस्य रहे हैं. उन्होंने अपनी लोकसभा सीट अपने पोते को सौंप दी थी.

अब उनका राज्यसभा कार्यकाल समाप्त हो रहा है. मात्र 19 विधायकों के साथ उनकी पार्टी अकेले दम पर एक भी सीट नहीं जीत सकती. राज्यसभा की चार सीटें खाली होने के साथ, भाजपा को एक सीट मिलने की संभावना है. देवेगौड़ा राज्यसभा में तभी लौट सकते हैं जब भाजपा अपनी सीट जद(एस) को दे दे. चूंकि भाजपा के दो सांसद सेवानिवृत्त हो रहे हैं और पार्टी को एक सीट मिलने की उम्मीद है, इसलिए यह संदेहजनक है कि भाजपा देवेगौड़ा के लिए यह सीट छोड़ेगी. लेकिन जद(एस) ने उम्मीद नहीं छोड़ी है.

कई हफ्तों तक शशि थरूर अप्रत्याशित रूप से सुलह का रुख अपनाते नजर आए. कांग्रेस सांसद को सरकार की कई पहलों का समर्थन करते देखा गया, जिससे दिल्ली में कानाफूसी शुरू हो गई: क्या थरूर भाजपा के करीब आ रहे थे, या कम से कम कांग्रेस की आक्रामक नीति से दूर जा रहे थे? अब यह धारणा कमजोर पड़ती जा रही है.

पिछले कुछ दिनों में, थरूर ने अपनी रणनीति में स्पष्ट बदलाव किया है और संसद के शीतकालीन सत्र में मोदी सरकार के सबसे सुनियोजित और ठोस आलोचकों में से एक बनकर उभरे हैं. उन्होंने मनरेगा में किए गए बदलावों का विरोध किया और जी राम जी कहे जाने पर यह कहते हुए कड़ी आपत्ति जताई कि 'राम का नाम बदनाम न करो'.

कई कांग्रेसी नेताओं को आश्चर्य हुआ कि जब थरूर खुलेआम भाजपा के साथ मेलजोल रख रहे थे, तब भी पार्टी ने उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की. थरूर ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने वाले विवादास्पद विधेयक पर भी सरकार की आलोचना की और तर्क दिया कि रणनीतिक क्षेत्रों को कॉरपोरेट जोखिम लेने के हवाले नहीं किया जा सकता.

निर्णायक मोड़ तब आया जब थरूर ने एक प्रमुख अंग्रेजी दैनिक में तीखे शब्दों में एक लेख लिखा, जिसमें उन्होंने सरकार पर संसद को 'रबर स्टैंप' में तब्दील करने का आरोप लगाया. यह किसी तटस्थ व्यक्ति की बयानबाजी नहीं थी, बल्कि कार्यपालिका के अत्यधिक हस्तक्षेप और विधायिका की अनदेखी से बेहद चिंतित एक सांसद का बयान था. तो फिर कांग्रेस से उनके बाहर निकलने की अटकलें क्यों जारी हैं? आंशिक रूप से इसलिए क्योंकि थरूर पार्टी की मुखर लेकिन लचर विरोध शैली के अनुरूप चलने से इनकार करते हैं. उनकी आलोचना व्यवस्थित, नीति-उन्मुख और संवैधानिक भाषा पर आधारित है- ये ऐसे गुण हैं जिन्हें आज के अति-पक्षपातपूर्ण माहौल में अक्सर नरमी समझा जाता है. अगर कुछ है तो, थरूर का 'बदलता रुख' वैचारिक विचलन के बारे में कम और अनुशासित असहमति के प्रति पार्टी की असहजता के बारे में अधिक बताता है जो दैनिक आक्रोश में लिपटी नहीं होती.

साधना सिंह तब हमेशा सुर्खियों में रहती थीं जब शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री थे. उन्हें अक्सर 'आधा मुख्यमंत्री' कहा जाता था. लेकिन चौहान के दिल्ली स्थानांतरित होने और केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद से साधना सिंह शायद ही कभी नजर आती हैं.

अध्यात्म

## बुरा समय आए तो अपने स्थान पर ध्यान दें



महाभारत के समय की बात है। एक दिन श्रीकृष्ण द्वारिका में अपने बुजुर्गों से कह रहे थे, 'हमारी द्वारिका में हर जगह अपशकुन हो रहे हैं, उत्पात हो रहे हैं। इन सब का मुख्य कारण ये है कि ब्राह्मणों ने हमारे कुल को ऐसा शाप दिया है कि इस शाप को टालना बहुत मुश्किल है। हमें इस शाप को भोगना ही होगा। अब इस शाप के निदान का अवसर चला गया है।' श्रीकृष्ण की बातें सुनकर सभी बुजुर्गों ने कहा, 'कृष्ण, हम तो तुम्हारे भरोसे हैं। ये तो सही है कि द्वारिका में हालात पहले जैसे नहीं हैं। लोग आपस में ही लड़ रहे हैं। हमारे बच्चे उद्दंड हो गए हैं। अब हमें क्या करना चाहिए? ये तो तुम ही बताओ।' श्रीकृष्ण बोले, 'अगर हम अपने प्राणों की रक्षा करना चाहते हैं तो हमें ये जगह छोड़ देनी चाहिए। स्थान से मोह होता है, लेकिन अगर वह स्थान हमारे लिए विपरीत हो जाए, हमें वह दुख देने लगे तो उस स्थान को छोड़ देने में ही भलाई है। यहीं हमारे पास एक प्रभास क्षेत्र है। बहुत पवित्र जगह है, हमें वहां चलना चाहिए।' श्रीकृष्ण ने उस जगह का महत्व बताने के लिए एक उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा, 'जब दक्ष प्रजापति ने अपने दामाद चंद्र को शाप दिया तो उस शाप के रोग से मुक्त होने के लिए चंद्र ने इस क्षेत्र में स्नान किया था। इसके बाद चंद्र रोग से मुक्त हो गए थे। हम भी वहां स्नान करेंगे, अपने पितृों का तर्पण करेंगे, सत्संग सुनेंगे और संकटों से मुक्त होने के लिए जो आत्मबल चाहिए, वह उस स्थान से मिलेगा।' इसके बाद श्रीकृष्ण के कहने पर सभी लोग प्रभाष क्षेत्र में प्रवेश कर गए। इस घटना में श्रीकृष्ण ने हमें संदेश दिया है कि जब ऐसा लगे कि समय विपरीत आ गया है तो अपने स्थान पर जरूर ध्यान देना चाहिए। हो सकता है कि वह जगह आपके लिए सुरक्षित न हो। मौका मिलते ही वह जगह हमें छोड़ देना चाहिए। साथ ही ये भी ध्यान रखें कि वह स्थान हम क्यों छोड़ रहे हैं और नए स्थान पर हमें कौन-कौन से लाभ मिल सकते हैं।

# जीवन की यह कैसी सुबह हो रही है?

**सामाजिक जीवन में रहेंगे, तो एक श्रेष्ठ नागरिक की तरह आचरण करेंगे। जीवन जगत के अनेक मोर्चे पर कार्यरत लोग अगर नैतिक दृष्टि से शिक्षित रहेंगे तो कभी भी अपने हृदय में व्याप्त करुणा, दया-ममता आदि से दूर नहीं हो सकते। मगर जो लोग इस पर विचार ही नहीं करना चाहते, उनके बारे में कोई भी कुछ नहीं कर सकता। फिर भी यह संतोष की बात है इस महादेश में आज भी अनेक लोग पशुओं के प्रति बेहद संवेदनशील दिखते हैं। यानी वे जीव-दया के पक्षधर नजर आते हैं। उस दिशा में कुछ न कुछ काम करते रहते हैं। किसी मनुष्य पर कहीं कोई अत्याचार होता है, तो एक बड़ा वर्ग प्रतिरोध करने खड़ा हो जाता है।**

गिरीश पंकज

कोई भी व्यक्ति हो, उसके भीतर करुणा-संवेदना, स्नेह, मानवता इत्यादि सहज गुण विद्यमान रहते हैं। एक बेहद सख्त दिखने वाले मनुष्य के भीतर भी ये नैसर्गिक गुण होते ही होते हैं। यह और बात है कि अनेक लोग जानबूझ कर अपने भीतर की सहज अनमोल थाती से अनजान बने रहते हैं और निर्ममता के साथ समाज में जीते रहते हैं। किसी के साथ हिंसा करते हैं, कहीं लूटपाट करते हैं। ऐसे अनेक लोग बुनियादी तौर पर अपनी हरकतों को अपनी विशेष कथित बहादुरी के रूप में ही देखते हैं।

अपने बुरे कर्मों के कारण ऐसे लोग एक दिन गिरफ्तार भी होते हैं, जेल जाते हैं, जेल से बाहर आते हैं और फिर उसी बुरे काम में लग जाते हैं। इनके भीतर कोई आत्मज्ञान नहीं आता। दरअसल, इनकी अंतर्निहित करुणा पूरी तरह सुप्त-सी रहती है। यह और बात है कि ऐसे लोग जब अपने घर पहुंचते हैं, तो अपनी छोटी बच्ची या बच्चे को प्रेम से उठाते हैं, चूमते हैं, प्यार करते हैं। उनकी हर इच्छा की पूर्ति करते हैं। लेकिन बाह्य जगत के लिए क्रूर व्यक्ति होते हैं।

गुंडे-बदमाशों की तरह एक सफेदपोश वर्ग भी ऐसा है, जो समाज में प्रतिष्ठा प्राप्त करते हुए अपना कारोबार करता है। खूब धनार्जन करता है। मगर इनमें से कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो कारोबार की आड़ में अपराध करते हैं और जिनके बारे में काफी विलंब से लोगों को पता चलता है। इनमें से कुछ ऐसे हैं जो खाने-पीने की चीजें बनाते हैं और उनमें खुल कर मिलावट करते हैं।

इन्हें इस बात का भी दर्द नहीं होता कि चार पैसे अधिक कमाने के चक्कर में वे न जाने कितने लोगों के जीवन से खेल रहे हैं। मजे की बात है कि ये लोग अपना नियमित 'धंधा' भगवान की पूजा करने के बाद शुरू करते हैं और समापन प्रणाम करके। उन्हें ऊपर वाले का भी कोई खौफ नहीं होता कि वह देख रहा है।

जीवन-रक्षक दवाओं में भी मिलावट की जानकारी आए दिन मिलती रहती है। तब समाज और चकित होता है कि व्यावसायिक पतन कहां तक हो चुका है। पैसे कमाने के लिए लोग जहर बेचने में भी संकोच नहीं करते। ऐसे लोग देश-दुनिया में हर जगह मिल जाएंगे। कई लोग मनुष्य होते हुए भी अमानुष बने रहते हैं। सड़कों पर आए दिन कुछ ऐसे लोग हमें नजर आते हैं जो किनारे बैठे किसी कुत्ते को लात जमा देते हैं। किसी कुत्ते को ऊंची छत से फेंक देते हैं। या राह चलती सीधी-सादी गाय या किसी बैल को डंडा मार देते हैं। कभी-कभी चोट खाए जानवर के मामले में दांव उल्टा पड़ जाता है और वह डंडा मारने वाले को उठाकर पटक देता है।

समाज में इस तरह का एक ऐसा वर्ग है, जिसे हम परपीड़क कह सकते हैं। उसे दूसरों को पीड़ा पहुंचाने में आनंद आता है। कोई भी पशु हो, उसको प्रताड़ित करने में उसे असीम आनंद की अनुभूति होती है। शायद इसे ही शैतान की प्रवृत्ति कहा जाता है। ऐसे लोग हर जगह अपने से



कमजोर तबके को पीड़ा पहुंचाते हैं। हमारे यहां शुरू से कहा गया है कि 'बड़े भाग मानुष तन पावा', लेकिन मनुष्य तन पाने के बावजूद अमानुष बन जाना सामाजिक व्यवस्था को चरमराने की कोशिश करने जैसा है। प्रश्न यह है कि आखिर समाज में कुछ लोग इतने निर्मम क्यों हो जाते हैं? क्यों किसी को पीड़ा पहुंचाते हैं?

इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि इन्होंने अपने धर्मग्रंथों का ठीक से अध्ययन-मनन नहीं किया है। उनकी सामाजिकता की पृष्ठभूमि ने उनके भीतर ऐसी संवेदना निर्मित नहीं की, जिसके सहारे वे दूसरों के प्रति मानवीय हो सकें और साथ ही खुद को मानवीय संवेदनाओं से लैस कर सकें।

हालांकि ऐसे लोग दूसरों को मौके-बेमौके नुकसान पहुंचाते हैं या फिर पहुंचाना चाहते हैं, लेकिन अक्सर इसका नुकसान उन्हें भी उठाना पड़ता है। जब वे खुद को नुकसान में पाते हैं, तब शायद वे इसके कारणों पर विचार करते हों। धर्म कोई भी हो, वह मानवता का संचार करने का ही संदेश देता है। जिन परिवारों में बच्चों को बाल्यकाल से ही ऐसे संस्कार मिलते हैं, वे बड़े होकर नेक राह पर चलते हैं। अगर व्यवसाय करेंगे, तो ईमानदारी का ध्यान रखेंगे। मिलावट से बचेंगे।

सामाजिक जीवन में रहेंगे, तो एक श्रेष्ठ नागरिक की तरह आचरण करेंगे। जीवन जगत के अनेक मोर्चे पर कार्यरत लोग अगर नैतिक दृष्टि से शिक्षित रहेंगे तो कभी भी अपने हृदय में व्याप्त करुणा, दया-ममता आदि से दूर नहीं हो सकते। मगर जो लोग इस पर विचार ही नहीं करना चाहते, उनके बारे में कोई भी कुछ नहीं कर सकता। फिर भी यह संतोष की बात है इस महादेश में आज भी अनेक लोग पशुओं के प्रति बेहद संवेदनशील दिखते हैं। यानी वे जीव-दया के पक्षधर नजर आते हैं। उस दिशा में कुछ न कुछ काम करते रहते हैं। किसी मनुष्य पर कहीं कोई अत्याचार होता है, तो एक बड़ा वर्ग प्रतिरोध करने खड़ा हो जाता है।

इसलिए हमारे यहां यह भी कहा गया है कि यह दुनिया अच्छे लोगों से भरी पड़ी है। ऐसे लोगों की संख्या निरंतर बढ़नी चाहिए। यह तभी संभव है, जब हम नई पीढ़ी को उन सद्ग्रंथों की ओर मोड़ें, जो मनुष्य को और बेहतर मनुष्य बनाने की बात करते हैं। हर व्यक्ति को अपने स्तर पर आसपास के परिवेश में संवेदना के जागरण की दिशा में बिना बोले चुपचाप काम करते रहना चाहिए। इसका असर तभी संभव है, जब व्यक्ति खुद वैसा आचरण या उदाहरण पेश करे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। कुछ कड़े और महत्वपूर्ण निर्णय आज आपको लेने पड़ सकते हैं। आवश्यक सामानों की खरीदारी में धन खर्च होगा।

**वृषभ**
आज आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। अपनी प्रतिभा को पुनः विकसित करने का अवसर मिल सकता है।

**मिथुन**
नये सम्बन्धों का विकास हो सकता है। सन्तान के कार्यों पर नजर बनाकर रखें। टीमवर्क के माध्यम से गम्भीर समस्याओं का निराकरण कर लेंगे।

**कर्क**
परिवार में थोड़ी कलह उत्पन्न होने की सम्भावना है। अजनबी व्यक्तियों पर अधिक विश्वास न करें। हृदय रोगियों को सावधान रहने की आवश्यकता है।

**सिंह**
आपको कुछ नया सीखने का मौका मिल सकता है। पुरानी डील के कारण आपको लाभ मिलने की सम्भावना है। भोग-विलास का आनन्द उठायेंगे।

**कन्या**
व्यापार में नये बदलाव करने से बचें। परिश्रम का सार्थक परिणाम नहीं मिलेगा। आय के साथ-साथ आपके खर्च भी बढ़ेंगे। अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें।

**तुला**
सरकारी कार्यों में कुछ बाधा आ सकती है। दूसरों के विवादों में समझौता न करायें। भाई-बहनों के प्रेम भाव बढ़ेगा। धर्म-कर्म को लेकर अन्धविश्वासी न बनें।

**वृश्चिक**
जॉब में मनोवान्छित लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यकुशलता की प्रशंसा होगी। सहकर्मी आपकी चुगली कर सकते हैं।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में परिवर्तन आ सकते हैं। दुष्टजन आपको हानि पहुँचाने का प्रयास करेंगे। व्यवसाय में बड़ा परिवर्तन करने से आपको बचना चाहिये। किसी भी कार्य को ठीक तरह से करने में मुश्किल होगी।

**मकर**
राजनीति से जुड़े लोगों को सोच-समझकर दान करना चाहिये। उधार चुकाने के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। वाहन का प्रयोग सावधानी से करें। जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

**कुंभ**
व्यापार में इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। घर का वातावरण शान्तिपूर्ण रहेगा। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। जिम्मेदारियों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं।

**मीन**
परिवार में क्लेश का वातावरण हो सकता है। घर के लिये खरीदारी कर सकते हैं। उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों को सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिये।

## संक्षिप्त समाचार

### मंदिर परिसर में अजगर देखकर लोग हुए भयभीत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कचहरी गंगा घाट स्थित बाल शनि धाम मंदिर परिसर के पास एक अजगर सांप देखे ही लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। इस दौरान आसपास के लोग भी अजगर को देखने के लिए जुट गए। इस दौरान मंदिर के प्रधान पुजारी श्री मुनि जी महाराज ने बताया कि इस परिसर के आसपास गंगा नदी के चलते जीव जंतु मंदिर के आसपास आ जाते हैं जिसे कोई भी नहीं मार सकता है। इस धरती पर सबको जीने का अधिकार है लिहाजा कुछ देर के बाद सांप जंगल में चला गया।



### सड़क चौड़ीकरण के दौरान पाइप लाइन फटी सड़क पर आने जाने वालों हो रही है परेशानी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय के पास सोमवार की संध्या उच्च पथ- 31 पर सड़क को चौड़ीकरण का काम युद्ध स्तर पर हो रहा है। इसी दौरान जेसीबी मशीन से सड़क किनारे मिट्टी की खुदाई के दौरान इलाके के वाटर सप्लाई पाइप क्षतिग्रस्त हो गया जिसके चलते सड़क पर पाइप का पानी फव्वारा जैसा फेंकने लगा और गड्ढे में भी पानी जमा हो गया। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले वाहन एवं आने जाने वाले यात्रियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। जिसके चलते यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई लेकिन कई घंटे गुजर जाने के बावजूद भी पीएचडी विभाग ने अभी तक उसे ठीक नहीं किया। हालांकि स्थानीय लोगों के द्वारा प्रशासन को इसकी जानकारी दे दी गई है।



### पुरानी रंजिश को लेकर जमकर मारपीट

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युसुफ गार्डन रोड स्थित कॉलेज के पास सोमवार की दिन बाढ़ थाना के आसपास के रहने वाले मोहम्मद खालिद के पुत्र अब्दुल वाहिद और आबिद खान को कुछ बदमाशों ने पुरानी रंजिश को लेकर मोटरसाइकिल के चैन से पिटाई कर दी। जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल युवक ने बताया कि पूर्व में भी लोगों के द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। सोमवार को कॉलेज में परीक्षा देने गए थे तभी दोनों भाई को अकेला देख हमला बोल दिया और 5/7 की संख्या के में बदमाश अचानक हमला बोल दिया और जख्मी होने के बाद भाग गया। मारपीट करने वाले बांध रोड अस्पताल के पीछे के रहने वाले हैं। पीड़ित परिवार के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई है।

### डिप्टी जीओसी ने किया सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का उद्घाटन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छावनी परिषद द्वारा नासरीगंज व तुराह टोली स्थित नवनिर्मित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कचरा ठोस प्रबंध यूनिट का परिषद के अध्यक्ष सह सब एरिया के डिप्टी जीओसी ब्रिगेडियर अमित बेदी ने उद्घाटन किया. इस अवसर पर ब्रिगेडियर श्री बेदी ने छावनी क्षेत्र के रहने वालों आम लोगों से अपील किया कि कचरा इधर-उधर नही फेंके.



कूड़ा-कचरा छावनी परिषद द्वारा कचरा प्वांइट पर ही फेंकें. जिससे छावनी परिषद द्वारा कचरा निष्पादन करने में आसान होगी और परिषद क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर और हरा भरा बनाया जा सकेंगे.उन्होंने लोगों से अपील किया कि आपके सहयोग बिना परिषद क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर नही बनाया जा सकता है. परिषद के मुख्य अधिशाषी अधिकारी सपन कुमार ने कहा कि परिषद क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने में आप लोगों को पूरा सहयोग चाहिये. तभी नगर स्वच्छ व सुंदर बनानेगा . मौके पर परिषद के नामित सदस्य आशा देवी, प्रधान लिपिक मो फिरोज, कन्हैया लाल, मो रजी, पप्पू कुमार , मो नसीम , सुदामा कुमार समेत आदि मौजूद थे.

### बीएस कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीएस कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कॉलेज में विवेकानंद जयंती के मौके पर राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह का आयोजन किया गया. कॉलेज के प्राचार्य, प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया. इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. श्यामदेव पासवान ने कहा कि विवेकानंद के जीवन से हम सब को प्रेरणा लेनी चाहिए. प्रो. गोपाल यादव ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला. प्रो. आभास कुमार ने उनके जीवन दर्शन पर व्याख्यान दिया और विवेकानंद के सार्वभौमिकता के सिद्धांत को रूपायित किया.कॉलेज के एनएसएसविवेकानंद के जीवन चरित्र और अध्यात्म पर बात की. उन्होंने कहा के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राकेश रंजन ने किया. उन्होंने स्वामी कि युवाओं के लिए विवेकानंद का जीवन प्रेरणा का पुंज है. विद्यार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई. विजेताओं में वैभव, संजना, रिया, निधि को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.. मौके पर कॉलेज के प्रोफेसर समेत विद्यार्थी मौजूद थे.

### आरएसएस के सदस्यों ने किया पत्रक का वितरण

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को मनेर बस्ती रोड स्थित कई मोहल्लों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों के द्वारा हर घर तक सम्पर्क करते हुए पत्र का वितरण किया गया। पत्र वितरण के दौरान लोगों को आरएसएस के विचार और राष्ट्रवाद के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए जानकारियां दी गई। इस मौके पर खंड संचालक शशि भूषण पांडे, चंद्रभूषण पांडे, संजय खत्री, मुकेश कुमार, गोपाल यादव, श्री राम निषाद, रवि भूषण समेत कई लोग शामिल थे।

### हथियार व 32 लीटर शराब के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रुपसपुर पुलिस को रविवार की रात गुप्त सूचना पर सबरी नगर में कर्कटनुमा घर में छापेमारी कर 32.250 लीटर अंग्रेजी शराब, एक पिस्तौल , तीन गोली व चार मोबाइल के साथ



चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार सबरी नगर के सोनू कुमार, प्रिंस कुमार व जितेंद्र कुमार व राहुल कुमार सागरू फतुहा का निवासी है. है. एएसपी शिवम धाकड ने पत्रकारों को बताया कि बीते रात रूपसपुर पुलिस ने गुप्त सूचना मिली कि सबरी नगर में शराब की बिक्री किया जा रहा है और हथियार रखे हुए है. सूचना पर पुलिस टीम ने कर्कटनुमा घर में छापेमारी कर घर में रखे 32. 250 लीटर अंग्रेजी शराब, एक पिस्तौल, तीन गोली व चार मोबाइल के साथ चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### फंदे से लटक कर लड़की ने की आत्महत्या

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा थाना के सकरौल गांव के लड़की की फंदे से लटक कर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही इनरवा थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बेतिया भेज दिया। मृत लड़की की पहचान बलीराम राम की पुत्री पुष्पा कुमारी ( 15 ) बतायी जाती है। घटना का कारण पारिवारिक कलह बताया जाता है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कर परिजन को सौंप दिया गया है। आगे कार्रवाई की जा रही है।

### इनरवा में अवैध नशीली दवाओं का भंडाफोड

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा पुलिस ने छापेमारी कर खमिया गांव में गड्ढा खोद भंडारण किया गया बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित कफ सिरप एंव नशीली दवाएं बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने 330 बोतल नशीली कफ सिरप और 1200 नशीली टैबलेट जब्त करते हुए खमियां से धंधा करने वाले मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है। इनरवा थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया गुप्त सूचना पर कारवाई की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी खमिया गांव निवासी मेघनाथ प्रसाद कुशवाहा के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।

### इनरवा से बालू लदा ट्रैक्टर ट्राली जप्त,चालक गिरफ्तार

**मैनाटाड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा पुलिस ने इनरवा बाजार से रविवार की शाम अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ट्राली को जप्त किया है। साथ ही चालक को भी गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि एक बालू लदा ट्रैक्टर ट्राली जाते हुये देखा गया।संदेह होने पर उस ट्रैक्टर ट्राली को रोककर चालक से कागजात की मांग की गयी।

# गौरीचक थाना क्षेत्र में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

## फांसी लगाकर जान देने की आशंका, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

**पटना/फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गौरीचक थाना क्षेत्र के चिपुरा खुर्द गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब 5 माह पूर्व विवाह के बाद ससुराल में रह रही एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. मृतका की पहचान मोहनी कुमारी, पति अभिषेक कुमार, निवासी ग्राम चिपुरा खुर्द, थाना गौरीचक, जिला पटना के रूप में की गई है. परिजनों के अनुसार मोहनी कुमारी की मौत फांसी लगाने से हुई बताई जा रही है, हालांकि मायके पक्ष





ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं. बताया जा रहा है कि मृतका का मायका भी इसी गांव में है, जिससे घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए. सूचना मिलने पर गौरीचक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट तैयार की. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पुलिस के अनुसार वर्तमान में इलाके की विधि व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनी हुई है. मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही मोहनी कुमारी के साथ ससुराल में मारपीट की जा रही थी और इसी प्रताड़ना के कारण उसकी हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया है. घटना के बाद मायके वालों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है. पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मृतका के पति अभिषेक कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी. थाना पुलिस ने बताया कि इस मामले में अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है. आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी. पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है.

### भूमि से संबंधित मामलों की हुई सुनवाई

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल कार्यालय प्रकोष्ट में सोमवार को सीओ सुधांशु शेखर ने भूमि से संबंधित विभिन्न मामलों की सुनवाई की। इस दौरान फरियादियो की सुनवाई के दौरान सबसे अधिक मामले आपसी रास्ते के विवाद से जुड़े सामने आया। सुनवाई के दौरान सीओ ने स्पष्ट किया कि जहां भी गंभीर पेंच है या विधि व्यवस्था उत्पन्न होने की स्थिति है, वैसे मामलों में आवेदक अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय में आवेदन करें। उन्होंने कहा कि अंचल स्तर पर जो समाधान संभव है, वह किया जा रहा है। इस क्रम में फॉर्मर रजिस्ट्री में समस्या लेकर एक किसान भी पहुंचा।

## गोपालपुर थाना क्षेत्र में पानी भरे पैन में मिला अज्ञात शव, प्रारंभिक जांच में डूबने की आशंका

**फुलवारीशरीफ/पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना के गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कामता चक कुरथोल रोड के पास रविवार दोपहर सनसनी फैल गई जब सड़क किनारे पानी भरे पैन में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया. शव देखकर आसपास के ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ग्रामीण रोजमर्रा के काम के लिए सड़क मार्ग से गुजर रहे थे और तभी पानी में कुछ तैरता हुआ देखा. नजदीक जाकर पहचान करने पर प्रतीत हुआ कि यह शव है, जिसके बाद तुरंत गोपालपुर थाना की टीम को सूचना दी गई. थाना की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को निकाला. पुलिस ने घटना स्थल के आसपास सुरक्षा घेरा बनाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया.




थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शव लगभग एक सप्ताह पुराना प्रतीत हो रहा है. शव पर किसी भी प्रकार की बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए और प्रथम दृष्ट्या यह डूबने से हुई मौत लगती है. वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा. पुलिस ने मृतक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष अनुमानित बताई है, लेकिन अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस प्रशासन ने कहा कि शव की पहचान के लिए सभी संभावित प्रयास किए जा रहे हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी.

# होटल संचालक की पत्नी की गोली मारकर हत्या

## देर रात वारदात से इलाके में दहशत

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के जानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरादपुर इलाके में रविवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई, जब होटल संचालक की पत्नी की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी. घटना के बाद पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई और लोगों में भय का माहौल बन गया. मृत महिला की पहचान जहानाबाद जिले की रहने वाली करीब 40 वर्षीय माला देवी के रूप में हुई है. वह बभनपुरा इलाके में होटल का संचालन करने वाले सुबोध कुमार की पत्नी थीं. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार माला देवी मूल रूप से जहानाबाद में रहती थीं. रविवार को वह अपने मायके से पटना के लिए निकली थीं. पटना पहुंचने के बाद वह अनीसाबाद इलाके में अपने एक परिचित के घर कुछ समय के लिए रुकी थीं. देर रात वह वहां से फुलवारी शरीफ स्थित अपने घर के लिए रवाना हुई थीं. इसी दौरान जानीपुर थाना क्षेत्र के





मुरादपुर इलाके में सोनार रोड के पास अज्ञात अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाते हुए गोली मार दी. गोली लगते ही वह सड़क पर गिर पड़ीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई. बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर माला देवी को गोली मारी गई, वह उनके पति के होटल से करीब 500 मीटर की दूरी पर है. घटना होटल के पीछे की ओर की बताई जा रही है. स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे महिला का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा, जिसके बाद इसकी सूचना जानीपुर थाना पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही जानीपुर थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी. घटनास्थल की घेराबंदी कर फॉरेंसिक जांच की प्रक्रिया शुरू की गई. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए एम्स पटना भेज दिया. घटनास्थल से एक खोखा बरामद होने की भी पुष्टि हुई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि हत्या बेहद नजदीक से की गई है. घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे. सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह और फुलवारी शरीफ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दीपक कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अनुसंधान से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. पुलिस अधिकारियों ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के समय की गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाई. पुलिस तकनीकी अनुसंधान के जरिए भी मामले की जांच कर रही है. घटनास्थल और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि घटना के समय वहां कौन-कौन मौजूद था और अपराधी किस दिशा में फरार हुए. इसके अलावा मृतका के मोबाइल फोन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और लोकेशन हिस्ट्री की भी जांच की जा रही है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार शुरूआती जांच में लूटपाट या दुष्कर्म जैसी किसी घटना के संकेत नहीं मिले हैं. मृतका के शरीर पर केवल गोली लगने के निशान पाए गए हैं. ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि हत्या किसी आपसी रंजिश, निजी विवाद या पूर्व नियोजित साजिश का परिणाम हो सकती है. पुलिस पारिवारिक विवाद और परिचितों की भूमिका की भी गंभीरता से जांच कर रही है.

# अमर शहीद कौलेश्वर यादव की 24वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहटा प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में मुखिया अमर शहीद कौलेश्वर यादव की आदमकद प्रतिमा के समक्ष उनकी 24वीं पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व उनके पुत्र वधु सह पूर्व प्रखंड प्रमुख मानती देवी एवं समाजसेवी पवन कुमार ने सर्वप्रथम पिताजी के मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया ।तत्पश्चात मौके पर पंहुचे कृषि मंत्रि रामकृपाल यादव, पूर्व विधायक सूर्यदेव त्यागी, नगर अध्यक्ष प्रियंका कुमारी,प्रखण्ड प्रमुख मालती देवी,भाजपा नगर अध्यक्ष कृशानु शांडिल्य,जदयू अध्यक्ष राजू यादव,पूर्व जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार,जदयू जिलाध्यक्ष अशोक कुमार,एलजेपी अध्यक्ष चंदन यादव,लव कुमार,कुश कुमार ,सुभाष यादव,चंद्रमा यादव, अशोक यादव, वकील यादव, मुखिया सहदेव राय,राकेश कुमार, अजय कुमार आदि ने शहीद मुखिया कौलेश्वर यादव



को नमन कर और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।श्रद्धांजलि सभा में पंहुचे भाजपा के वरिष्ठ सह कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि शहीद मुखिया का बलिदान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की अस्मिता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए दिया गया सर्वोच्च त्याग था।शहीद मुखिया ने समाज के लिए जो बलिदान दिया, वह आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रसेवा और कर्तव्यपथ पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा। ऐसे वीर सपूत कभी मरते नहीं, वे इतिहास में अमर हो जाते हैं।उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार शहीदों के परिवारों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।इस मौके पर जयकिशन सोनी,विकाश मिश्रा, मिथलेश कुमार सिंह,शिव नंदन सिंह,अजय कुमार पिंटू,मोहन यादव सहित सैकड़ों लोग शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन मदन मस्ताना एवं धन्यवाद ज्ञापन पवन कुमार ने किया।

### पान दुकान से 589 ग्राम गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दियारा के पतलापुर बाजार में पान दुकान के आर्ड में मादक पदार्थ की बिक्री करने वाले का पुलिस ने खुलासा किया है. शाहपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर बीते रात पतलापुर बाजार में दो पान दुकान में छापेमारी कर 589 ग्राम गांजा ,17 पीस गोगो, प्लास्टिक के एक बोतल में 25पीस उजला के द्रव्य पदार्थ, सनफिक्स टयूब 37 पीस व 7310 नगद रुपए के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार शिव साह व मुकेश सिंह पतलापुर निवासी है. एएसपी शिवम धाकड ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पतलापुर बाजार में पान दुकान के आड़े में गांजा की बिक्री किया जा रहा है. सूचना पर पुलिस टीम ने पतलापुर बाजार में दो पान दुकान में छापेमारी किया गया. पुलिस को देखते ही दुकानदार शिव साह भागने लगा तो पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया और पान दुकान की तलाशी लिया गया तो 330 ग्राम गांजा और 38 पुड़िया में 114 ग्राम गांजा,17 पीस गोगो, प्लास्टिक के बोतल में 25 पीस द्रव्य पदार्थ और 890 नगद रुपए बरामद किया गया है.

## ग्रामीण महिलाओं और आशा कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी शरीफ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीण महिलाओं और आशा कार्यकर्ताओं के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी को मजबूत करना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है. प्रशिक्षण के दौरान गर्भावस्था से लेकर बच्चे के जीवन के प्रथम सुनहरे 1000 दिनों का महत्व, 1 एमसीपी कार्ड के सही उपयोग, शिशु विकास के विभिन्न पड़ाव, बच्चों के लालन-पालन से संबंधित आवश्यक सलाह, विकासात्मक विलम्ब की पहचान, पोषण और स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों पर विस्तार से चर्चा की गई.प्रशिक्षकों ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा सकता है. उन्होंने आशा कार्यकताओं और ग्रामीण महिलाओं से अपील की कि वे प्रशिक्षण के दौरान मिली जानकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में लागू करें और जरूरतमंद परिवारों तक सही स्वास्थ्य संदेश पहुंचाएं. कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर खुलकर चर्चा की. आयोजकों ने कहा कि आगे भी इस तरह के जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे. कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक और प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक उपस्थित रहे. इसके अलावा गजाला साहिन, अभिनित श्रीवास्तव, सुजाता कुमारी, पुष्पा कुमारी, मुनीरा प्रवीण, रीता कुमारी, अफसाना कुमारी और आशा कुमारी भी कार्यक्रम में शामिल हुई.



## समृद्धि यात्रा को लेकर आयुक्त ने की योजनाओं की व्यापक समीक्षा

### विभिन्न स्थलों का आयुक्त ने किया निरीक्षण



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री की पश्चिम चम्पारण जिले में प्रस्तावित समृद्धि यात्रा के मद्देनजर आज आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, गिरिवर दयाल सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयुक्त ने प्रगति यात्रा, सात निश्चय-2 एवं सात निश्चय-03 के अंतर्गत संचालित योजनाओं के साथ-साथ जिले में क्रियान्वित विभिन्न महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की अद्यतन प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों से कहा कि योजनाओं क्रियान्वयन तत्परतापूर्वक करें। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण, कार्यो की वास्तविक प्रगति और जनसुविधाओं से जुड़े पहलुओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रस्तावित समृद्धि यात्रा को सफल, प्रभावी और यादगार बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्य करे। समीक्षा बैठक के पूर्व आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने माननीय मुख्यमंत्री की प्रस्तावित समृद्धि यात्रा के दौरान चिन्हित स्थलों का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, तरनजोत सिंह, प्रभारी उप विकास आयुक्त-सह-अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, नगर आयुक्त नगर निगम लक्ष्मण तिवारी, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, निदेशक डीआरडीए अरूण प्रकाश सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहे।

## नगर निगम के चार कर्मी कार्य मुक्त

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने नगर निगम के कार्यालय सहायक जुगनू कुमार, अमित कुमार, राजेश कुमार और संजीव कुमार को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर दिया है। उन पर कार्यालय कार्य में कोताही बरतने, वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवहेलना, समय से कार्य का निष्पादन नहीं करना, कार्यालय में गुटबाजी और कार्यालय कर्मियों को हतोत्साहित व भ्रमित करने का आरोप है। नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन आरोपों को लेकर चारों से कारण पूछा गया था। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर 24 दिसंबर को जांच समिति गठित की गई थी। जांच समिति में सदर अनुमंडल पदाधिकारी, उपनगर आयुक्त, नगर प्रबंधक शामिल थे। जांच समिति के रिपोर्ट के आधार पर चारों के खिलाफ यह कार्रवाई हुई है। जोनल सफाई पर्यवेक्षक राजेश कुमार पर सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं देना, अपने निर्धारित स्थल पर मौजूद नहीं रहना आदि आरोप सत्य पाया गया था। संजीव कुमार पर अतिक्रमण निष्पादन के आदेश का बार-बार उल्लंघन, वार्ड 15 में अतिक्रमण हटाने का गलत प्रतिवेदन देने का आरोप सही मिला था। अमित कुमार एवं जुगनू कुमार पर कार्यालय कार्य शैली मानक के अनुरूप नहीं रहने, कर्मियों के बीच गुटबाजी करने, कर्मियों को हतोत्साहित कर नकारात्मक प्रभाव डालने और भ्रमित करने का आरोप सही पाया गया था।

### मनरेगा कर्मी के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मनरेगा कार्यालय में सोमवार को गौनाहा के मनरेगा कर्मी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। इस दौरान सभी कर्मियों ने गौनाहा के पीआरएस जितेंद्र पांडेय के निधन पर शोक व्यक्त किया व दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। कर्मियों ने कहा कि वो बहुत ही मिलनसार व व्यक्तित्व के धनी थे। स्थानीय पीआरएस ने बताया कि राजेंद्र पांडेय गौनाहा मनरेगा कार्यालय में छह साल से पदस्थापित थे।

# एएन कॉलेज सभागार में 'युवा एआइ फॉर आल' विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आज दिनांक 12 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अनुग्रह नारायण महाविद्यालय के पुस्तकालय सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में 'युवा एआइ फॉर आल'विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के National AI Literacy Campaign के अंतर्गत आयोजित किया गया, जो स्वामी विवेकानंद की जयंती को समर्पित था। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में आईआईटी पटना के प्रो. नलिन भारती उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. कालानाथ मिश्र, महाविद्यालय के बर्सर डॉ. अभिषेक दत्ता, क्द्दअउ कोऑर्डिनेटर प्रो. तृप्ति गंगवार, राष्ट्रीय




सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार, डॉ. शिरीन मसरुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण डॉ. नवीन कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का युवा ही देश के भविष्य का निमार्ता है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे नवाचारों के माध्यम से समाज और राष्ट्र को नई दिशा मिल सकती है। प्लेसमेंट सेल के कोऑर्डिनेटर और हिंदी विभाग के अध्यक्ष वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. कालानाथ मिश्र ने विवेकानंद को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। मुख्य वक्ता प्रो. नलिन भारती ने युवाओं के जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका, उसके सामाजिक प्रभाव और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आई पर कई टूल्स विकसित हो चुके हैं जिसे अपने जीवन में उसका सदुपयोग किया जा सकता है तथा इसके दुरुपयोग से बचने पर भी उन्होंने जोड़ दिया । डॉ अभिषेक दत्ता ने एआई के उपयोगिता तथा महत्व पर अपने विचार को रखते हुए इसके अच्छाई को ग्रहण करने पर जोर दिया, प्रोफेसर तृप्ति गंगवार ने आज के युवाओं को एआई टूल्स से रूबरू होने तथा शोध परख अध्ययन में इसकी उपयोगिता पर जोर दिया इस अवसर पर अककी भूमिका विषय पर आधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### क्लस्टर खेल प्रतियोगिता सम्पन्न



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजकीय मध्य विद्यालय छौडादानो के खेल मैदान में क्लस्टर स्तर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,यह खेल प्रतियोगिता मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दो दिवसीय आयोजन है, खेल प्रतियोगिता में पहुंचे स्थानीय थाना प्रभारी प्रभात कुमार, स्थानीय समाजसेवी मनोज कुमार यादव, माय भारत के प्रभारी शिव सुजन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर खेल की शुरूआत की , क्लस्टर खेल प्रतियोगिता 2025 में महिला और पुरुष के लिए रिले दौड़, कबड्डी, बैडमिंटन,की प्रतियोगिता हुई, जिसमें चयनित छौडादानो, रक्सौल,बनकटवा, आदापुर,के प्रतिभागियों को निरिक्षण में पहुंची माय भारत के उपनिदेशक युवा अधिकारी रेशमी सिंह ने जीते खिलाडियों को मेडल और कप,देकर सम्मानित किया, प्रतियोगिता में पहुंचे मुख्य कार्यक्रम पदाधिकारी शिव सुजन कुमार ने पहुंचे अतिथियों को अंग वस्त्र पहना कर , पुष्प पौध, मोमेंटो देकर सम्मानित किया, मंच संचालन राकेश कुमार शर्मा ने की, वहीं इस मौके पर स्वयं सेवक चित्तरंजन कुमार, संदीप कुमार,सौरभ चौधरी,छोटी कुमारी,अनिकेत कुमार,सुरज कुमार मनोज कुमार, कुन्दन कुमार उपस्थित थे।

### आरएसएस के द्वारा लगाया गया मेडिकल कैंप



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आदापुर श्यामपुर बाजार के द्वारा रविवार के दिन एक दिवसीय मेडिकल कैंप का आयोजन साई हार्डवेअर के सामने अनिल अग्रवाल के मकान में की गई, शुभारंभ के पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक हेडगेवार, गुरु गोलवलकर और भारत माता की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित की गई, उपस्थित डाक्टरों की टीम,व मरीज उपस्थित होकर राष्ट्रीय गान गाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया, कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर एवं जागरूकता अभियान के माध्यम से गरीब निसहाय लोगों का इलाज किया गया, उपस्थित डाक्टर शिवम कुमार सिंह, डाक्टर मनीष कुमार, अभिषेक कुमार, प्रियेश कुमार, चन्दन कुमार,रशिमी मिश्रा, सहित अन्य डाक्टरों की टीम ने जांच कर मुफ्त दवा वितरण किए, सेवा शिविर के सेवा प्रमुख नारायण अग्रवाल ने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है स्वास्थ्य सेवा ही राष्ट्र सेवा है,इस सेवा शिविर में दर्जनों महिला पुरुष को निशुल्क चिकित्सा दी गई, कार्यक्रम संचालन में अनिल कुमार प्रसाद, समर्थ कुमार वर्णवाल, अंगद वर्णवाल,आदि उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार तीन घायल, एक गंभीर

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंडार पुल के समीप रविवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। बताया गया कि तरैया से घर लौटने के दौरान दवा खरीदते समय पीछे से आ रही एक स्कॉर्पियो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घायलों की पहचान एकावना गांव निवासी बिनोद यादव, राम अयोध्या यादव और मुकेश यादव के रूप में हुई है। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए राम अयोध्या यादव को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### उप मुख्य पार्षद ने किया कंबल वितरित



**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत मांझी के वार्ड संख्या-7 अंतर्गत चौबाह स्थान पर रविवार को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद महिला व पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व उप मुख्य पार्षद नीतू सिंह ने किया। इस अवसर पर नीतू सिंह ने कहा कि गरीब और असहाय लोगों की सेवा ही सच्ची मानवता है। ठंड के मौसम में जरूरतमंद परिवारों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में समाज के हर सक्षम व्यक्ति को आगे आकर उनकी सहायता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद से आत्मिक संतोष मिलता है। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान कृष्णा सिंह पहलवान सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय थाना प्रभारी के द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की , थानाध्यक्ष पप्पू पासवान ने बताया कि बारा जिला के गमहरिया निवासी स्वर्गीय सोने लाल साह के पुत्र संजय प्रसाद साह के पास से चोरी की मोटरसाइकिल सहित पच्चीस हजार नेपाली नोट पकड़े गए हैं,जो कंकड़ बाग पटना में चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, मोटरसाइकिल समस्तीपुर जिला निवासी सुरेंद्र राय के है वहीं दो मोबाइल बरामद किए गए हैं जिन्हें मुस्कान आपरेशन के तहत जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रदत्त की जाती है, मोटरसाइकिल बरामदगी में एस आई पूजा कुमारी, सिपाही सोनू कुमार,सुरज कुमार, सहित विहार रक्षा वाहिनी के सिपाही मौजूद थे।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई




**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रखंड के मधुबनी आश्रम स्थित खादी ग्रामोद्योग संस्थान के प्रांगण में एकल अभियान के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत ओंकार जप एवं दीप प्रज्वलन से हुई। जिसके बाद शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर एकल विद्यालय के चिरैया संच अध्यक्ष अमोद कुमार सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी जी कहा करते थे "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। उन्होंने बच्चों की शिक्षा और संस्कार पर प्रकाश डाला। उनका कहना था कि अगर बच्चे स्कूल तक नहीं आते तो स्कूल को ही बच्चे तक पहुंचना होगा। मौके पर एकल अभियान के अंचल गतिविधि प्रमुख अमन कुमार, अंचल शिक्षा प्रशिक्षक सीमा देवी, संच प्रमुख रवि रंजन, गणेश राम एवं एकल विद्यालय के कई आचार्य, आचार्या दीदी एवं बच्चे उपस्थित थे।

# एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर विधायक छोटी कुमारी ने किया कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित

## जेडीयू-बीजेपी-लोजपा(रा)-हम-आरएलएम के सैकड़ों कार्यकर्ता हुए सम्मानित





**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा विधानसभा क्षेत्र में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की विधायक छोटी कुमारी की ओर से भव्य कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सिटी गार्डन में रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुआ। समारोह में जेडीयू, बीजेपी, लोजपा (रामविलास), हम और आरएलएम से जुड़े सैकड़ों कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। यह आयोजन एनडीए की संगठनात्मक मजबूती, एकजुटता व जनविश्वास का सशक्त प्रतीक बनकर सामने आया। कार्यक्रम में कुम्हार विधानसभा के विधायक संजय गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह जीत केवल एक सीट की नहीं, बल्कि एनडीए की नीतियों, नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम की विजय है। बूथ स्तर पर अनुशासन और समर्पण के साथ किए गए कार्यों का ही परिणाम है कि छपरा में ऐतिहासिक सफलता मिली है। उन्होंने विधायक छोटी कुमारी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि छपरा विधानसभा अब विकास के नए युग में प्रवेश कर चुकी है। विधायक छोटी कुमारी ने समारोह को संबोधित करते हुए सभी कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि जेडीयू, बीजेपी, लोजपा(रा), हम और आरएलएम के हर कार्यकर्ता की मेहनत, संघर्ष और समर्पण की जीत है। चुनावी अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत कर घर-घर जाकर एनडीए की विचारधारा और सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाया, जिससे जनविश्वास और मजबूत हुआ। उन्होंने भरोसा दिलाया कि छपरा विधानसभा के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। सड़क, जल निकासी, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए ठोस कार्ययोजना पर काम किया जा रहा है। जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतरना उनकी जिम्मेदारी है, जिसे वे पूरी ईमानदारी से निभाएंगी। समारोह के दौरान सभी दलों के कार्यकताओं को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं सम्मान प्रतीक प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच पर एनडीए के वरिष्ठ नेता, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, संगठनात्मक एकता और विकास के संकल्प का वातावरण देखने को मिला। आभार सभा को संबोधित करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक डॉ. सी. एन. गुप्ता, जदयू जिलाध्यक्ष बैजनाथ सिंह विकल, लोजपा(रा) जिलाध्यक्ष रवि प्रताप राठौड़, हम जिलाध्यक्ष उज्जवल श्रीवास्तव, आरएलएम जिलाध्यक्ष अशोक कुशवाहा, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश प्रसाद सहित अन्य नेताओं ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में जदयू, भाजपा व सहयोगी दलों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थकों में शम्भू मांझी, कुसुम देवी, दीपक कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष जय प्रकाश यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनु सिंह, जिला मंत्री अर्द्धेन्दु शेखर, मीरा देवी, सुनीता कुमारी, कोषाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, बलवंत सिंह, पूर्व महामंत्री शान्तनु सिंह, प्रवक्ता प्रकाश रंजन निक्कू, मीडिया प्रभारी शालु मिश्रा सहित हजारों की संख्या में एनडीए कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण और क्षेत्रीय विकास के संकल्प के साथ हुआ।

## मूर्ति बरामदगी के बाद मंदिर परिसर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन समाप्त



**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना परिसर के पास स्थित राम जानकी शिव मंदिर से चोरी गई मूर्तियों के मामले में मां सीता की प्रतिमा बरामद होने के बाद मंदिर परिसर में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया। यह निर्णय मशरक डीएसपी संजय कुमार सुधांशु द्वारा कांड के शीघ्र उद्भेदन तथा भगवान राम और लक्ष्मण की मूर्तियों को जल्द बरामद करने के आश्वासन के बाद लिया गया। धरना-प्रदर्शन पर बैठे नगर पंचायत उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित सिंह समेत अन्य ग्रामीणों को डीएसपी ने बताया कि मां सीता की मूर्ति बरामद कर ली गई है और शेष मूर्तियों की तलाश में पुलिस की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस कांड में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। डीएसपी को सम्मानित करने की स्थानीय लोगों की पेशकश पर उन्होंने अनुसंधान पूर्ण होने तक किसी भी प्रकार के सम्मान से इनकार कर दिया। धरना समाप्त होने के बाद अमित सिंह ने कहा कि यदि भविष्य में कांड का पूर्ण उद्भेदन नहीं होता है, तो पुनः आंदोलन किया जाएगा। गौरतलब है कि 5 जनवरी को अज्ञात चोरों ने कटर से ताला काटकर भगवान राम, मां जानकी और लक्ष्मण की अष्टधातु की बेशकीमती मूर्तियां चोरी कर ली थीं। घटना के बाद डीआईजी सह वरीय एसपी डॉ. कुमार आशीष ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और डीएसपी संजय कुमार सुधांशु के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। पुलिस ने मुजफ्फरपुर के देवरिया थाना क्षेत्र के धरफरी मल्लाह टोला में छापेमारी कर एक मूर्ति बरामद की है। इस दौरान राजन सहनी, सोनू सहनी और डेला सहनी फरार हो गए, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। मौके पर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान समेत कई पुलिस अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## रक्सौल में शीतलहर के बाद मौसम ने बदला मिजाज, गुनगुनी धूप से जनजीवन में लौटी रौनक



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल से सटे सीमावर्ती शहर रक्सौल में पिछले कई दिनों से जारी कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बाद आज मौसम ने राहत का संकेत दिया। सुबह के समय आसमान साफ रहा और सूरज निकलते ही गुनगुनी धूप फैल गई, जिससे ठंड से बेहाल आम जनमानस को बड़ी राहत मिली। लगातार पड़ रही ठंड के कारण सुबह और शाम के समय लोग घरों में दुबकने को मजबूर थे। सड़कें और बाजार अपेक्षाकृत सूने नजर आ रहे थे। लेकिन आज सुबह धूप निकलते ही माहौल बदल गया। लोग अपने घरों की छतों, आंगनों और दरवाजों के सामने बैठकर धूप सेंकते दिखे। चौकझ्चौराहों, चाय की दुकानों और बाजार क्षेत्रों में भी लोगों की चहल-पहल बढ़ गई। गुनगुनी धूप का सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों पर देखने को मिला। बुजुर्गों ने जहां धूप में बैठकर शरीर को राहत दी, वहीं बच्चों ने खुले में खेलकर मौसम का आनंद लिया। दैनिक मजदूरों और छोटे दुकानदारों ने भी ठंड से कुछ राहत महसूस की और अपने कामकाज में जुटते नजर आए।स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते कई दिनों से ठंड के कारण सामान्य दिनचर्या प्रभावित हो रही थी। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों, काम पर निकलने वाले लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में आज की धूप ने लोगों को सुकून दिया है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार अभी ठंड पूरी तरह से विदा नहीं हुई है और सुबह-शाम हल्की ठंड बनी रह सकती है। बावजूद इसके, आज निकली गुनगुनी धूप ने रक्सौलवासियों के लिए राहत भरे दिन की शुरूआत कर दी है और जनजीवन में फिर से रौनक लौटती नजर आ रही है।

## ठंड व कोहरे की दोहरी मार : गेहूं को राहत केला-सरसों व सब्जियों पर संकट



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में पिछले कई दिनों से जारी तेज ठंड, घना कोहरा व धूप की लगातार कमी ने खेती को गहराई से प्रभावित किया है। बदले हुए मौसम ने किसानों की किस्मत को दो हिस्सों में बांट दिया है। जहां गेहूं की फसल के लिए यह मौसम अनुकूल साबित हो रहा है, वहीं सरसों, आलू, सब्जियों व खासकर केले की खेती पर गंभीर संकट मंडराने लगा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार केले की फसल को सामान्य रूप से 20 से 30 डिग्री सेल्सियस तापमान और पर्याप्त सूर्य प्रकाश की आवश्यकता होती है, लेकिन मौजूदा हालात में तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है और दिनभर धूप नहीं मिल पा रही है। इससे पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, नतीजतन पौधों की बढ़वार रुक गई है। इसका असर आगे चलकर फलों के आकार और कुल पैदावार पर पड़ने की आशंका है। जिले के कई प्रखंडों में केले के पौधों की पत्तियां पीली पड़ने लगी हैं और किनारों से झुलसने के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में तनों में सड़न और फंगल रोग के संकेत भी सामने आए हैं, जिससे किसान बेहद चिंतित हैं। स्थानीय किसान कृष्णा सिंह का कहना है कि यदि अगले 10झ15 दिनों में मौसम में सुधार नहीं हुआ, तो केले की पूरी फसल को भारी नुकसान हो सकता है। वहीं सरसों की फसल भी मुश्किल दौर से गुजर रही है। ठंड व अधिक नमी के कारण लाही कीट का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे फूल व फलियां झड़ने लगी हैं और उत्पादन पर सीधा असर पड़ रहा है। दूसरी ओर आलू और अन्य सब्जियों की फसलों में झुलसा रोग फैलने लगा है, जिसके कारण पत्ते काले पड़ रहे हैं और पौधे कमजोर होते जा रहे हैं। युवा किसान सम्राट सनी सहित कई अन्य किसानों का कहना है कि लगातार ठंड और कोहरे के कारण फसलों की हालत दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। यदि जल्द ही मौसम साफ नहीं हुआ और धूप नहीं निकली, तो सरसों, सब्जियों और केले की खेती को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। मौसम की इस दोहरी मार ने किसानों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। एक ओर फसलों पर संकट है, तो दूसरी ओर दवाइयों और खाद की बढ़ती कीमतें और उनकी उपलब्धता भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। ऐसे में यदि शीघ्र ही मौसम में सुधार नहीं हुआ, तो जिले की रबी फसलों पर इसका गंभीर और दूरगामी असर पड़ सकता है।

## चिरैया के उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शुरू हुई इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षा

### 60 - 60 परीक्षार्थियों का बनाया गया समूह, दो पालियों में हो रही परीक्षा

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के विभिन्न उच्च माध्यमिक विद्यालयों में इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षा सोमवार से शुरू हुई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हो रही है। वहीं, 60-60 परीक्षार्थियों का समूह बनाकर परीक्षा ली जा रही है। संबंधित स्कूलों ने परीक्षा को लेकर अपना कार्यक्रम जारी किया है। परीक्षा 20 जनवरी तक आयोजित होनी है। प्रखंड मुख्यालय स्थित महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी परीक्षा केंद्र के प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि पहले दिन भौतिकी, रसायन शास्त्र, गृह विज्ञान, मनोविज्ञान व एंटरप्रेन्योरशिप विषयों की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की गई। सभी विषयों में 60 - 60 परीक्षार्थियों का समूह था। वहीं,एंटरप्रेन्योरशिप विषय में केवल दो परीक्षार्थी थे। प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से 12:45 बजे तक व द्वितीय पाली सुबह 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि दोनों पालियों की परीक्षा में कुल 242 परीक्षार्थी शामिल हुए। उक्त परीक्षा केंद्र पर चार अन्य विद्यालयों के परीक्षार्थी की भी परीक्षा होगी। जिनमें उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुर दक्षिणी, यूएचएस रूपहारा, हाइयर सेकेंडरी स्कूल मिश्रोलिया व यूएचएस महुआवा पूर्वी शामिल है। इधर, उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़तरी पश्चिमी के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सुमन ने बताया कि शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त माहौल में आज से प्रायोगिक परीक्षा शुरू हुई। साइंस, आर्ट्स व कॉमर्स के छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की गई। मौके पर शिक्षक संतोष कुमार, कामेश्वर प्रसाद सिंह, यमुनाकांत मिश्रा, राजेश्वर प्रसाद, आर.के रवि, आदित्य राज, दिवाकर कुमार, हरि प्रकाश तिवारी, चंद्रिका कुमार, खालिद हसमुल्लाह सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं मौजूद थे।



## घोड़ासहन को 24 रन से हरा मैनाटार ने किया कप पर कब्जा

### मैनाटार के अनमोल को मैन ऑफ द मैच,घोड़ासहन के अखिलेश को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार




**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय जेएलएनएम कॉलेज के खेल मैदान में रूपेश मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मैच घोड़ासहन तथा मैनाटार की बीच खेला गया.टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मैनाटार टीम ने निर्धारित 20 ओभर में 154 रन बनाए.लक्ष्य का पीछा करते घोड़ासहन की टीम सिर्फ 130 रन ही बना सकी.मैनाटार ने घोड़ासहन को 24 रनों से पराजित कर फाइनल मैच में जीत दर्ज कर कप पर कब्जा जमा लिया. हालाकि घोड़ासहन की टीम में शामिल अखिलेश ने 51 रन और कमलेश 46 रन की साझेदारी खेली लेकिन मैच को जीता नहीं सके.फाइनल मैच में मैनाटार के अनमोल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार तथा घोड़ासहन के अखिलेश को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कारों से लालबाबू यादव तथा आयोजक अमित यादव द्वारा प्रदान किया गया. मौके राहुल कुमार,रौशन कुमार,अखिलेश कुमार,सन्नी कुमार लालू, रविंद्र, सूरज रौनियार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय आमगाछी के प्रांगण में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर उक्त विद्यालय के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सरयुग महतो एवं विशिष्ट शिक्षिका अर्चना कुमारी जिनका स्थानांतरण अन्य विद्यालय में हो गया है के सम्मान में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# चेंबर ऑफ कॉमर्स का 28 वां वार्षिक पदस्थापन सह सम्मान समारोह आयोजित






**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चंपारण जिले के व्यवसायियों के संगठन मोतिहारी चेंबर ऑफ कॉमर्स का 28 वां वार्षिक पदस्थापन सह सम्मान समारोह नगर के रामसन प्लाजा में संपन्न हुआ। इस समारोह के उद्घाटनकर्ता डीआईजी चंपारण प्रक्षेत्र श्री हरकिशोर राय मुख्य वक्ता लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष श्याम भीमसरिया ,मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सौरव जोरवाल, विशिष्ट अतिथि जिला प्रशिक्षु पुलिस अधीक्षक हेमंत कुमार सिंह। समारोह का उद्घाटन सभी अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलन कर किया` तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों को बुके एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभा में आए सभी अतिथियों का स्वागत, अध्यक्ष अंगद सिंह करते हुए अपना अध्यक्षीय संबोधन प्रस्तुत किया एवं सफल कार्यकाल में सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद दिया। महासचिव आलोक कुमार के द्वारा साल भर के गतिविधियों को सभा के समक्ष रखा गया। समारोह में तीन वार्षिक सम्मानों में उत्कृष्ट नागरिक का सम्मान प्रसिद्ध उद्योगपति श्री राजेंद्र गुप्ता, उत्कृष्ट पुलिस पदाधिकारी का सम्मान राजीव रंजन कुमार टाउन थाना प्रभारी तथा उत्कृष्ट सरकारी पदाधिकारी का श्री सौरभ सुमन यादव पूर्व नगर निगम आयुक्त को दिया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने सभी को शुभकामना दी, सम्मान समारोह का भूरि भूरि प्रशंसा किया उन्होंने कहा कि प्रशासनिक विभाग को कम ही लोग सम्मानित करते हैं आपके द्वारा यह क्या - क्या कार्य अभूतपूर्व है उन्होंने कहा कि व्यवसाई जिले के महत्वपूर्ण अंग है, सरकार का काम जो है वह हम कर रहे हैं चाहे वह पुलिस प्रशासन का हो या चाहे नगर निगम का हो या चाहे ट्रैफिक का हो बेहतर यातायात। चेंबर की बातों का मुख्यालय तक का पहुंचने का कार्य करेंगे चेंबर के माध्यम से लगातार पब्लिक से संपर्क बनाए रहेंगे। सरकार के विशेष निर्देश पर हर सप्ताह दो दिन आम जनता किसी भी सरकारी अधिकारी से सोमवार और शुक्रवार को मिल सकेंगे।डी आई जी हरकिशोर राय ने चैंबर के कार्य से काफी खुशी जाहिर की उन्होंने पुलिस और व्यवसाई संवाद के आयोजन पर जोर दिया। ट्रैफिक सुधार हेतु कार्य करते रहेंगे, बाइक चोरी की घटना रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु, चैंबर तथा जन सहयोग से आग्रह किया उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस विभाग प्रतिबद्ध हैं व्यावसायिक लोग पूर्ण रुप से सुरक्षित रहे। समारोह के मुख्य वक्ता लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद के अध्यक्ष श्याम भीमसारिया ने कहा व्यवसाई की बुलंद आवाज बनकर चैंबर, शासन एवं प्रशासन के बीच कड़ी का काम करता है । भारत युवाओं का देश है सबसे ज्यादा युवा श्रम शक्ति हमारे पास है बिना डर सच के लोगों को सामने रखना चाहिए बिहार को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सरकार के साथ हमारी उतनी ही भूमिका है उन्होंने कहा कि विगत दिनों से बिहार का उद्यमी बहुत परेशान रहा है, बियाडा के कई इकाई को जबरदस्ती निकाल दिया गया है और वो व्यावसायिक ऋण से दब गया है जो बहुत बदहाल स्थिति से गुजर रहा है, भीमसेरिया जी ने चनपटिया टेक्सटाइल मॉडल का कोरोना में प्रारंभ हुआ, वैसा उद्योग मोतीहारी में हो जिलाधिकारी से आग्रह किया ,चेंबर नव पदस्थापित अध्यक्ष महेश सिन्हा ने सभी का स्वागत और अभिनंदन किया। अपने सत्र के कार्यों की प्राथमिकता बताते हुए कहा सारे व्यवसाई का आवाज बन कर सत्र 2026 में कार्य करूंगा। महासचिव आलोक कुमार को लगातार दुसरी बार कार्यभार दिया गया! सत्र 2026की नई चेंबर समिति में उपाध्यक्ष के रूप में सुधीर गुप्ता और श्री सुरेश चंद्र,सह सचिव विनय देवकुलियार, कोषाध्यक्ष के रुप में अनिल बोहरा, कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में अरविंद सर्राफ, सुनील कुमार श्रीवास्तव,चंदू मिश्रा, सुधांशु रंजन, डॉ कमलेश कुमार, हेमंत कुमार, मेहुल लाल, अनिल अग्रवाल का परिचय कराया गया। समारोह मे पधारे उप महापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद ने मोतिहारी की बेटा होने के कारण अपनी जिम्मेदारी का एहसास होने की बात कहते हुए शहर को कचरा मुक्त करने एवं जाम मुक्त, जलजमाव के मुद्दे पर कार्रवाई करने की बात कही।

**खोया-पाया**

मैं, हृदय कुमार पिता - श्री बालेश्वर प्रसाद, ग्राम-मखदुमपूर, पो.- खगौल, थाना-दानापूर, जिला-पटना का निवासी हूं, मैं अपने घर से गाड़ीखाना अपने दुकान में आ रहा था, साथ में मेरे पास जमीन का कागजात (मदर डिड) संख्या-6807 दिनांक-13.12.1995, खाता नं.-29, प्लौट नं.-1857, तौजी, नं.-5225, थाना नं.-41, लखनी विगहा का ऑरिजन कॉपी साथ में था, जो कि खगौल गाड़ीखाना के रास्ते में कहीं गिर गया. बहुत खोजबीन किया किन्तु नहीं मिला. जिसकी सूचना खगौल थाना में दिये हैं, जिसका सनहा नंबर SDN-475/26 दिनांक-8.1.26 है. किसी व्यक्ति को मिले तो कृपया संपर्क करें- Mob: 9060063145.

**Name Change**

I, Sunil Kumar Singh, S/o Vidyanand Singh 190, Katahara main sarak Katahara P. S. Chhatapur, Dist. - Supaul (Bihar) PIN-852137 have changed the name of my son namely Raushan Kumar age 17 years and he shall hereafter be known as Rupam Kumar Chauhan.

## एक नजर

### श्री राम मंदिर जन्मभूमि स्थापना दिवस समारोह को लेकर रफीगंज में बैठक



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के बड़ी दुर्गा देवी स्थान मंदिर प्रांगण में रविवार रात श्री राम राज्य संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतुल मिश्रा ने की, जबकि संचालन शुभम कुमार ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 22 जनवरी 2026 को श्री राम जन्मभूमि मंदिर स्थापना दिवस समारोह बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और आयोजन को भव्य व सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। संघ के सदस्यों ने बताया कि इस अवसर पर बिहार के विभिन्न कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। बैठक में रफीगंज के कई धार्मिक एवं समाजसेवी लोग शामिल हुए। इस मौके पर राजेश कुमार, धनराज विश्वकर्मा, धीरज कुमार, शुभम कुमार, सूरज कुमार गुप्ता, संतोष कुमार, युवराज गुप्ता, गौतम कुमार, युवराज शौण्डिक, हर्ष खत्री, हर्ष राज, रोहित कुमार, अजीत कुमार साहू, इशु गुप्ता, अमन कुमार, विश्वकर्मा, दीक्षित मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कासमा थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दुगुल मोड़ के समीप से एक व्यक्ति को 20 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति शराब बिक्री के उद्देश्य से निकल रहा है। सूचना के आधार पर एएसआई नवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान दुगुल मोड़ से दुगुल गांव निवासी प्रह्लाद चौधरी के पुत्र अशोक चौधरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### चोरी की बाइक बरामद, चोर गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइक चोरी की घटना का 12 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। हाजीपुर गोला निवासी सीमांत कुमार के दरवाजे से नकाबपोश चोर द्वारा चोरी की गई मोटरसाइकिल को पुलिस ने गोह थाना क्षेत्र के पोखराहां गांव से बरामद कर लिया। पुलिस ने बाइक संख्या बीआर-26जे-6353 को पोखराहां गांव निवासी उमेश विश्वकर्मा के पुत्र सूरज कुमार के पास से बरामद किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पीड़ित सीमांत कुमार ने रफीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का मना 54वां जन्मदिन

**औरंगाबाद।** शहर के अनुग्रह स्मारक के प्रांगण में सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी के 54वें जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर औरंगाबाद जिला कमिटी के कर्मठ कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर गुलाब का फुल समर्पित कर मनाया और मिठाईयां बांटी गई। इस मौके पर तमाम कांग्रेसी नेताओं ने उन्हे दिर्घायु एवं सत्तासु होने की कामना की। इन मौके पर पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, शैल मो. इरफान अंसारी, पूर्व उपाध्यक्ष उदय पासवान, युवा अध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान, मो. जिन्ना कुरैशी, नागेंद्र कुमार सिंह, प्रो. लालबहादुर सिंह, प्रो. अंबिका प्रसाद, पंडित लाला दूबे, नवीन शर्मा, अर्जुन सिंह सहित मौजूद रहे।

### अभाविप ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रफीगंज नगर इकाई के द्वारा नगर मंत्री राहुल गुप्ता के नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। राहुल गुप्ता ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के पास दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया और आरबीआर स्कूल के खेल मैदान में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र और छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान को मैडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हार्दिक सिंह राजपूत ने बताया कि भारत में हर वर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना और उनका सशक्तिकरण करना होता है। यह दिन महान विचारक, समाज सुधारक और युवा प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है, जिनका जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। राष्ट्रीय युवा दिवस सिर्फ एक दिवस नहीं, बल्कि युवाओं को उनकी शक्ति, जिम्मेदारी और संभावनाओं का एहसास कराने का अवसर है। स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को सही दिशा दिखाने का काम करते हैं और सभी युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी का प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके विचारों पर काम करने की आवश्यकता है तब जाकर भारत 2047 में विकसित भारत कहलाएगा। जिसमें उपस्थित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रांशु सिंह, नगर अध्यक्ष अमित कुमार,नगर सह मंत्री सनी कश्यप, सत्यम कुमार, रंजन कुमार, रोहित कुमार, निर्मल कुमार, सुमित पाठक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जहानाबाद के उमंग बने बिहार अंडर -14 क्रिकेट टीम के सदस्य



**जहानाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जहानाबाद जिला के लिए एक बड़ी उपलब्धि क्रिकेट खेल में आया है। जहानाबाद जिले के उमंग कुमार जो मात्र 13 वर्ष के हैं, जहानाबाद से ऐसे पहले खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने अंडर - 14 बिहार स्टेट टीम में जगह बनाई है। उमंग, रविन्द्र कुमार एवं मीनू कुमारी के सुपुत्र हैं और बिशुनगंज के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि उमंग कुमार, किरण क्रिकेट अकादमी, जहानाबाद में प्रशिक्षक, संतोष कुमार की देखरेख में लगातार प्रशिक्षण प्राप्त करते रहे हैं। जिला पदाधिकारी, अनिल कुमार सिंह के द्वारा उमंग कुमार को उनके उपलब्धि के लिए बधाई दी गई है एवं भविष्य में यह खिलाड़ी नित्य नए आयामो पर सफलता प्राप्त करें इसके लिए शुभकामनाएं दी गई है। जिला पदाधिकारी ने उमंग कुमार के प्रशिक्षक संतोष कुमार एवं उमंग के परिजनों को भी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दी है।

# युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की असली धुरी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्थानीय एस.एस. कॉलेज के राजकुमारी सभागार में महान संत, युगप्रवर्तक एवं राष्ट्रचेतना के उद्घोषक स्वामी विवेकानंद की जयंती अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दीपक कुमार सहित उपस्थित प्राध्यापकों द्वारा स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए आइक्यूएसी के समन्वयक डॉ. विनोद कुमार राय ने स्वामी विवेकानंद की वैचारिकी पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का चिंतन केवल आध्यात्मिक उन्नयन तक सीमित नहीं है, बल्कि वह सामाजिक परिवर्तन, राष्ट्रनिर्माण और मानव कल्याण का सशक्त आधार है। डॉ. राय ने कहा कि युवाओं के आत्मबल, चरित्र निर्माण और निःस्वार्थ सेवा पर आधारित विवेकानंद का दर्शन आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने स्वामी जी के प्रेरक उद्घोष "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत" को युवाओं के लिए जीवन-मंत्र बताते हुए कहा कि यह संदेश उन्हें आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने तथा एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दीपक कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं में निःस्वार्थ कर्म, दृढ़ आत्मविश्वास और असीम ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल युवा आबादी वाले देश में युवाओं की भूमिका समाज और राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवा अपनी क्षमता, ऊर्जा और नेतृत्व गुणों के बल पर असंभव को भी संभव बनाने का सामर्थ्य रखते हैं। संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रभात रंजन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का प्राणवंत स्रोत है, जो उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और सतत परिश्रम के मार्ग पर चलने की सीख देता है। वहीं सौरव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी जी का राष्ट्रवादी चिंतन और मानव सेवा का भाव आज के युवाओं को सकारात्मक सोच और सामाजिक दायित्व के प्रति सजग बनाता है। कार्यक्रम में अन्य शिक्षकों की भी सहभागिता रही। बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने पूरे कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सुना और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# स्वामी विवेकानंद के जीवन से युवा लें प्रेरणा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती के सच्चिदानंद सिंहा कॉलेज में एनएसएस के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ निहारिका एवं कॉर्डिनेटर डॉ संजीव रंजन के मार्गदर्शन में छात्रों ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया और उनके जीवन कृत्यों को याद किया गया। डॉ निहारिका ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने विश्व में भारत की कीर्ति पताका को लहराने का काम किया। युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस मौके पर मधु कुमारी, निधि रॉय, अमरेन्द्र कुमार के साथ ही एनएसएस स्वयंसेवक बुशरा, शुभम, ऋतिक , सुशांत, निशि, सनोज के अलावा सैकड़ों स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। इस शानदार आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा ने एनएसएस यूनिट को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# जीटी रोड के किनारे खुला नाला दे रहा दुर्घटना को निमंत्रण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** दिल्ली से कोलकाता जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 पर बारुण के केशव मोड़ के निकट स्थित नाला क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं खुला नाला बड़े हादसे को निमंत्रण दे रहा है। केशव मोड़ के पास की सर्विस सड़क भी बुरी तरह से प्रभावित हुई है। इतना होने के बावजूद भी इस गंभीर समस्या पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। बता दें कि कुछ वर्ष पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बारुण में नालों का निर्माण कराया गया था लेकिन नाने के ढक्कन टूट चुके हैं और कई स्थानों पर ढक्कन टूट चुके हैं और कई स्थानों पर ढक्कन गायब हैं। निर्माण कार्य के बाद नालों की देखरेख और मरम्मत का कार्य समय पर नहीं किया गया है। सर्विस लेन और राष्ट्रीय राजमार्ग के नाले जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिससे गड्ढे उभर आए हैं। रात के समय यहां बड़ा हादसा हो सकता है। केशव मोड़ की उत्तरी सर्विस सड़क भी क्षतिग्रस्त है जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामाना करना पड़ रहा है। डेहरी से औरंगाबाद जाने वाली यात्री बस बारुण में रुकती है और बदहाल सड़क के कारण यात्री परेशान हैं। स्थानीय निवासियों ने कई बार नालों की मरम्मत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को सूचित किया है परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस ढीले रवैये के कारण स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। एनएच के पेट्रोलिंग अधिकारी ने बताया कि केशव मोड़ पर क्षतिग्रस्त सर्विस सड़क और नाले के टूटे ढक्कन की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई है और शीघ्र ही मरम्मत कराई जाएगी। रहे।

# समाजसेवी मुनारिक यादव की पुण्यतिथि पर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता

## कोलकाता ने रांची को 2–1 से हराकर ट्रॉफी पर किया कब्जा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** प्रखंड के मलहारा पंचायत अंतर्गत वनविगहा खेल मैदान में समाजसेवी स्वर्गीय मुनारिक यादव की 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता कोलकाता और रांची की महिला टीमों के बीच खेली गई, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार खेल भावना और जुझारूपन का प्रदर्शन किया। मैच के दौरान कोलकाता की टीम ने शुरुआत से ही संतुलित और आक्रामक खेल दिखाते हुए रांची की टीम पर दबदबा बनाए रखा। रोमांचक मुकाबले में कोलकाता ने रांची को 2–1 गोल से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। रेफरी की भूमिका शिक्षक रामू सिंह ने निभाई, जबकि आंखों देखा हाल शिक्षक त्रिपुरारी शरण ने सुनाया। मैच से पूर्व समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं खेल प्रेमियों ने स्व. मुनारिक यादव के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत खिलाड़ियों से परिचय कराकर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन राजद की राष्ट्रीय नेत्री सीमा कुशवाहा, स्थानीय विधायक अमरेन्द्र कुमार, सुशील वर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने किया। इस अवसर पर राजद नेत्री सीमा कुशवाहा ने कहा कि क्रिकेट की चकाचौंध के बीच महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय पहल है। यह महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है और यह संदेश देता है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख लालबाबू सिंह यादव, उपप्रमुख सतेंद्र चौधरी, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कुलदीप चौधरी, लोजपा नेता विजय अकेला, समाजसेवी संजीत शर्मा, कौशल शर्मा, मुखिया संतोष सौंडिक, राजद नेता सतेंद्र यादव, लोरिक यादव, पूर्व उपप्रमुख अजय सिंह, पंसस अशोक कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षक नागेश्वर राम, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सतेंद्र यादव, पूर्व सरपंच लक्ष्मण सिंह, डॉ. अरविंद कुमार साधु, अरविंद प्रसाद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने महिला खेल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की।

# वाहन चालकों का निःशुल्क परीक्षण एवं स्वास्थ्य जांच

## जहानाबाद बस स्टैंड




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर सोमवार को जहानाबाद बस स्टैंड मे 64 वाहन चालकों का निःशुल्क नेत्र/ स्वास्थ्य जाँच शिविर जिला परिवहन कार्यालय, जहानाबाद द्वारा आयोजित कर जाँच किया गया।परिवहन विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान मे जिला परिवहन कार्यालय, जहानाबाद द्वारा जनवरी माह मे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत नियमित रुप से अनेकों गतिविधियों को आयोजित कर सड़क के मानकों से आमजनों को रूवरु कराया जा रहा है। सोमवार को इसी क्रम मे जिला परिवहन पदाधिकारी, अविनाश कुमार के नेतृत्व मे वाहन चालकों का निःशुल्क नेत्र/ स्वास्थ्य जांच अभियान चलाकर 64 वाहन चालकों का आंख जांच किया गया तथा आमजनों के बीच सड़क सुरक्षा के मानकों की जानकारी भी दी गई। इसके साथ ही अवर जिला परिवहन पदाधिकारी सुश्री करिश्मा सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर जन जन तक सड़क सुरक्षा हेतु प्रशासन द्वारा ज़ारी गाईड लाइन की जानकारी लोगों को बताया गया। उन्होंने बताया कि सडक सुरक्षा माह के अवसर पर निःशुल्क नेत्र/ स्वास्थ्य जांच शिविर का मुख्य उद्देश्य वाहन चालक का स्वस्थ होना और उसकी आँखों की रोशनी का सही होना सड़क सुरक्षा की पहली शर्त है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने यह शिविर आयोजित किया है ताकि चालक पूरी सावधानी के साथ परिचालन कर सकें।

# युवा दिवस पर याद किए गए स्वामी विवेकानंद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, औरंगाबाद के अटल सभागार में स्वामी विवेकानंद जयंती श्रद्धा, गरिमा एवं राष्ट्रभाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्रों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया जिसमें सुजीत कुमार सिंह, प्रकाश सोलंकी, ज्योति प्रकाश, नवीन चंद्र, वासु कुमार, रवि चौहान, अमित, मोनू, रमाशंकर एवं राहुल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने की। सभी आगत अतिथियों को विद्यालय परिवार की ओर से अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि सबसे बड़ा धर्म अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना है। उन्होंने कहा कि आत्मबल से कुछ भी असंभव नहीं है तथा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। इस अवसर पर उन्होंने देसी गाय पालन का संकल्प दिलवाते हुए विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त शिक्षा ग्रहण कर स्वामी विवेकानंद के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। प्रकाश सोलंकी ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जिस भारत का परचम पूरे विश्व में लहराया, वही भारत आज भी युवाओं की चेतना में जीवंत है। प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवा पीढ़ी के लिए पथप्रदर्शक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को जीवन में अपनाकर राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का मंच संचालन आचार्य राकेश पांडे द्वारा किया गया। मंच संचालन के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को एकाग्रता के महत्व को समझाने हेतु एक प्रेरक कहानी सुनाई, जिसमें सेवा, कर्तव्य और कार्य-क्षेत्र के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।

# युवाओं को नशे से दूर रहने का दिया संदेश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राम लखन सिंह यादव कॉलेज में 9 से 15 जनवरी तक सात दिवसीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कॉलेज द्वारा युवाओं में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से नशा मुक्ति अभियान भी चलाया जा रहा है। सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कॉलेज के अंबेडकर हॉल में एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय "विकसित भारत में युवाओं का योगदान" रहा। इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा किया गया, जिसकी समन्वयक की भूमिका डॉ. नरेश कुमार सिंह ने निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अमित राहुल, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, किशोरी सिन्हा महिला कॉलेज, औरंगाबाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय रजक द्वारा मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अमित राहुल ने अपने संबोधन में कहा कि नशा युवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर योग, ध्यान, खेल और रचनात्मक गतिविधियों को अपनाने का आह्वान किया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी हैं और उन्हें नशा जैसी सामाजिक बुराइयों से बचाना शिक्षण संस्थानों की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सात दिवसीय युवा दिवस कार्यक्रम एवं नशा मुक्ति अभियान से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच और सामाजिक चेतना का विकास होगा। इस अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. संजय कुमार रमन, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. विनिता साव, डॉ. जुबैर आलम, डॉ. एम.डी. इरशादुद्दौला, डॉ. बिपिन कुमार, डॉ. राजेश कुमार चौधरी, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. संगीता सिंह, डॉ. मतीउर रहमान, डॉ. सुगेन कुमार, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. सुनील कुमार, अर्चना सिंह, राजकुमार सिंह, मुकेश कुमार, सोनम कुमारी, अकाउंटेंट विवेक कुमार, सहायक मिथिलेश महतो, राजाउद्दीन खान, जितेंद्र कुमार, संतन कुमार, लक्ष्मी भूषण, डब्लू गिरी, साथ ही एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# समय रहते नशा से मुक्ति पाने में भलाई : राज कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं को नशा के दुष्परिणाम को बताने हेतु एवं नशा से मुक्ति हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें सर्वप्रथम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार तान्या पटेल एवं उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार राय के संयुक्त रूप से हरि झंडी दिखाकर नशामुक्ति रैली को रवाना किया गया। राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट एवं उत्पाद विभाग के सिपाही एवं अर्द्ध विधिक स्वयं सेवक शामिल हुये, जो अपने हाथों में बैनर एवं तख्ती लेकर शहर के मुख्य मार्ग पर लोगों को जागरूक किया। उसके उपरांत प्राधिकार एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार स्थित विधिक सेवा सदन में नशामुक्ति एवं तनावमुक्त समाज के निर्माण विषय पर एक संगोष्ठी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ जिला जज राज कुमार, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अरूण कुमार, प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के चीफ इन्चार्ज ब्रह्माकुमारी सबीता दीदी समेत अन्य गणमान्य लोगो के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिला जज ने बताया कि देश में कई कानून नशा के खिलाफ बने हैं परंतु जबतक समाज प्रखर से नशा के विरूद्ध खड़ा नहीं होगा तबतक नशा मुक्त भारत की निर्माण नहीं हो सकती है इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति तक नशा के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। कार्यक्रम का संचालन अभिनंदन कुमार, उप मुख्य प्रतिरक्षा प्रणाली के द्वारा किया गया।

# हसपुरा में वर्षो से बंद पड़ा है पर्यटन भवन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ाने देने व स्थानीय स्तर पर रोजगार के मौके सृजित करने और अमझरशरीफ में हर वर्ष लगने वाले उर्स मेले में आने वाले पर्यटकों और देवकुंड धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के उद्देश्य से वर्षो पहले हसपुरा में पर्यटन भवन का बनवाया गया था। जो आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। बता दें कि भवन लाखों रुपये की लागत के साथ तैयार किया था। यह भवन अब पर्यटकों का ठिकाना बनने के बजाय इलाके में भूत बंगला के नाम से प्रसिद्ध हो गया है। बता दें कि करीब 27 वर्षो से बंद पड़े इस भवन में न तो कोई गतिविधि है और न ही किसी तरह की देखरेख होता है। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ किसी को नहीं मिल रहा है। हसपुरा प्रखंड मुख्यालय व बस स्टैंड के समीप अमझरशरीफ जाने वाले सड़क पर बना यह पर्यटक भवन कभी क्षेत्रीय पर्यटन विकास की रीढ़ माना जा रहा था। ऐसा उम्मीद थी कि यहां ठहरने वाले पर्यटक स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देंगे परंतु भवन का निर्माण कराने के बाद इसके संचालन में लाने को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई। नतीजा यह हुआ कि भवन धीरे-धीरे वीरान होता चला गया। आज स्थिति यह है कि भवन के चारों ओर झाड़ी उग आए हैं। खिड़कियों के शीशे टूट गए हैं। दरवाजों पर जंग लगी है और परिसर असमाजिक तत्वों का अड्डा बना है। यहां शाम ढलते ही सन्नाटा पसर जाता है। जिससे स्थानीय लोग इस भवन में भूत बंगला के नाम से जाना जाता है। अधिकारियों द्वारा इस भवन की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर विवेकानंद के विचारों को अपनाने की ली शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा बाजार स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल में स्कूल के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद जी की 164 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। मौके पर विद्यालय परिवार के लोगों ने स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को याद किया। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष कृतज्ञ राष्ट्र स्वामीजी के जन्मदिन को समर्थ भारत पर्व के रूप में मना रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह दिन सिर्फ एक महान व्यक्ति का जन्म दिवस नहीं है बल्कि यह हमारे लिए आत्मबल, लक्ष्य प्राप्ति और निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा का दिवस भी है। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य ने सभी बच्चों को स्वामीजी के बताए हुए रास्ते पर चलने की शिक्षा दी। उन्होंने यह भी कहा कि लोग महापुरूष ऐसे नही होते हैं, उसके पीछे उनकी मेहनत और लगन होती है। उन्होंने बच्चों को स्वामी विवेकानंद जी के मेहनत लगन और उनके बताएं रास्ते पर चलने का आह्वान किया। मौके पर विद्यालय शिक्षक संजय कुमार, विनोद कुमार, समीर कुमार, अमित कुमार, बजरंगी कुमार, अमीषा कुमारी सहित अन्य शिक्षकों ने भी स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिन के अवसर पर उनके विराट व्यक्तित्व पर विचार प्रकट किए।

## एक ही गांव में चार जगहों पर चोरी से ग्रामीणों में खौफ

**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो।** रविवार की रात चोरों के नाम रही। एक ओर जहां जिला मुख्यालय में पुलिस द्वारा सील घर में चोरी की घटना का अंजाम दिया गया तो वहीं फेसर थाना क्षेत्र के मंझार गांव में चोरों ने एक ही रात में तीन घर और एक गुमटी में चोरी की घटना का अंजाम दिया है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। हालांकि खबर लिखे जाने तक किसी ने चोरी की घटना को लेकर आवेदन नहीं दिया था। जानकारी के अनुसार चोरों ने रविवार की रात मंझार गांव के धनंजय सिंह का गुमटी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा करीब 25 हजार रुपये की संपत्ति ले भागे। इसके अलावा उसी गांव के पोखरा के पास अवस्थित मनु सिंह, कमलेश सिंह एवं भीम शर्मा के घर में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है और लाखों रूपये की सम्पत्ति ले भागे। एक ही रात चार जगहों पर चोरी की घटना से ग्रामीणों में खौफ व्याप्त है। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि चोरी की सूचना पर पुलिस जांच में गई थी। हालांकि अब तक पीड़ितों द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया है।

# टीबी उन्मूलन की दिशा में एनटीपीसी कहलगांव की पहल

## 500 मरीजों को पोषण किट का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कहलगांव।** टीबी मुक्त भारत अभियान को सशक्त बनाने की दिशा में एनटीपीसी कहलगांव ने एक महत्वपूर्ण एवं अनुकरणीय पहल की है। अपनी नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गत एनटीपीसी जीवन ज्योति चिकित्सालय के सहयोग से एनटीपीसी कहलगांव द्वारा भागलपुर जिले के 500 टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण आहार किट का वितरण किया गया, ताकि उपचार के दौरान आवश्यक पोषण सहायता उपलब्ध कराई जा सके एवं उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ को सुनिश्चित किया जा सके। इस पहल के तहत चयनित टीबी मरीजों को नियमित रूप से पोषण आहार किट प्रदान की जाएगी, जिससे उनके स्वास्थ्य स्तर में सुधार, दवाओं की प्रभावशीलता में वृद्धि तथा उपचार की सफलता दर को बढ़ावा मिलेगा। यह प्रयास भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप है और सामुदायिक स्वास्थ्य सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी कदम के रूप में उभरकर सामने आया है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का शुभारंभ एनटीपीसी कहलगांव के परियोजना प्रमुख रवीन्द्र पटेल द्वारा जीवन ज्योति चिकित्सालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री पटेल ने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी के उपचार में दवाओं के साथ-साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि एनटीपीसी समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों में निरंतर सक्रिय योगदान देता रहेगा। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं ऐश डाइक प्रबंधन) श्रीनाथ मरिशेट्टी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुष्मिता सिंह, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मनोरंजन सारंगी सहित एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के प्रतिनिधि दिनानाथ, विकास कुमार, राज्य कार्यक्रम अधिकारी निक्षय मित्र, तथा राज्य एवं जिला स्तर के स्वास्थ्य विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उपस्थित सभी टीबी मरीजों ने इस कल्याणकारी पहल के लिए एनटीपीसी प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। एनटीपीसी कहलगांव द्वारा उठाया गया यह कदम न केवल सामाजिक दायित्वों के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि सार्वजनिक निजी सहभागिता के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य लक्ष्यों की प्राप्ति में भी एक महत्वपूर्ण योगदान सिद्ध होगा। यह पहल भविष्य में अन्य संस्थानों को भी टीबी उन्मूलन अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी।

# केडीएस फाउंडेशन ने लगाया पशु स्वास्थ्य शिविर

## पशुओं की कराई गई डी वार्मिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेरिया बरियारपुर।** जिले के केडीएस फाउंडेशन के पशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चेरिया बरियारपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में बुधवार को पशु चिकित्सा सलाह एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण पशुपालकों को उनके पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था। शिविर में पशु वैज्ञानिक डा. विपिन कुमार ने पशुओं में होने वाली आम बीमारियों, उनके लक्षण और बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में पशुओं की सबसे बड़ी समस्या डी-वार्मिंग (कृमिनाशक दवा का अभाव) से जुड़ी है, जिससे पशुओं का स्वास्थ्य कमजोर होता है और उत्पादन क्षमता भी घटती है। इसी को ध्यान में रखते हुए शिविर में पशुओं का डी-वार्मिंग कराया गया और आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क दी गईं। मेहदाशाहपुर, विक्रमपुर और श्रीपुर गांवों में आयोजित इस शिविर से करीब 90 ग्रामीण पशुपालकों को सीधा लाभ मिला। पशुओं की जांच के साथ-साथ उन्हें संतुलित पशु आहार, समय पर टीकाकरण, साफ-सफाई और रोग-निवारण से जुड़े जरूरी परामर्श भी दिए गए, ताकि वे अपने पशुओं को स्वस्थ रखकर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकें। इस मौके पर केडीएस फाउंडेशन के नीरज सिंह ने कहा कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण और गरीब पशुपालकों को सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन के संस्थापक डा. पंकज कुमार सिंह का सपना है कि समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ा जाए और उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए। पशु स्वास्थ्य शिविर इसी दिशा में एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण प्रयास है। ग्रामीण पशुपालकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से न केवल उनके पशुओं का इलाज होता है। बल्कि उन्हें वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन की जानकारी भी मिलती है। जिससे उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलती है।

# युवा दिवस पर याद किए गए स्वामी विवेकानंद

**मंसूरचक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के फाटक चौक स्थित एक सभागार में लेट्स इंस्पायर के बैनर तले राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद जयंती) के अवसर पर युवा संवाद सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व एच एम प्रेम शंकर ईश्वर, विशिष्ट अतिथि गोविंदपुर दो पंचायत के मुखिया राममूर्ति चौधरी, अंजनी कुमार सिंह, मुखिया धर्मवीर सिंह कुंदन, भाजपा के वरिष्ठ नेता हरे कृष्ण ईश्वर, युवा संघ के संयोजक राजीव कुमार सिंह संरक्षक विवेक शांडिल्य अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता लेट्स इंस्पायर के संरक्षक विवेक शांडिल्य ने किया। मंच संचालन रेहान अख्तर ने किया। स्वागत गान छात्रा प्रतिभा कुमारी, अन्न् प्रिया, सुन्दरी कुमारी, छोटी कुमारी ने प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि पूर्व एच एम प्रेम शंकर ईश्वर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा है सबसे बड़ा धर्म है अपने स्वभाव के प्रति सच्चा होना यदि आप खुद पर विश्वास नहीं करते, तो आप भगवान पर भी विश्वास नहीं कर सकते एक समय में एक काम करो, और उसे पूरे दिल से करो आत्मा के लिए कुछ भी असंभव नहीं है इस लियें सभी लोग इसे अम्ल कर अपने जीवन में उतारने की जरूरत है तभी उनकी सच्ची सपना, सोच साकार हो पायेगा। अंजनी कुमार सिंह ने कहा कलकत्ता के एक कुलीन बंगाली कायस्थ परिवार में जन्मे विवेकानन्द आध्यात्मिकता की ओर झुके हुए थे।

# बरौनी रिफाइनरी में कवि सम्मेलन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बरौनी।** बरौनी रिफाइनरी में विश्व हिंदी दिवस-2026 एवं हीरक जयंती के संयुक्त तत्वावधान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, सत्य प्रकाश, कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भास्कर हजारिका, वरिष्ठ कवि अशान्त भोला, अजय अंजाम, पी के आज़ाद, डॉ. सौरभ कांत शर्मा, मीनाक्षी दिनेश, केशव प्रभाकर, आई.ओ.ओ.ए. सचिव विनम्र बसिवरतथाविप्स समन्वयक मीनाक्षी ठाकुर ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कवि सम्मेलन का उद्घाटन किया। कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख ने संबोधित करते हुए कहा कि यह अत्यंत सुखद अनुभव है कि बरौनी रिफाइनरी के हीरक जयंती एवं विश्व हिन्दी दिवस के संयुक्त तत्वावधान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। बरौनी रिफाइनरी पिछले छह दशक से राष्ट्र की सेवा में सदैव तत्पर है। प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाए जाने का उद्देश्य दुनियाभर में हिंदी का प्रचार-प्रसार करना है और साथ ही हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित करना भी है। हिंदी आज काफी लोकप्रिय भाषा बन चुकी है। आज विश्व के सैंकड़ों विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है, और पूरी दुनिया में करोड़ों लोग हिंदी बोलते हैं। राजभाषा विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार हम बरौनी रिफाइनरी में हिंदी कार्यान्वयन पर कार्य करते आ रहे हैं। कवि सम्मेलन के अवसर पर केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह के आगमन से कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। उन्होंने कवियों की रचनाओं को पूरे मनोयोग से सुना और हिंदी साहित्य को कविता एवं गद्य के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाने के इस प्रयास की मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर बरौनी रिफाइनरी के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति', बरौनी के सदस्य कार्यालयों के सदस्य भी उपस्थित थे। कवि सम्मेलन का संचालन श्री पी के आज़ाद ने किया।

# स्वामीजी के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई बलिया के द्वारा नगर मंत्री श्रीराम के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी और पुष्पांजलि कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी के जीवन और कार्यों पर आधारित एक संक्षिप्त परिचर्चा से हुई। छात्रों ने स्वामी जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। संगोष्ठी में छात्रों ने स्वामी जी के विचारों और शिक्षाओं पर अपने विचार व्यक्त किए और उनके जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर एबीवीपी के नगर मंत्री श्रीराम ने अपने विचार व्यक्त किए और छात्रों को स्वामी जी के विचारों और शिक्षाओं को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। स्वामी विवेकानंद ने हमेशा कहा कि शिक्षित सशक्त और समर्थवान युवा राष्ट्र के लिए बहुत बड़ा योगदान दे सकते हैं। संगोष्ठी के बाद नगर मंत्री श्रीराम, उपाध्यक्ष सोनू, खेलो भारत के जिला सह संयोजक धनंजय प्रियांशु कोषाध्यक्ष रौशन कुमार एवं कई छात्र छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर छात्रों ने स्वामी जी के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर अभाविप उपाध्यक्ष सोनू एवं कोषाध्यक्ष रौशन कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श पे चलने वाली दुनिया का सबसे बड़ा बड़ा छात्र संगठन है एबीवीपी। स्वामी विवेकानंद जी के विचार और शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। छात्रों को कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के बारे में हमे अध्ययन करना चाहिए। स्वामी जी का जीवन और कार्य हमें सिखाता है कि कैसे हम अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम और लगन से काम कर सकते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्रों और शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों और शिक्षाओं को आत्मसात करने का संकल्प लिया और उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलने का प्रण लिया। इस प्रकार, स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित युवा दिवस का यह आयोजन अत्यंत सफल रहा और छात्रों को स्वामी जी के विचारों और शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम में मनीष कुमार, आदर्श कुमार पीयूष कुमार, आयुष कुमार, मोनू कुमार, सुशांत भारती, गौरव कुमार, श्रवण कुमार, विशाल कुमार, लक्ष्मी कुमारी, तन्नू, सृष्टि, प्रियांशू कुमारी, मीनाक्षी कुमारी स्वेता, आरती तथा कई छात्र छात्रा शामिल रहे।

# गंगा ग्लोबल बीएड कालेज में राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन में प्रशिक्षुओं ने स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डा नीरज कुमार ने किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद का विश्वास था कि यदि युवाओं में आत्मबल और अनुशासन हो, तो भारत को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। युवाओं को आज स्वामी विवेकानंद के विचारों को पढ़ने की जरूरत है। उक्त अवसर पर गीत-संगीत, कविता के साथ भाषण प्रतियोगिता में प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में डा. कामायनी कुमारी, डा. अंजली तथा प्रो परवेज यूसुफ उपस्थित थे। प्रथम स्थान प्राप्त किया कोमल कुमारी, द्वितीय स्थान सिद्धि भारती तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया शिप्रा कुमारी ने। सहायक प्राध्यापक प्रो सुधाकर पांडेय, प्रो परवेज यूसुफ, डा अंजली, प्रो विपिन कुमार, डा कामायनी कुमारी, डा अविनाश कुमार, डा अनिता एस, प्रो कुंदन कुमार ने संबोधन किया। उक्त अवसर पर प्रो अमर कुमार, प्रो पिंटू कुमार, आलोक कुमार तथा प्रथम वर्ष के साथ द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु शिवम कुमार, सौरभ कुमार, गौरव कुमार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन किया प्रो परवेज यूसुफ ने तथा मंच संचालन श्वेता राज ने किया।

# विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित सेमिनार में कई शिक्षाविदों ने की शिरकत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बरौनी।** एपीएसएम कलेज बरौनी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। जिसका सेमिनार का विषय स्वामी विवेकानंद के विचारों का भारत पर विचार विमर्श किया गया। मंच संचालन नगर मंत्री प्रियांशु कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन एपीएसएम कलेज के बर्सर सुशील कुमार ने किया। मौके पर मुख्य वक्ता एलएस कलेज मुजफ्फरपुर हिंदी विभाग सह प्राध्यापक डा. राजेश्वर कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद की जयंती पर पूरे जिले में विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम कर रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानती है एवं उनके सिद्धांतों को लेकर आगे चल रही है। अगर भारत को विश्व गुरु बनाना है तो स्वामी विवेकानंद के सिद्धांत पर चलना होगा। प्रांत संगठन मंत्री राकेश मौर्य ने कहा कि पूरे विश्व में देश का परचम लहराने वाले स्वामी विवेकानंद की जीवनी को आज के युवाओं को पढ़ना चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य कि आज के युवा वर्ग महापुरुष के बदले किसी हीरो खिलाड़ी एवं राजनेता को अपना आदर्श मानते हैं। लेकिन विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानता है। एपीएसएम कॉलेज के प्राचार्य डा. मुकेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता की गतिविधि शिक्षा क्षेत्र के हित में होती है इसलिए आप सभी को विद्यार्थी परिषद के साथ जुड़कर कार्य करना चाहिए। मौके पर प्रदेश कार्यकारी परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य अजीत चौधरी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी से कटक तक देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है अभाविप स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श पर चलने वाला छात्र संगठन है। मौके पर एलएनएमयू छात्रसंघ अध्यक्ष सह विभाग संयोजक आलोक कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुनिया का एकमात्र छात्र संगठन है जो व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिए संकल्पित है। आज कई युवा विद्यार्थी परिषद में सक्रिय रूप से कार्य करके विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर रहे हैं। आज के युवाओं को स्क्रीन टाइम से निकल कर एक्टिविटी टाइम के जरिए समाज हित व राष्ट्र हित के तरफ अग्रसर होना चाहिए। जिससे उनका मानसिक व शारीरिक विकास हो सके। उत्तर बिहार प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक विकास झा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद विवेकानंद की जयंती को युवा सप्ताह के रूप में मान रही है। 12 से 23 जनवरी तक बेगूसराय के सभी इकाइयों में विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। मौके पर राजू रजनीश सीताराम कुमार आदित्य कुमार नगर सह मंत्री स्वराज कोषाध्यक्ष साहिल मिश्रा अनिकेत कलेज अध्यक्ष अंकित कलेज मंत्री अनुभव उपाध्यक्ष अमन सुमित रौशन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गर्भवती महिलाओं को आमंत्रण देंगी आशा दीदी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के लिए आकांक्षी प्रखंड भगवानपुर में एक नवाचार के द्वारा स्वास्थ्य विभाग और पिरामल फाउंडेशन ने एक अनूठी पहल शुरू की है। अब गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच के लिए केवल मौखिक संदेश नहीं दिया जाएगा बल्कि उन्हें सम्मान पूर्वक आमंत्रण पत्र देकर स्वास्थ्य केंद्र बुलाया जाएगा। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत अब महीने में केवल एक दिन नहीं, बल्कि तीन विशेष तिथियों पर गर्भवती महिलाओं की जांच की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने हर महीने की 9, 15 और 21 तारीख को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय जांच और परामर्श के लिए विशेष व्यवस्था की है। हाई-रिस्क प्रेगनेंसी की पहचान है मुख्य लक्ष्य इस नवाचार का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान होने वाले जोखिमों को समय रहते पहचानना है। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक आशुतोष गांधी ने कहा कि हमारा लक्ष्य अस्पताल में आने वाली हर गर्भवती महिला को गुणवत्तापूर्ण सेवा देना है। आमंत्रण पत्र की इस व्यवस्था से हम यह सुनिश्चित कर पाएंगे कि कोई भी महिला जांच से वंचित न रहे और अस्पताल की भीड़ को भी बेहतर ढंग से प्रबंधित किया जा सके। प्रखंड सामुदायिक समन्वयक सिंधु कुमारी आशा कार्यकर्ताओं को इस कार्य के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है। आमंत्रण पत्र देने से महिलाओं के मन में स्वास्थ्य केंद्र के प्रति अपनापन बढ़ता है। हम जमीनी स्तर पर शत-प्रतिशत कवरेज का प्रयास कर रहे हैं। पिरामल फाउंडेशन प्रतिनिधि दीपक मिश्रा व्यवहार परिवर्तन के लिए यह पहल एक मील का पत्थर साबित होगी। जब किसी को लिखित निमंत्रण मिलता है, तो वह जिम्मेदारी और सम्मान का अनुभव करता है। हम स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर शून्य प्रसव मृत्यु' के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। इस मुहिम में 'आशा दीदी' की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। वे घर-घर जाकर महिलाओं को उनकी गर्भावस्था के महीने के अनुसार यह आमंत्रण पत्र सौंप रही हैं। पत्र के माध्यम से उन्हें पोषण, सावधानी और नियमित जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर दिलीप कुमार भगवानपुर ने संदेश देते हुए कहा आपकी थोड़ी सी सावधानी और नियमित जांच आपको और आपके आने वाले बच्चे को कई परेशानियों से बचा सकती है।

# जीडी हास्पिटल में मकर संक्रांति मिलन समारोह का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मकर संक्रांति जैसे पावन और सामाजिक समरसता के प्रतीक पर्व को खास, यादगार और जनसेवा से जोड़ते हुए मंझौल अनुमंडल के प्रथम आई.सी.यू. सुविधा युक्त जीडी हस्पिटल मंझौल की ओर से भव्य दहीदचूड़ा भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने न सिर्फ पर्व की परंपरा को जीवंत किया, बल्कि अस्पताल और समाज के बीच विश्वास व अपनत्व के रिश्ते को भी और मजबूत किया। यह कार्यक्रम सुबह से ही अस्पताल परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। सैकड़ों की संख्या में मंझौल एवं आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने पारंपरिक दहीदचूड़ा का स्वाद लिया और आयोजन की सराहना की। अस्पताल प्रबंधन ने इस अवसर पर बताया कि मकर संक्रांति केवल एक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देने वाला त्योहार है।

## एक नजर

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**चेरिया बरियारपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** तारा कॉलेज ऑफ एजुकेशन विक्रमपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव राजकिशोर सिंह ने युवाओं को अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। उन्होंने युवाओं से समाज सेवा में भी भाग लेने की अपील की। समिति के सदस्य अगम कुमार ने कहा कि युवा दिवस का उद्देश्य युवाओं को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने युवाओं से देश के विकास में योगदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं और विचार गोष्ठियां शामिल थीं। कार्यक्रम में रामानंद राय, गोपाल कुमार झा, रानी कुमारी, डा. संतोष कुमार और प्रतिमा कुमारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### नाबालिक लड़की अगवा

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के गेंहरपुर गांव वार्ड संख्या 2 से एक नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। इस मामले की जानकारी लिखित रूप से वीरपुर थाने में नाबालिक लड़की के पिता ने आवेदन के तहत दिया है। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़ित परिजनों के अनुसार 16 वर्षीय नाबालिक लड़की को शादी करने के नियत से रिफायनरी थाना क्षेत्र के नूरपुर महना वार्ड संख्या 10 निवासी गेडोरी साह के 23 वर्षीय पुत्र अमरजीत कुमार ने बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। जिसके तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में वीरपुर पुलिस जुट गई है।

### मंझौल-पहसारा-बगरस पथ पर कांवरियों की भीड़

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के मंझौल-बखरी, पहसारा-बगरस पथ का इसफा पथ इन दिनों कांवरिया से पटा हुआ है। हर हर महादेव शिव शंकर, बोलबम का नारा है, बाबा एक सहारा है की जयकारे से यह पथ गूंजायमान है। कोई पीले परिधान में तो कोई परिधान में। कहीं सीताराम नाम संकीर्तन करते कांवरिया देवघर चले जा रहे हैं। यह पथ कांवरियों से गुलजार बना हुआ है। साथ ही वातावरण भक्तिमय हो गया है। इस बार महिला बम की संख्या भी अधिक है। दरभंगा, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, मधुबनी, बेगूसराय के सुदूर पश्चिमी उत्तरी सीमा से कांवरियों का जत्था चला है। ये कांवरिया वसंत पंचमी के दिन देवघर में बाबा भोले को जल अर्पित करेंगे। इसमें बने पिटारी में खाने पीने की वस्तु रहती है। सभी पैदल ही सुल्तानगंज पहुंच क उत्तर वाहिनी  गंगा में स्नान कर जल भरेंगे तथा जल लेकर देवघर की ओर चलेंगे। इस दौरान कहीं सार्वजनिक स्थानों यथा स्कूलों, चौपालों, सामुदायिक भवनों, व्यक्तिगत दालानों पर ठंड की रात गुजारते हैं। रात में कीर्तन भजन भी होते रहता है।

### कार के तहखाने से 240 बोतल शराब बरामद

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग को बड़ी उपलब्धि सोमवार को मिली है। बक्सर पटना फोरलेन के आरा शहर के दौलतपुर ओवरब्रिज पर एक लग्जरी कार से 240 बोतल विदेशी शराब बरामद कर चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तीन तस्कर दिल्ली और एक पंजाब राज्य का निवासी है। जिसमें चालक जेजे कॉलोनी शकरपुर निवासी परवेश, प्रेम नगर किरारी थाना सतरफूट चौकी निवासी जय किसन एवं राहुल कुमार है। वही एक मनीष शर्मा लुधियाना का रहने वाला है। मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली की दिल्ली कि ओर से कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब भोजपुर आरा के रास्ते समस्तीपुर बिहार की ओर जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, भोजपुर द्वारा निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। वाहन जांच के दौरान बक्सर-पटना फोरलेन पर दौलतपुर ओवर ब्रिज के पास, थाना-आरा मुफ्फसिल जिला-भोजपुर से एक कार में बने गुप्त तहखाने से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। कार पर निबंधन संख्या अंकित नहीं था। पकड़े गये वाहन से 750 एमएल के 120, 375 एमएल के 72 बोतल और 180 एमएल के 48 पीस टेट्रापैक बरामद हुआ। जप्त शराब को दिल्ली से समस्तीपुर ले जाया जा रहा था। जहां छापेमारी टीम में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार व राजकुमार राजा समेत सशस्त्र बल थे।

### प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष को दी गई श्रद्धांजलि

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला मुख्यालय स्थित प्राथमिक शिक्षक संघ भवन लोहियानगर में प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय बृजनंदन शर्मा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में शिक्षक व शिक्षक प्रतिनिधि शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में जिला के प्रधान सचिव उमेश प्रसाद सिंह ने कहा कि स्वर्गीय बृजनंदन शर्मा ने जीवनभर शिक्षकों के हितों के लिए संघर्ष किया। जिसका लाभ शिक्षक समाज को मिला। उन्होंने कभी शिक्षकों के अधिकारों से समझौता नहीं किया और उन्हें उनके दायित्वों का भी लगातार बोध कराते रहे।शर्मा शिक्षकों की समस्याओं को लेकर हमेशा मुखर रहे। उन्होंने सड़क से लेकर सदन तक अपनी आवाज मजबूती से पहुंचाई।जिससे सरकार को भी उनकी बातों को मानना पड़ता था। शिक्षा जगत में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शिक्षक आंदोलन के वे भीष्म पितामह थे। अध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि उन्होंने न केवल शिक्षकों की समस्याओं को मजबूती से उठाया बल्कि संगठन को मजबूत बनाने में भी सशक्त भूमिका निभाई। कार्यालय मंत्री मनोज कुमार ने कहा कि  वह सिर्फ शिक्षक नेता ही नहीं थे बल्कि शिक्षकों के राजनीतिक व वैचारिक मार्गदर्शक थे। कार्यक्रम की अध्यक्ष जिला अध्यक्ष अशोक चौधरी व मंच संचालन कार्यालय मंत्री मनोज कुमार ने की। श्रद्धांजलि सभा में रईसउद्दीन, अशोक, गोपाल, अनिल, राम शंकर, सुमन, शैलेन्द्र, विश्वनाथ, विजय, राम पदारथ, अभय, शंभू, प्रभात, रानी, सुरेश, शंकर, अरूण, देवनीति, उषा, निर्मला, नूतन, मंजू, लक्ष्मी आदि मौजूद थे।

### मकर संक्रांति मिलन समारोह आयोजित

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद बीहट वार्ड संख्या 28 मकससपुर टोला स्थित राम सागर सिंह के आवास पर लेट्स इंस्पायर के संस्थापक आईपीएस विकास वैभव ने मकर मिलन समारोह का आयोजन किया।मकर संक्रांति मिलन समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर लेट्स इंस्पायर के संस्थापक सदस्य सह आईजी विकास वैभव, प्रियम कुमार, प्रभाकर राय, ब्रजेश कुमार सहित अन्य के द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान मिलन समारोह के दौरान आए लोगों के द्वारा बुके व चादर विकास वैभव को भेंटकर सम्मानित कर रहे थे। इस दौरान कलाकार व गायक मुकेश कुमार झा की टीम द्वारा भजन व अन्य गीतों से लोगों को झूमने में मजबूर कर रहें थे। संक्रांति मिलन समारोह के दौरान केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, बिहार सरकार के सहकारिता एवं पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डा. प्रमोद चन्द्रवंशी, पूर्व मंत्री जीवेश कुमार, विधानपार्षद सच्चिदानन्द राय, अशोक अग्रवाल, विधायक परबत्ता बाबु लाल शौर्य, भागलपुर विधायक रोहित पाण्डेय, राजनगर विधानसभा सुजीत पासवान,बाल संरक्षण आयोग के सदस्य डा. सुग्रीव कुमार, पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय पासवान, तेघड़ा विधायक रजनीश कुमार, पूर्व विधायक मटिहानी राजकुमार सिंह, पूर्व विधायक ललन कुंवर, सेंट जोसेफ स्कूल के निदेशक अभिषेक कुमार, भारतद्वाज गुरुकुल के निदेशक शिवप्रकाश भारद्वाज, आर्यभट्ट के निदेशक प्रो अशोक कुमार सिंह अमर, अंकित सिंह, सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मसौढ़ी में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

## श्रीमती गिरिजा कुंवर हाई स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढी स्थित श्रीमती गिरिजा कुंवर हाई स्कूल में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। जहां सभी समाजसेवियों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताये गये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति की पहचान पूरी दुनिया में फैलाई। वे युवाओं को राष्ट्र की रीढ़ मानते थे और उनका मानना था कि देश को ऐसे नौजवानों की आवश्यकता है जिनकी मांसपेशियां फौलाद की हों और नसों में बिजली दौड़ती हो। उनका सपना भारत को आत्मनिर्भर, शिक्षित और आध्यात्मिक रूप से जागरूक बनाना था। आगे कहा कि स्वामी विवेकानंद भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके प्रेरणादायक विचार आज भी युवाओं को सफल जीवन की ओर बढ़ने, कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने छात्रों से स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपनाने और अपने लक्ष्य में आने वाली बाधाओं को दूर कर सफलता के शीर्ष पर पहुंचने का प्रण लेने का आह्वान किया। स्वामी विवेकानंद के कुछ महत्वपूर्ण विचारों को भी साझा किया। उन्होंने बताया कि विवेकानंद जी का कहना था कि विपरीत परिस्थिति में भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। उन्होंने यह भी उद्धृत किया कि पहले हर अच्छी बात का मजाक बनता है, फिर उसका विरोध होता है और अंततः उसे स्वीकार कर लिया जाता है। उनके अनुसार, एक अच्छे चरित्र का निर्माण हजारों बार ठोकर खाने के बाद ही होता है और खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है। सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी वह एक सत्य ही होगा, और बाहरी स्वभाव केवल अंदरूनी स्वभाव का बड़ा रूप है। इस अवसर पर चंद्रेकेत सिंह चंदेल, मुकुल शर्मा, मृत्युंजय पांडेय, लखन सिंह चंदेल समेत स्कूल के सभी छात्र एवं छात्राएं शामिल रहे।

# ई केवाईसी एवं एफआर को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**भागलपुर।** जिले में पंचायत स्तर पर मौजावार किसानों के चल रहे ई- केवाईसी एवं किसान पंजीकरण को लेकर जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में आज बैठक हुई। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने ई केवाईसी एवं किसान पंजीकरण कार्य में तेजी लाने को लेकर प्रखंडों के प्रभारी वरीय पदाधिकारियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर उन्हें जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही कृषि विभाग के माध्यम से तेजी से ई केवाईसी और एफ आर करवाने को निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि इसके लिए वार्ड मेंबर को भी जागरूक किया जाए, जीविका दीदी को लगाया जाए तथा वार्ड स्तर पर किसानों में जागरूकता लाई जा सके। इसके लिए एक नियंत्रण कक्ष नंबर भी जारी किया जाए ताकि किसी किसान को यदि कुछ पूछना हो या कोई कठिनाई हो तो वह नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सके। उल्लेखनीय है कि बिहार के सभी प्रखंडों में, सभी पंचायतों में किसान सलाहकार, राजस्व कर्मचारी और कृषि संबंधवायक द्वारा प्रत्येक किसान का ई-केवाईसी और एफ आर किया जा रहा है। ई- केवाईसी और एफआर पीएम-किसान सम्मान निधि और अन्य कृषि सेवाओं को सुचारू रूप से प्राप्त करने के लिए ज़रूरी है। जिसमें आधार प्रमाणीकरण के ज़रिए पहचान सत्यापन किया जाता है, जो अब मोबाइल ऐप या कियोस्क पर फ़ेस ऑथेंटिकेशन से घर बैठे भी किया जा सकता है। एफआर, आधार और भूमि रिकॉर्ड को जोड़कर एक डिजिटल डेटाबेस बनाता है, जिससे पारदर्शिता आती है और योजनाओं के वितरण में आसानी होती है। इसके लिए आधार और मोबाइल नंबर आवश्यक है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों का ई केवाईसी एवं पंजीकरण तेजी से कराया जा रहा है। अब पीएम किसान सम्मान योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए यह अनिवार्य हो गया गया है।

# मसौढ़ी के हरवंशपुर में बीजेपी का सामूहिक चूड़ा-दही भोज कार्यक्रम का आयोजन

## आपसी एकता, सौहार्द भाईचारे का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** भारतीय जनता पार्टी के मसौढी विधानसभा के रामजीवन मंडल में मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार पांडेय के नेतृत्व में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सामूहिक चूड़ा-दही भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त करना रहा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार एवं लहसुना थाना प्रभारी खुशबू खातून उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार तथा प्रदेश महिला मोर्चा कार्यसमिति सदस्य आशा किरण सिंह द्वारा केंद्र सरकार की योजना के बारे में ग्रामीणों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई और योजना से मिलने वाले लाभों को समझाया गया। आयोजन में मसौढ़ी नगर अध्यक्ष आशीष देव, मसौढ़ी ग्रामीण अध्यक्ष हिमांशु राज, मसौढ़ी नगर महामंत्री आलोक कुमार, रामजीवन मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी देवी, जिला उपाध्यक्ष माधुरी सिंहा जिला पदाधिकारी अजय शर्मा, विजय कुमार, राकेश कुमार, लंकेश कुमार, प्रदेश पदाधिकारी मुन्ना पासवान, पैक्स अध्यक्ष शंकर कुमार, बूथ अध्यक्ष हिमांशु रंजन, संतोष कुमार, अखिलेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण पुरुष महिलाएं मौजूद रहे। सभी ने एक साथ बैठकर पारंपरिक चूड़ा-दही ग्रहण किया और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं।मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार पांडेय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, सौहार्द और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद को श्रद्धा सुमन अर्पित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**दनियावां (पटना)।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्थित श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा के सभागार में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की 164 वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। एक भव्य, प्रेरणादायी एवं सार्थक कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन, उनके ओजस्वी विचारों तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी एवं रसायन विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. संदीपा इंद्रा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस युवाओं को आत्मचिंतन, आत्मनिर्माण एवं राष्ट्र सेवा की दिशा में प्रेरित करने का पर्व है। उनका प्रसिद्ध कथन 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। वर्तमान समय में विद्यार्थियों को विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात कर शिक्षा, अनुशासन एवं सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है। राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ. अभिषेक कुमार एवं डॉ. पंकज कुमार सिंह ने अपने व्याख्यान में स्वामी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर, कर्मठ एवं राष्ट्रभक्त बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंतर्गत एक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में रसायन विभाग से शिवम, प्रिया राज एवं अंशु, भौतिकी विभाग से विक्रम ताज कुमार, बीसीए विभाग से अरसला फातिमा, पूजा, सौरव, आयुष एवं अनमोल, हिंदी विभाग से अनुपम भारती, लाइब्रेरी साइंस विभाग से रानी कुमारी, भूगोल विभाग से विकास कुमार चंद्रवंशी तथा वनस्पति विभाग से पल्लवी, खुशी, कोमल, नीतीश, रौशन, स्मिता, काजल एवं अनुराधा सहित अन्य विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों की घोषणा गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन रसायन विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. संदीपा इंद्रा ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ राजीव नयन सिंह, प्रधान सहायिका सुभद्रा सिन्हा, एकॉउंटेंट रोनित रॉय, आलोक कुमार सिंह, सचिव शैलेश कुमार, जलेंद्र कुमार, कंप्यूटर असिस्टेंट मधुसूदन कुमार, राजा, गुड्डू, एनएसएस स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बैटरी गोदाम में चल रहा मसौढ़ी का पिपरा थाना

- प्लास्टिक से ढके कमरे में रहते हैं पुलिसकर्मी
- एक ही कैंपस में चलता है मालखाना, हाजत, सिरिस्ता और महिला हेल्प लाइन

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** एक तरफ पुलिस को हाईटेक करने और नये तकनीक के साथ लैस करने मे जुटी है ताकी अपराधियों पर नकेल कस सके लेकिन दुसरी तस्वीर यह भी देखिए.. मसौढी अनुमंडल का एक ऐसा थाना जो पिछले कई वर्षों से एक बैटरी गोदाम में चल रहा है। पुलिस पदाधिकारियों के लिए एक छोटा सा कमरा (8/8) है, जहां से वे अपना काम करते हैं। थाने में एक एसएचओ समेत कुल ग्यारह पदाधिकारी है। इसके अलावा दो महिला आरक्षी महिला हेल्पलाइन का कार्य संभालती हैं। गौरतलब है की 2600 वर्ग फीट के क्षेत्रफल में से 1000 वर्ग फीट मालखाना के लिए और 1600 वर्ग फीट पदाधिकारियों एवं आरक्षियों के लिए आवंटित है। थाने के अधिकार क्षेत्र में तकरीबन 35 गांव आते हैं। सुरक्षा और पेट्रोलिंग के लिए केवल 2 गाड़ियां है। इसमें एक सरकारी, जबकि दूसरी प्राइवेट है। थाने में एक हाजत है, जो पुरुष बंदियों के लिए है। महिला बंदियों को सिरिश्ता कक्ष में रखा जाता है। पुलिसकर्मियों ने बताया कि बरसात और गर्मी के मौसम में सबसे अधिक परेशानी होती है। बारिश में जरूरी फाइलों और शस्त्रों को बचाना मुश्किल होता है, जबकि बिजली कटौती के दौरान पदाधिकारियों को पेड़ों की छाया में शरण लेनी पड़ती है। बारिश के मौसम में थाने की छत से पानी टपकते रहता है। एक पुलिसकर्मी ने बताया कि गर्मी के मौसम में बिजली कट जाती है तो पदाधिकारी को इस प्लास्टिक से घेर कर बने कमरे में रहना काफी मुश्किल हो जाता है। यहां के पदाधिकारी पेड़ की छांव में बैठकर काम करते हैं। इस मामले मे नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी परिचय कुमार ने बताया की थाने के लिए सरकार की ओर से एक जगह जमीन सेलेक्ट किया गया है। उसकी मिट्टी की जांच के लिए विभाग को भेजा गया है। बहुत जल्द ही इस थाने को नया भवन मिलेगा, जो प्रक्रियाधीन है।

# पति पर जानलेवा हमला कर मारपीट और घायल करने के मामले में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पिछले दिनों थाना पुलिस द्वारा संघतपर मुसहरी के पास हथियार के साथ अचेत गिरे पड़े एक घायल युवक के मामले में युवक( नीरज कुमार) की पत्नी रिशु कुमारी ने इस मामले में चार-पांच अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। रिशु कुमारी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के मुताबिक उसका भगीना बीते 24 दिसंबर को संघतपर मुसहरी के पास एक निजी कार्यक्रम को लेकर टेंट पंडाल लगाया था। इधर उसी देर रात संघतपर मुसहरी के पास स्थित एक पेड़ के पास नीरज कुमार अचेतावस्था में घायल पड़ा हुआ मिला था। रिशु कुमारी ने बताया कि होश में आने के बाद उसके पति नीरज ने उसे बताया था कि संघतपर मुसहरी में लगाए गए टेंट पंडाल की लाइट में 24 दिसंबर की देर रात खराबी आ गई थी और उसे दुरुस्त करने वहां नीरज गया था। आरोप है कि लाइट में आई खराबी को लेकर वहां उसकी कुछ लोगों से कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि लाइट ठीक करने के बाद लौटने के दौरान चेहरा ढंके चार -पांच अज्ञात लोगों ने लाठी डंडे से उसपर हमला कर उसे घायल कर दिया था और वह अचेत हो गिर पड़ा था। रिशु कुमारी ने प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस से आरोपितों के खिलाफ कारवाई करने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। गौरतलब है कि 24 दिसंबर की देर रात संघतपर मुसहरी के पास एक पेड़ के नीचे एक युवक के गिरे पड़े होने की सूचना के आलोक में पहुंची थाना पुलिस ने अचेत पड़े युवक (नीरज) के पास से एक देसी कट्टा और चार कारतूस बरामद किया था। बाद में पुलिस नीरज को पुलिस अभिरक्षा में उपचार कराने के बाद उसके पास से बरामद हथियार के आरोप में जेल भेज दी थी। बताया जाता है कि नीरज कुमार थाना के लखीबाग निवासी लालबहादुर सिंह का पुत्र है।

# पटना जिला का वांछित तरुण शास्त्री नगर से गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कामयाबी**

**मसौढ़ी ।** गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी को सत्यापन कर धनरूआ थाना की पुलिस टीम टीम द्वारा छापामारी कर हत्या एवं आर्म्स एक्ट की घटना में वांछित चल रहे 01 अभियुक्त को शास्त्रीनगर थानाक्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी अभियुक्त के विरुद्ध पटना एवं नालंदा जिला के विभिन्न थानों में हत्या, डकैती एवं आर्म्स एक्ट सहित कुल 07 कांड दर्ज है। हलांकि धनरूआ मे हत्याकांड और हत्या के प्रयास मामले मे नामजद था, जहाँ रास्ता विवाद मे गोलीबारी कर जानलेवा हमला का आरोपी था, इससे पहले भी जमीन विवाद मे हत्या के मामले चल रहे थे। बहरहाल पुलिस ने जिले के कई थानों के कांडों में नामजद वांछित अपराधी तरुण को गिरफ्तार किया है।

# पालीगंज में एसडीएम पद का प्रभार बदला, चंदन कुमार बने नए एसडीएम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज अनुमंडल कार्यालय में विदाई सह प्रभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान निवर्तमान एसडीएम गरिमा लोहिया ने नए एसडीएम चंदन कुमार को विधिवत रूप से पदभार सौंपा। कार्यक्रम में अनुमंडल के वरीय अधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का माहौल भावुक होने के साथ-साथ गरिमामय रहा। प्रभार ग्रहण करने के बाद एसडीएम चंदन कुमार ने कहा कि पालीगंज अनुमंडल का समग्र विकास उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ काम करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास योजनाओं, कानून-व्यवस्था, राजस्व मामलों और जनहित के कार्यों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं निवर्तमान एसडीएम गरिमा लोहिया ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों और क्षेत्र की जनता के सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने नए एसडीएम को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में पालीगंज विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। समारोह में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने गरिमा लोहिया के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

# विकसित भारत गारंटी योजना के प्रति किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी विधानसभा के रामजीवन मंडल में, मंडल अध्यक्ष अजीत पांडे की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं एवं आम जनता को संबोधित कर इस योजना के प्रति जागरूक किया। इस दौरान योजना के उद्देश्य, लाभ एवं ग्रामीण जनकल्याण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया कि वे इस जनकल्याणकारी योजना को गाँव-गाँव और जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। मौके पर जिला उपाध्यक्ष माधुरी सिन्हा, महिला मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष आशा किरण, जिला मंत्री राकेश कुमार, किसान मोर्चा जिला महामंत्री विजय यादव, अजय सिंह, मुन्ना पासवान, बूथ अध्यक्ष हिमांशु राज, मंडल अध्यक्ष मसौढ़ी नगर आशीष देव मसौढ़ी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हिमांशु राज सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीएम के संभावित कार्यक्रम को लेकर प्रखंड समन्वय समिति की बैठक

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** पुनपुन प्रखंड कार्यालय स्थित प्रखंड समन्वय समिति की एक बैठक सोमवार को आहुत की गयी। बैठक में प्रखंड के अधिकांश विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे. प्रखंड के मारांची में गणतंत्र दिवस के मौके पर सीएम नीतीश कुमार के संभावित कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित किये गये थे। इस बार मारांची में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम संभावित है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है लेकिन बीते चार दिनों से पटना के जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी लगातार मारांची पहुंच रहे हैं। इससे कार्यक्रम होने की संभावना प्रबल हो गयी है। इधर मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय में समन्वय समिति बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की गयी। बीडीओ उदय कुमार ने बताया कि संभावित कार्यक्रम को लेकर सभी विभाग के पदाधिकारियों को कार्य की समीक्षा के दौरान दिशा निर्देश दिए गये है।

# अपसा इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट-2026 का आगाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** अन-एडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर गर्दनीबाग एथलेटिक्स क्लब में अपसा इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट-2026 का शुभारंभ किया गया। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कुशवाहा समाज, भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि पटना के पूर्व महापौर श्याम बाबू राय, अपसा के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार झा एवं सचिव राकेश कुमार रंजन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस टूर्नामेंट में अपसा अंतर्गत विभिन्न स्कूलों की कुल 16 टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन मैच की शुरुआत टर्निंग पॉइंट स्कूल एवं द सनबीन अकेडमी के बीच खेला गया जिसमें द सनबीन अकेडमी विजेता रहा। इसके बाद एस वी एन वर्ल्ड स्कूल और मौर्या पब्लिक हाई स्कूल के बीच दूसरा मैच हुआ जिसमें एस वी एन वर्ल्ड स्कूल विजेता रहा। वहीं तीसरा मैच होली विजन इंटरनेशनल स्कूल और संत मैरी इंटरनेशनल स्कूल के बीच खेला गया जिसमें होली विजन इंटरनेशनल स्कूल विजेता रहा। पहले दिन का आखिरी मैच आइकॉन पब्लिक स्कूल और द राइजिंग अकेडमी के बीच हुआ जिसमें द राइजिंग अकेडमी विजेता रहा। सभी मैचों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच रोमांचक रहा जिसमें खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम वर्क और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का शानदार उदाहरण पेश किया। मैच के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन पर तालियों और उत्साहवर्धन से मैदान गूंजता रहा। अपसा के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार झा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच देना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना है। वहीं सचिव राकेश कुमार रंजन ने कहा कि टूर्नामेंट के दौरान सभी मैच निर्धारित नियमों एवं खेल भावना के अनुरूप खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को आकर्षक ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे जबकि संगठन के कोषाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि अपसा इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट-2026 आने वाले दिनों में युवा खिलाड़ियों के लिए यादगार अनुभव साबित होने की उम्मीद है। अपसा इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट-2026 युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का बेहतरीन मंच साबित हो रहा है। मौके पर अपसा के महासचिव अजय कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष गोकुलेश उपाध्याय, उप सचिव अविनाश कुमार झा, उप सचिव सुषमा पांडेय, संयुक्त सचिव अमरेंद्र कुमार, उमेश सिंह,सहित विद्यालय प्राचार्यों की उपस्थिति रही।

# देश के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : पंकज सिंह

## गौरेश्वर नारायण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मनी स्वामी विवेकानंद की जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड के चंद्रगढ़ स्थित गौरेश्वर नारायण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सभागार में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के सचिव पंकज कुमार सिंह एवं प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। इसके पश्चात स्वामी विवेकानंद के जीवन, दर्शन और युवाओं के प्रति उनके संदेशों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के



सचिव पंकज कुमार सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने युवाओं से निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि सही दिशा में अपनी ऊर्जा का उपयोग करे तो वह न केवल अपने भविष्य को संवार सकता है बल्कि देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कॉलेज के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन अनुशासन, आत्मबल और राष्ट्रप्रेम की मिसाल है। उन्होंने छात्रों से विवेकानंद के विचारों को अपने जीवन में उतारने की अपील की। इस अवसर पर इंटर कॉलेज के प्राचार्य विनय कुमार सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी स्वामी विवेकानंद के आदर्शों, शिक्षा दर्शन एवं युवाओं के प्रति उनके संदेशों पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस युवाओं को आत्ममंथन करने और समाज व राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में रामसागर, सुनील कुमार सिंह, सुशील कुमार, महेंद्र कुमार यादव, सौरभ सिंह, अमित गुप्ता, पंकज कुमार, शिवकेश सिंह, लवली सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अमित सिंह, मनीष कुमार, सुमित कुमार, प्रफुल्ल कुमार, पिंटू कुमार, चंदन कुमार, विकास कुमार सिंह, शुभम कुमार एवं इरशाद अहमद सहित कई शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# चरित्र निर्माण पर सबसे अधिक ध्यान दे युवावर्ग : दिलीप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के सभागार में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे बिहार विधान सभा सदस्य दिलीप कुमार सिंह ने विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विराट व्यक्तित्व का दर्शन बच्चों को कराया। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को अपने चरित्र निर्माण पर सबसे अधिक ध्यान देना होगा। शिक्षकों से भी अपील की कि वे टेक्स्ट बुक के अतिरिक्त भारत की



महान रही परंपराओं से छात्र-छात्राओं को रूबरू करवाएं। उन्होंने शिकागो में उनके ऐतिहासिक रहे भाषण की चर्चा की और कहा कि एक सन्यासी अपने सादे परिधान में रहकर मानवता, दया, करुणा एवं वैश्विक भ्रातृत्व पर ऐसा आख्यान दिए कि तत्कालीन दुनिया में भारत की दुंदुभी बज गयी थी। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने कहा कि विवेकानंदजी का पूरा विचार आज हिंदुस्तान को दिशा दे रहा है और भारत आज फिर से दुनिया में अपना परचम लहराने को तैयार है। कार्यक्रम के उपरांत विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह ने पूरे विद्यालय का समग्र अवलोकन कर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने स्कूल के बाहर सड़क की तरफ के भूभाग को अपनी निधि से सुसज्जित करा ज्ञान वाटिका के रूप में विकसित कराने की घोषणा की।

# बाइपास में ओवरहेड बैरियर अधिष्ठापित

## बाइपास के पास लगने वाली जाम से लोगों को मिलेगी निजात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** यातायात संचालन एवं विधि-व्यवस्था संधारण को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा ओवरब्रिज के पूर्वी उत्तरी सर्विस लेन (अम्बा रोड) में ओवरहेड बैरियर अधिष्ठापित कराया गया है। विदित हो कि अब बारून की ओर से आने वाले भारी वाहनों का आवागमन हसौली मोड़ स्थित अंडरपास से यू-टर्न लेकर सर्विस लेन के माध्यम से अंबा-छतरपुर मार्ग की ओर निर्धारित किया गया है। साथ ही सड़क किनारे अनधिकृत रूप से भारी वाहनों की पार्किंग किए जाने की स्थिति में संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा। इससे ओवरब्रिज एवं शहर क्षेत्र में भारी वाहनों के अनावश्यक प्रवेश



पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा तथा यातायात जाम की समस्या में उल्लेखनीय कमी आने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा इस संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए थे। तत्पश्चात अनुमंडल पदाधिकारी को एनएचएआई से समन्वय स्थापित करते हुए ओवरहेड बैरियर अधिष्ठापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की जाती है कि सुचारू, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्धारित मार्गों का पालन करते हुए यातायात नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें।

# पॉक्सो सहित अन्य मामलों में 26 आरोपितों को भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाते हुए बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 47 अपराधियों को गिरफ्तार किया है जिसमें से 26 आरोपितों को जेल भेजा गया है। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 26 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या प्रयास के शीर्ष में 3, पोक्सों में 1, शराब कांड में 9, अवैध खनन में 2 एवं अन्य शीर्ष कांड में 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 462 लीटर देसी, 3 बाइक एवं 1 ट्रैक्टर बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 918 वाहनों की जांच की गई जिसमें 68000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार, अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

# वाहनों के प्रदूषण व फिटनेस की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय द्वारा जिले के विभिन्न चिह्नित स्थलों पर प्रदूषण जांच केन्द्रों का विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान वाहनों के प्रदूषण स्तर की जांच के साथ-साथ दोपहिया वाहन चालकों द्वारा मानक हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग की सघन जांच की गई। जांच के क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा भविष्य में यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। अभियान का संचालन सुनन्दा कुमारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुजीता



कुमारी एवं मोटरयान निरीक्षक नंदन राज के नेतृत्व में सभी प्रवर्तन अवर निरीक्षक द्वारा किया गया। अभियान का प्रमुख उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा आम नागरिकों में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वाहन परिचालन के दौरान सदैव मानक हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग सुनिश्चित करें। वैध प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र अपने साथ रखें तथा यातायात नियमों का पूर्णतः पालन कर सड़क सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक महीने का अभियान नहीं, बल्कि यातायात नियमों को जीवन में अपनाना है।

# पूर्व सांसद सुशील सिंह ने पीड़ित परिवार को दिया मदद का भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह सोमवार को कुटुंबा प्रखंड के मनोरथा गांव पहुंचे और मृतका के परिजनों से मुलाकात कर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। विदित हो कि शनिवार को एनएच 139 पर बभंडी गांव के समीप सड़क दुर्घटना में देवपति कुंवर की मौत हो गई थी। मौत की खबर सुन पूर्व सांसद मृतका के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात कर यथाशीघ्र पारिवारिक लाभ एवं अन्य सरकारी सहायता दिलाने की बात कही। वहीं रिसियप थानाध्यक्ष



से पोस्टमार्टम रिपोर्ट संबंधित जानकारी ली और मृतका के परिजनों को सरकारी लाभ के अलावा व्यक्तिगत सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि कंचन गुप्ता, कृष्णा यादव, मृत्युंजय सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# विद्या निकेतन में धूमधाम से मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित विद्या निकेतन ग्रुप आफ स्कूल्स के विद्या निकेतन, किड्ज वर्ल्ड, किड्ज वर्ल्ड एवं संस्कार विद्या के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह बड़े हीं धूमधाम से मनाया गया। विद्या निकेतन में सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता, किड्ज वर्ल्ड के प्रांगण में डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर, प्राचार्य मोहम्मद् मोज़ाहिर आलम, संस्कार विद्या के प्रांगण में सीईओ आनंद प्रकाश, प्राचार्य ए के मिश्रा एवं किड्ज वर्ल्ड बाजार ब्रांच के पावन प्रांगण में विनीता कश्यप (प्राचार्य) ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की धूमधाम से शुरुआत की। इस अवसर पर चारों विद्यालयों के प्रत्येक कक्षाओं में स्वामी विवेकानंद जी के बताए आदर्शों पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा द्वितीय से लेकर पंचम तक के विद्यार्थियों के बीच लेखन प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों का वर्णन किया। सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं। उन्होंने जीरो



(0) से लेकर अनंत तक के सफर को बड़े ही सरल अंदाज में हंसते-मुस्कुराते हुए चित्रण किया और बताये कि आदमी जीरो (0) से लेकर अनंत तक के सफर को कैसे पूर्ण कर सकता है और ऊंचाइयों तक बढ़ सकता है। डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर ने कहा कि आज के युवा 'स्वामी विवेकानंद' के बताए मार्गों पर चलकर नित्य नए आयाम प्रस्तुत कर रहे हैं और उनके चेहरे की आभा और उनके तेज और उनके कुशाग्र बुद्धि को अपनाते हुए युवा देश को बहुत उच्च शिखर पर ले जाने में सफल रहे हैं। सीईओ आनंद प्रकाश ने बोलते हुए कहा कि कि आज बदलते परिवेश में छात्र-छात्राएं काफी कुशाग्र बुद्धि और तेज लिए हुए पठन-पाठन का कार्य कर रहे हैं। बच्चों को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों और उनके कुशल-बुद्धि की झलक मात्र दिखाने की जरूरत है, बच्चे उनके झलक को पकड़ के जीवन में आगे बढ़ने का प्रेरणा ग्रहण करेंगे और हम सभी विद्यालय प्रबंधन बच्चों को नित-नये ऊंचाइयों तक ले जाने में सफल भी रहे हैं और आगे भी प्रयास जारी रहेगा। इस अवसर पर विद्या निकेतन के प्राचार्य सरयू प्रसाद तांती, प्रशासक संदीप कुमार तांती, सुमित कुमार सोनी, राजेश पांडे, रमा रानी जैन, गिरजा ठाकुर, सुरेश प्रसाद, सुमन कुमारी, गिरजा ठाकुर, अर्चना ओझा, निरमा कुमारी, विभा कुमारी, शिवानी कुमारी, प्रीन्सी कुमारी, माही मजहबी, प्रज्ञा पटेल, अनुराधा कुमारी, लीलावती, सुरेश प्रसाद, अमरेंद्र कुमार, मोहम्मद मुजाहिर् आलम, एके मिश्रा, सूर्य भूषण सिंह, शशि भूषण दुबे, सुहानी सिंह, मनिशा कुमारी, लेखापाल रामानुज दुबै, रिया कुमारी, रौशन कुमार मौजूद रहे।

# सील मकान से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के मिशन स्कूल रोड स्थित गायत्री मंदिर के समीप एक मकान में आज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस मकान को पांच माह पूर्व ही फांसी की एक घटना के बाद पुलिस द्वारा सील कर दिया गया था लेकिन उसके बाद भी चोरी हो जाना प्रशासनिक कार्यशैली एवं पुलिसिया गश्ती पर कई सवाल छोड़ जाता है। रविवार की रात इस घटना में डेढ़ लाख नकद और लाखों रूपये के जेवरात की चोरी की बात सामने आ रही है। जिस मकान में चोरी हुई वह माली थाना क्षेत्र के बगाही गांव निवासी विनोद कुमार सिंह का बताया जा रहा है। सोमवार की दोपहर दो बजे विनोद सिंह के भतीजे राहुल सिंह ने बताया कि उनके चाचा विनोद सिंह के तीन बेटे हैं। पूरे परिवार के साथ वे शहर के गायत्री मंदिर मुहल्ले में रहते थे। 24 अगस्त 2025 को उनकी मंझली बहू चंदन सिंह की पत्नी ज्योति देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसकी मौत के बाद पूरा परिवार फरार हो गया था। जब नगर थाना की पुलिस जांच पड़ताल करने पहुंची तो शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद पुलिस ने मुख्य द्वार पर ताला लगाकर सील कर दिया। हालांकि, मकान के अंदर कौन कमरा खुला और कमरे की स्थिति क्या है, इसकी जांच नहीं की गयी थी। सीढ़ी पर का गेट भी खुला हुआ था। उस मकान का दो दरवाजा है। एक दरवाजे को अंदर से बंद कर दिया गया और दूसरे दरवाजे को नगर थाना की पुलिस द्वारा सील किया गया है। रविवार की रात अचानक चोरों ने सील किये गए मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसा और चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने कमरे में रखे मृत बहु ज्योति के गहने, विनोद सिंह की पत्नी के गहने, पुत्र चंदन के चेन सहित डेढ़ लाख नकद रूपये की चोरी कर ली। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि गायत्री मंदिर मुहल्ले में चोरी की घटना घटी है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

# विशेष शिविर में 45 किसानों का ई-केवाईसी और 25 फॉर्मर रजिस्ट्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर(औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ठाकुर रोड में सोमवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस क्रम में 45 किसानों का ई-केवाईसी और 25 फार्म रजिस्ट्री किया गया। एग्री स्टॉक परियोजना के अंतर्गत आयोजित शिविर में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से काफी संख्या में जनप्रतिनिधियों व किसानों ने भाग लिया। शिविर में राजस्व कर्मचारी कोमल कुमारी, कृषि समन्वयक दिलीप कुमार व किसान सलाहकार आत्मानंद मिश्र ने किसानों का ई-केवाईसी और फार्म रजिस्ट्री का कार्य किया। किसान समन्वयक मुकेश कुमार अकेला, एसएचए भावना कुमारी, किसान सलाहकार सुजीत दुबे शिविर में किसानों का ई-केवाईसी व रजिस्ट्री किया। किसान समन्वयक मुकेश कुमार अकेला ने बताया कि 45 किसानों का ई-केवाईसी किया गया है जबकि 25 किसानों का फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य किया गया है। एक भी किसान नहीं छुटे इसके लिए घर-घर और मोहल्ला-मोहल्ला जाकर काम किया जा रहा है। किसानों का समस्या यह होता है कि अधिकांश किसानों का डिमांड उनके पूर्वजों के नाम पर है।

# दो बाइकों की टक्कर में युवक घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भरथौली शरीफ के समीप दो बाइकों की टक्कर में एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान रोहतास जिले के सासाराम स्थित दबनपुर गांव निवासी बुलाकी पाल के पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि विकास अपने घर से बाइक द्वारा जम्होर थाना क्षेत्र के बड़वा गांव स्थित अपनी बुआ के घर जा रहा था। जैसे ही वह भरथौली शरीफ के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक से टकराकर घायल हो गया। घटना के बाद दूसरा बाइक अपनी बाइक लेकर फरार हो गया। वहीं विकास घटनास्थल पर ही पड़ा रहा। कुछ देर बाद जब स्थानीय लोगों ने उसे घायल अवस्था में सड़क किनारे देखा तो उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया और घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और उसका हाल जाना। पता चला कि सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए उसे रेफर कर दिया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)

सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)

पिन - 824101

मो.-9431223574,9572550076

व्हाटसप नं.-7295863300

ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com

Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.

बोकारो स्टील सिटी, बोकारो

मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269

# सुविधा, आराम और मजबूती में बेजोड़ है महिंद्रा की नई कार XUV 7XO

## कम दाम में अधिक सुविधा को लेकर बढ़ा ग्राहकों का आकर्षण, सनशाइन ऑटोज में लॉन्च हुई नई कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर में महिंद्रा के अग्रणी डीलर सनशाइन ऑटोज में महिंद्रा की नई कार XUV 7XO को लॉन्च कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, एरिया सेल्स मैनेजर शशिकांत निरंजन और समृद्धया कर ने दीप प्रज्ज्वलित किया। उनके साथ नए और पुराने ग्राहक भी मौजूद रहे। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि आराम और सुविधा के लिए महिंद्रा ने इसमें कोई कसर नहीं छोड़ी है। XUV 7XO में पैनोरमिक सनरूफ, वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें और पैसेंजर के लिए 'बॉस मोड' दिया गया है। संगीत प्रेमियों के लिए इसमें 16-स्पीकर वाला Harman Kardon साउंड सिस्टम है जो Dolby Atmos सपोर्ट के साथ आता है।



इसके अलावा वायरलेस चार्जिंग और प्रीमियम इंटीरियर थीम इसे एक लग्जरी विला जैसा अहसास देते हैं। कंपनी के सीएमडी शुभेंदू शेखर सिंह ने बताया कि इस कार के अंदर का नजारा पूरी तरह बदल गया है। इसमें सेगमेंट-फर्स्ट ट्रिपल स्क्रीन सेटअप दिया गया है, जिसमें 12.3-इंच का डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, 12.3-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट और फ्रंट पैसेंजर के लिए अलग से 12.3-इंच की स्क्रीन शामिल है। साथ ही, नया टू-स्पोक स्टीयरिंग व्हील और टच-बेस्ड इए कंट्रोल पैनल इसके केबिन को काफी हाई-टेक बनाते हैं। श्री सिंह ने बताया कि सुरक्षा के मामले में महिंद्रा ने लेवल-2 एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम के साथ 7 एयरबैग और 540-डिग्री कैमरा सिस्टम दिया है। इसमें एडैप्टिव क्रूज कंट्रोल और लेन कीप असिस्ट जैसे फीचर्स शामिल हैं। कंपनी का दावा है कि इसे Bharat NCAP में 5-स्टार रेटिंग हासिल करने के लक्ष्य के साथ डिजाइन किया गया है, जो ग्राहकों के भरोसे को और मजबूत करेगा। जीएम बलराम कुमार ने बताया कि इस कार की शुरुआती कीमत 13.66 लाख रुपये से लेकर 24.11 लाख रुपये तक एक्स शोरूम है। इसकी बुकिंग भी लॉन्च के साथ ही शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि नई XUV 7XO के बाहरी डिजाइन में बड़े बदलाव देखने को मिलते हैं। इसके फ्रंट में बूमरैंग शेप वाली ख्खक्क क्व्खप और नई डिजाइन की फ्रंट ग्रिल दी गई है जो इसे पहले से ज्यादा आक्रामक लुक देती है। पीछे की तरफ हेक्सागोनल डिजाइन वाली नई टेल-लाइट्स और साइड प्रोफाइल में नए अलॉय व्हील्स इसे एक फ्रेश और प्रीमियम एहसास कराते हैं। वहीं इंजन के मोर्चे पर कंपनी ने अपने भरोसेमंद 2.0-लीटर टर्बो पेट्रोल (200 पीएस) और 2.2-लीटर डीजल इंजन (185 पीएस) को बरकरार रखा है। दोनों इंजनों के साथ 6-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक गियरबॉक्स का ऑप्शन मिलता है। ऑफ-रोडिंग के शौकीनों के लिए डीजल इंजन के साथ ऑल-व्हील ड्राइव का ऑप्शन भी ऊंचे वेरिएंट्स में उपलब्ध कराया गया है। मौके पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील सिंह, समाजसेवी अशोक सिंह, अश्विनी कुमार, सुशील कुमार सिंह, विश्वजीत कुमार, रंजय कुमार, साकेत कुमार, सोनू कुमार, प्रवीन कुमार, अभिषेक कुमार, आनंद कुमार, राजू कुमार के साथ-साथ पूरा सनशाइन परिवार मौजूद रहा।

# सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत मामले में दो गिरफ्तार

**रफीगंज (नबिटा संवाददाता)।** नशे की हालत में शनिवार को भाम मोड़ के पास टक्कर मारने के कारण एक व्यक्ति के हुई मौत मामले में आरोपित गोह थाना क्षेत्र के थानापुर गांव निवासी मो खलील के पुत्र अफरोज उर्फ फिरोज एवं इसी गांव के नरेश यादव के पुत्र अमलेश कुमार को रफीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार को दोपहर में गोह थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी नागेंद्र बिंद के 18 वर्षीय पुत्र रवि रंजन कुमार अपनी बहन सोनम कुमारी एवं सोनम कुमारी के चार माह की पुत्री को बाइक से लेकर बहन के ससुराल इस्माइलपुर के छतिहर गांव जा रहे थे। इसी दौरान भाम मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही बुलेट बाइक से टक्कर हो गयी जिसमें घटनास्थल पर ही रवि रंजन कुमार की मौत हो गई थी। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि फिरोज एवं अमलेश नशे की हालत में लापरवाही के साथ वाहन चला रहे थे।